





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 14 | अंक: 350

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 05 अक्टूबर, 2023


**सिक्किम में बादल फटा, 23 जवान समेत 43 लोग लापता: कैंप और 41 गाड़ियां डूबीं, राज्य को देश से जोड़ने वाला हाईवे भी बहा**

# सिक्किम में बाढ़ का तांडव

## सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से भारी तबाही, पांच की मौत, उफान पर तीस्ता नदी, अलर्ट जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक

सिक्किम में मंगलवार देर रात बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 43 लोग लापता हो गए। इनमें सेना के 23 जवान हैं। मामले में पाक्योंग के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ताशी चोपेल ने सभी जवानों के मौत की आशंका जताई है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नदी से लगे इलाके में ही आर्मी कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आने के बाद बह गया और यहां खड़ी 41 गाड़ियां डूब गईं। आसपास के 4 हजार लोगों को 5 राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है। बाढ़ की वजह से राज्य को देश से जोड़ने वाला नेशनल हाईवे एनएच-10 भी बह गया। इसकी वजह से आवागमन की सुविधा बंद हो गई है। डिफेंस पीआरओ के मुताबिक, ल्होनक झील के ऊपर देर रात करीब डेढ़ बजे के आसपास बादल फटा, इसके बाद लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। नदी का जलस्तर अचानक 15 से 20 फिट तक बढ़ गया। इसके बाद नदी से लगे आसपास के इलाकों में पानी भर गया। कई घरों में भी नदी का पानी घुस आया। लोग घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में चले गए। सिक्किम में बादल फटने के बाद पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग में भी बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। राज्य के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने बताया- तीस्ता बैराज से तीन शव बरामद किए गए हैं। उनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

### एनडीआरएफ की टीम तैनात

1 एनडीआरएफ ने सिक्किम के सिंगतम से 7 लोगों को बचाया जहां बादल फटने से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। एनडीआरएफ की एक टीम गंगटोक में और दो टीमें पश्चिम बंगाल के सिक्किम से सटे इलाकों में तैनात हैं।

### 16 जून को भी बादल फटा था

2 इससे पहले सिक्किम में 16 जून को भी बादल फटा था। यहां के पेक्योन्ग में जमीन खिसकने और फिर बादल फटने से घरों में पानी भर गया था। कई लोग इससे प्रभावित हुए थे।

### आज भारी बारिश का अलर्ट

3 भारतीय मौसम विभाग ने 4 और 5 अक्टूबर के लिए पूर्वी और नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा शामिल हैं।



## उत्तरी सिक्किम में बादल फटा, कई जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त और कई पुल बहे

### मुख्यमंत्री ने किया दौरा

दूसरी ओर सिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस तमांग-गोले स्थिति का जायजा लेने के लिए सिंगतम पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम सभी हमारे राज्य में आई हालिया प्राकृतिक आपदा से अवगत हैं। प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाएं तैनात कर दी गई हैं और नुकसान का आकलन करने और स्थानीय समुदाय के साथ बातचीत करने के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से सिंगतम का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से सतर्क रहने और इस महत्वपूर्ण समय के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने कहा कि यह जरूरी है कि हम संयम बनाए रखें और अपने क्षेत्र में तेजी से सामान्य स्थिति लौटने की उम्मीद करें। सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ से संपत्तियों को बड़े पैमाने पर नुकसान होने की खबर है।

### लोगों के लिए अलर्ट

सिक्किम और कलिम्पोंग की ओर जाने वाली सभी सड़कें बंद हो गई हैं। गंभीर स्थिति को देखते हुए तिस्ता, रंगफो, सिंगतम और आसपास के अन्य क्षेत्रों के निवासियों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

सेना के प्रवक्ता ने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का स्तर अचानक

**15-20**

फीट बढ़ गया।

### तीस्ता नदी का जल स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ रहा

उफनती तीस्ता नदी के कारण प्रमुख सड़कें और पुल बह गए हैं। तीस्ता नदी का जल स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। सिक्किम में निचले इलाकों और तीस्ता नदी के किनारे रहने वाले लोगों को अचानक बाढ़ की चेतावनी दी गई है। सिक्किम में तीस्ता नदी का पानी बुधवार की सुबह सिंगतम और रंगपो जैसे निचले इलाकों में घुस गया, जिससे बाढ़ आ गई। बादल फटने से राष्ट्रीय राजमार्ग-10 समेत प्रमुख सड़कें बह गईं हैं। तीस्ता नदी में आई बाढ़ ने इंद्रेनी पुल को भी बहा दिया।

### इस साल बादल फटने की 4 बड़ी घटनाएं...

- **24 अगस्त:** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटा था। जिसमें 51 लोग फंस गए थे। एनडीआरएफ की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया था। बद्दी जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आने से पुल दो हिस्सों में टूट गया था। वहीं पंडोह में मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि एक स्कूल की बिल्डिंग नाले में बह गई थी।
- **9 अगस्त:** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में बादल फटा, जिसके कारण सिरमौरी ताल गांव में फ्लैश फ्लड से एक मकान ढह गया था। इसकी चपेट में एक ही परिवार के 5 लोग आए थे। इनमें दो बच्चे भी शामिल थे। दो लोगों के शव बरामद कर लिए गए थे।
- **22 जुलाई:** शिमला में बादल फटने के चलते आई बाढ़ में कई गाड़ियां बह गई थीं। वहीं काफी घर क्षतिग्रस्त हुए थे। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। हालांकि बारिश के चलते चंबा-पठानकोट ह॥ पर लैंडस्लाइड होने से हाईवे बंद हो गया था।
- **25 जुलाई:** हिमाचल के शिमला जिले के रामपुर में बादल फटने से भारी तबाही हुई। रामपुर ब्लॉक की सरतारा पंचायत के कंदार गांव में बादल फटने से प्राथमिक पाठशाला, युवक मंडल सहित लोगों के 6 मकान ढह गए। डेढ़ दर्जन से ज्यादा पालतू मवेशी बाढ़ में बह गए। कई घरों में पानी घुस गया और आधा दर्जन गाड़ियों को भी इससे नुकसान हुआ था।

# कार और ट्रक की भिड़ंत में आठ लोगों की मौत, सिर्फ एक बच्चे की बची जान

जन एक्सप्रेस | वाराणसी/पीलीभीत

वाराणसी में बुधवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हुआ। जिसमें 8 लोगों की मौत हुई है। फूलपुर के करखियांव में सुबह 4.30 बजे अर्टिगा कार आगे चल रही ट्रक में जा घुसी। हादसे में 5 साल के बच्चे को छोड़कर कार सवार 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 2 परिवार के लोग हैं। जो अपने परिवार के किसी सदस्य की अस्थि विसर्जित करने वाराणसी गए थे। लौटते समय वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर हादसा हो गया। हादसे के शिकार सभी पीलीभीत के रहने वाले थे।



### मां-बाप की मौत, 5 साल का बेटा घायल

मृतकों में पीलीभीत के थाना माधोटांडा स्थित रुद्रपुर निवासी विपिन यादव (28) और इनकी मां गंगा यादव हैं। रुद्रपुर के ही महेंद्र वर्मा (35) और इनकी पत्नी चंद्रकली (32) की भी मौत हुई है। महेंद्र वर्मा के भाई दामोदर वर्मा (32), दामोदर की पत्नी निर्मला देवी (28) की मौत हुई है। दामोदर का 5 साल का बेटा शांति स्वरूप घायल है। उसे वाराणसी में भर्ती कराया गया है। हालत खतरे से बाहर है। वहीं, माधोटांडा के धरमगदपुर निवासी राजेंद्र यादव ने भी दम तोड़ा है। पूरनपुर थाना के पिपरिया दुलई निवासी ड्राइवर अमन की भी मौत हुई है। वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने बताया कि शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर उनके घर वालों के सौंपा जाएगा।

### विपिन और महेंद्र का परिवार अस्थि विसर्जित करने आया था

विपिन यादव और महेंद्र वर्मा का परिवार अस्थि विसर्जन के लिए वाराणसी आया था। विपिन के पिता सत्यपाल की पिछले दिनों मौत हुई थी। वहीं महेंद्र के परिवार में भी किसी की मौत हुई थी। दोनों का गांव आसपास ही है तो एक ही कार बुक कर नौ लोग पीलीभीत से वाराणसी आए थे। यहां से लौटत समय हादसा हुआ।

### कार के पार्ट्स काटे, राड से दरवाजा तोड़ा फिर शव निकाला

कार इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है कि शव उसी में फंसे रह गए। आसपास के गांव के लोग पहुंचे तो शव निकालने की कोशिश की। आसानी से शव नहीं निकल पाए। कुछ लोगों के शव कार की डिक्गी की साइट से निकाले गए तो आगे और बीच में बैठे लोगों के शव कार के पार्ट्स काट कर निकालने पड़े। लोहे की राड से दरवाजे को तोड़ा गया। फिर जाकर कार सवार सभी नौ लोगों को निकाला गया। आठ की मौके पर ही मौत हो गई थी, एक बच्चा घायल है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### हादसे पर सीएम योगी ने जताया शोक

हादसे पर सीएम योगी ने शोक जताया है। योगी आदित्यनाथ ऑफिस के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट कर यह जानकारी दी गई है। लिखा, सीएम योगी ने जनपद वाराणसी में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के अच्छे इलाज के लिए कहा है। उन्होंने बाबा विश्वनाथ से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

### एयरबैग खुला, लेकिन कार पिचकी तो सब दब गए

टक्कर इतनी तेज होती है कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह पिचक जाता है। घटना वाली जगह को देखकर ऐसा लग रहा कि ट्रक में फंसी कार करीब दो-तीन सौ मीटर घसीटती चली गई।

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक का निधन

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

**डॉ.स्याद की कुछ दिन पहले ही हुई थी बाईपास सर्जरी**

पूर्व विधायक डा. स्याद अली के आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे निरीक्षण भवन में मौजूद जन समूह में अफरा- तफरी का माहौल हो गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बुधवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रतापगढ़ पहुंचते ही अपने नेता से मिलने वाले लोगों का तांता लग गया। पूर्व विधायक डा स्याद अली भी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने निरीक्षण भवन पहुंचे। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद जैसे ही डॉक्टर अली दो कदम चले कि अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ जाने के कारण सुरक्षा गार्डों के सहारे उन्हें बाहर लाया गया। थोड़ी ही देर में डा अली के निधन की जानकारी सार्वजनिक हुई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने पूर्व विधायक के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# उज्ज्वला सिलेंडर पर सब्सिडी 200 से बढ़कर 300

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार 4 अक्टूबर को उज्ज्वला योजना में 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी को 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए करने की घोषणा की। भोपाल में सब्सिडी के साथ यह सिलेंडर पहले 708 रुपए में मिल रहा था, अब 608 रुपए में मिलेगा। उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इस स्कीम को 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में लॉन्च किया गया था। इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में 6,100 करोड़ खर्च हुए थे।

### अगस्त में दाम 200 रुपए घटाए थे

इससे पहले अगस्त में रक्षाबंधन से ठीक पहले सरकार ने एलपीजी सिलेंडर के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। ये कटौती सभी के लिए की गई थी। इस कटौती के बाद भोपाल में बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर की कीमत 1108.50 रुपए से घटकर 903.50 रुपए हो गई थी।

### उज्ज्वला योजना में आवेदन करने के लिए जरूरी पात्रता

- आवेदक महिला होनी चाहिए।
- महिला की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- महिला बीपीएल परिवार से होनी चाहिए।
- महिला के पास बीपीएल कार्ड तथा राशन कार्ड होना चाहिए।
- आवेदक के परिवार के किसी सदस्य के नाम पर एलपीजी कनेक्शन नहीं होना चाहिए।

### फ्री में मिलता है गैस सिलेंडर

योजना के तहत लाभार्थियों को पहली बार में गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा फ्री में दिया जाता है। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है। अब तक देश में 9.6 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। अगस्त में कैबिनेट ने योजना के तहत 75 लाख लाभार्थियों को और जोड़ने की मंजूरी दी थी।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# सांसद विनोद सोनकर ने डेरवा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- सरकार के विकास कार्यों की आम जनमानस ने की सराहना
- समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही योजनाएं: विनोद सोनकर

जन एक्सप्रेस | कुंडा/प्रतापगढ़



केन्द्र सरकार के नौ वर्षो के विकास कार्यों को बुधवार को नगर पंचायत डेरवा के विभिन्न वार्डो में सांसद कौशांबी,सभापति संसदीय आचार समिति लोकसभा,प्रभारी दादरा नगर हवेली एवं दमनदीव विनोद सोनकर आम जनमानस से मिलकर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। अपरान्ह 01.30 पर नगर पंचायत डेरवा बाजार के सराय इंद्रावत पश्चिमी में सांसद विनोद सोनकर ने उपस्थित जनता के बीच बताया कि मोदी सरकार में विकास कार्य आम जनमानस तक पहुंचा। आज योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी को मिल रहा है। सरकार की मंशा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। अब कुंडा बाबागंज का विकास कार्य रुकने वाला नही है। 2014 से जो विकास का रथ चला था। उससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उपस्थिति जन समूह ने मोदी सरकार के विकास कार्यों की सराहना की। सांसद विनोद सोनकर ने शेषपुर चौरास पूर्वी,शेषपुर चौरास पश्चिमी, सबलगढ़ उत्तरी, सबलगढ़ पश्चिमी, सराय इंद्रावत उत्तरी,भावनपुर, खटवारा, महियामऊ दक्षिणी, बिकरा पूर्वी में सम्पर्क से समर्थन मांगा। उपस्थित जन समुदाय ने हांथ उठा कर अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला अध्यक्ष हरि ओम मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, भोला सेठ, सरोज त्रिपाठी, प्रधान सूरज शुक्ल, उमेश तिवारी, हिमांशु मिश्र, ज्ञानेंद्र मिश्र, मायापति तिवारी, प्रधान ज्ञान चंद्र यादव, मनीष शुक्ल, राम कुमार कोरी, राज मिश्र, बड़े लाल मौर्य, विजय पाल सरोज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**रिपोर्ट** अमेठी के सैनिक स्कूल प्रबंधन ने दो दर्जन से अधिक छात्रों को स्कूल से निकालने का जारी कर दिया है नोटिस

# वाह री अफसरशाही, बजट जारी हुआ पर सैनिक स्कूलों में अभी तक नहीं पहुंची छात्रवृत्ति

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- अमेठी, झांसी और मैनपुरी के सैनिक स्कूलों को पिछले तीन साल से जारी नहीं हुई थी छात्रवृत्ति
- जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से उठाया मामला तो जुलाई में शासन ने जारी किया था बजट
- अफसरों के ढुलमुल रवैये की वजह से अभी तक स्कूलों में नहीं पहुंची है छात्रवृत्ति, खामियाजा भुगत रहे बच्चे

**लखनऊ।** सरकारी ढर्रे ने उत्तर प्रदेश के सैनिक स्कूलों का बेड़ा गर्क कर रखा है। पहले तो शासन स्तर से अमेठी, मैनपुरी और झांसी के सैनिक स्कूलों की छात्रवृत्ति 3 साल से जारी ही नहीं की गई। जन एक्सप्रेस ने लगातार मामले को उठाया तो शासन ने मामले का संज्ञान लिया और आखिरकार जुलाई 2023 में सैनिक स्कूल की छात्रवृत्ति के मद में बजट जारी किया गया। दुर्भाग्य यह है कि अभी भी इन सैनिक स्कूलों में छात्रवृत्ति नहीं पहुंची है। फीस का भुगतान न होने पर स्कूलों से बच्चों को निकालने की नोटिस दिए जा रहे हैं। अमेठी के सैनिक स्कूल प्रबंधन ने दो दर्जन से अधिक छात्रों को स्कूल से निकालने का जारी कर दिया गया है। अमेठी, झांसी और मैनपुरी के सैनिक स्कूल सरकारी कार्यशैली की भेंट चढ़ रहे हैं। सरकार द्वारा फंड जारी किए जाने के बाद भी अफसरों ने इन स्कूलों की छात्रवृत्ति नहीं भेजी है। तीन साल तो छात्रवृत्ति न मिलने पर यहां के छात्रों ने जैसे-जैसे अपना अस्तित्व बचाए रखा। अब पानी उनके सर के ऊपर जा रहा है। कारण की उन्हें स्कूल प्रबंधन की ओर से नोटिस पर नोटिस थमाए जा रहे हैं।

सैनिक स्कूल की फीस जमा करने में असमर्थ अभिभावकों के पास अब कोई विकल्प नहीं बचा है। सैनिक स्कूल की तरफ से नोटिस भेजे जा रहे हैं कि जल्द से जल्द वह फीस जमा करें नहीं तो उनके बच्चों को स्कूल से निकाल दिया जाएगा।

### सीएम योगी, आपके अफसर लापरवाह तो हैं ही, संवेदनहीन भी हो गए हैं

लापरवाही की भी एक हद होती है। सैनिक स्कूल में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावकों का दर्द है उन्होंने सैनिक स्कूल में एडमिशन करा कर लगता है गुनाह कर दिया। वह पूछ रहे हैं अगर उत्तर प्रदेश सरकार के किसी अधिकारी की पढ़ाई छात्रवृत्ति न मिलने की वजह से अधूरी रह जाए तो उनके मन पर क्या गुजरेगी। अगर उन्हें इस बात का अहसास हो जाए तो वह शासन द्वारा जारी की गई राशि को तुरंत अवमुक्त कर इन सैनिक स्कूलों के बच्चों का भविष्य बनाने में मदद करेंगे। वो सीएम योगी से कह रहे हैं आपके अफसर लापरवाह तो हैं ही, संवेदनहीन भी हो गए हैं।

### जन एक्सप्रेस को दर्द और साक्ष्य भेज रहे हैं माता-पिता

3 साल से अमेठी, मैनपुरी और झांसी के सैनिक स्कूलों की छात्रवृत्ति न मिलने के मामले को जब जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता और तथ्यों के साथ उठाया तो शासन ने भी मामले का संज्ञान लिया और छात्रवृत्ति के मद में करीब 5 करोड़ रूपया जारी किया। इससे अभिभावकों का उत्साह बहुत बढ़ गया। उन्होंने फोन और पत्र भेज कर जन एक्सप्रेस का आभार जताया। लेकिन बजट जारी होने के बाद भी जब छात्रवृत्ति स्कूलों में नहीं पहुंची तो उनके हाथ एक बार फिर निराशा लगी। इसलिए उन्होंने जन एक्सप्रेस को अपना दर्द और साक्ष्य साझा किए। हम एक बार फिर उनका दर्द शासन की जिम्मेदार अफसरों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।



हाय कितना 'भोला' यूपी सरकार सैनिक स्कूलों से पूछ रही, किस मद से दें पैसा

मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों को 3 साल से नहीं मिली है छात्रवृत्ति

- तीनों सैनिक स्कूल की छात्रवृत्ति के लिए शासन को जारी करने हैं लगभग 5 करोड़ रुपए
- जल्द से जल्द धन की व्यवस्था करने की जगह शासन के नुमाइंदे सैनिक स्कूलों के प्रिंसिपल से पूछ रहे किस मद से दें पैसा
- छात्रवृत्ति न मिलने से फीस जमा करने के पड़ रहे लाले, सैनिक स्कूलों से बच्चों को निकालने की आ रही नौबत

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**क्या शासन को ही अपनी व्यवस्था का पता नहीं?**

**सभी की उम्मीदों पर पानी फेर रहा शासन का रवैया**



## सैनिक स्कूलों पर उत्तर प्रदेश सरकार का अत्याचार

मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों में पढ़ रहे प्रदेश के विद्यार्थियों को सरकार ने 3 साल से नहीं दी है छात्रवृत्ति

- 1 वर्ष में एक विद्यार्थी से करीब 1,62,000 शुल्क वसूला जाता है सैनिक स्कूल में
- निम्न और मध्य आय वर्ग के विद्यार्थी पढ़ते हैं इन स्कूलों में, बच्चों को सैनिक स्कूलों से निकालने को मजबूर हो रहे माता-पिता
- लगातार तीन साल से छात्रवृत्ति न मिलने से चरमरा गई है सैनिक स्कूल में पढ़ रहे छात्रों के परिजनों की अर्थव्यवस्था

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। कभी सैनिक स्कूल में प्रवेश लेने के लिए मारामारी रहती थी। आज उन सैनिक स्कूलों से बच्चों को निकालना माता-पिता की मजबूरी हो रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार खुद सैनिक स्कूलों के साथ अत्याचार कर रही है। प्रदेश सरकार ने पिछले तीन साल से मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों में पढ़ रहे प्रदेश के बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं दी है। सेना और सैनिकों को प्राथमिकता पर बताने वाली प्रदेश सरकार का रवैया भविष्य के सैनिकों को लेकर निराशाजनक दिख रहा है। मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति जारी न करना सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। मैनपुरी, अमेठी और झांसी इन तीनों शहरों के सैनिक स्कूल में इस वक्त लगभग 12 सौ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इनमें से अधिकतर निम्न और मध्य आय वर्ग परिवारों से आते हैं। सैनिक स्कूल के एक वर्ष का एक विद्यार्थी का खर्च लगभग 1,62,000 रूपये आता है। एक बच्चे की इतनी फीस अदा करना इन परिवारों के सामर्थ्य के बाहर है। छात्रवृत्ति ना मिलने के कारण अब अपने बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ाना इनके लिए चुनौती बन गया है। अगर जल्द ही शासन स्तर से छात्रवृत्ति जारी नहीं हुई तो मजबूरन कई बच्चों को सैनिक स्कूल छोड़ना पड़ेगा।

**अभिभावक मुख्यमंत्री से कर चुके हैं शिकायत**

मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों को छात्रवृति न मिलने का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच चुका है। अभिभावकों ने सीएम योगी को पत्र लिखकर अपना दर्द बयां किया है। कहा है कि शासन से छात्रवृति न मिलने के कारण बच्चों की पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो रहा है। सभी ने सीएम से जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग की है।

**शासन ने नहीं दी है 5 करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति**

सूत्रों के अनुसार मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों को शासन से पिछले तीन साल से छात्रवृत्ति की रकम जारी नहीं की है। यह रकम लगभग 5 करोड़ रूपये है। छात्रवृत्ति न मिलने से एक ओर बच्चों की शिक्षा दांव पर लगी है वहीं, सैनिक स्कूलों की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही है। जबकि हीलाहवाली शासन स्तर से है।

**सैन्य पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को मिल रही छात्रवृत्ति**

सैनिक स्कूलों में पढ़ रहे वो छात्र जिनके माता-पिता सेना में हैं उन्हें नियमित छात्रवृत्ति मिल रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि सैनिकों के बच्चों को छात्रवृत्ति का भुगतान रक्षा मंत्रालय करता है। ▶ शेष पेज 10 पर...

### क्या गुजर रही है बच्चों के मन पर ?

सैनिक स्कूल में पढ़ रहे जिन बच्चों के मन में सैनिक व सैन्य अधिकारी बनने के सपने हों, वही उनके जीवन का लक्ष्य हो, लक्ष्य को पाने के लिए वह तन मन धन से समर्पित हों और उसके बाद सरकार की खता की वजह से ऐसे बच्चों को सैनिक स्कूल से निकलना पड़े तो क्या उनके मन में सेना और सैन्य प्रतिष्ठान के प्रति लगाव कम नहीं होगा। शासन में उच्च पदों पर बैठे आला अधिकारियों के लिए यह फरियाद या शिकायत सामान्य श्रेणी की होंगी लेकिन इससे नौनिहालों के मन पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। उन्हें लग सकता है कि जिस सैनिक स्कूल में उन्हें सरकार की लापरवाही की वजह से पढ़ने ही नहीं दिया गया तो फिर सेना में भर्ती होने का क्या फायदा।

# जल शक्ति मंत्री ने किया बरूवा बांध का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




जलशक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को बरुवा बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान बरुवा बांध रेनोवेशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए सभी कार्य मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक कराये जाने को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नहर व बांध के जंगल की सफाई न होने से जेई व एइ को फटकार लगाते हुए सफाई के सख्त निर्देश दिए।

जलशक्ति मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि किसानों को रबी फसल की बुवाई के लिए समय से पानी मिल सके। इसके लिए जिले के सभी नहरों की सफाई समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जलशक्ति मंत्री से पूर्व मंत्री चंद्रिका उपाध्याय ने रसिन बरुवा लिंक परियोजना को पूर्ण करने की मांग की। उन्होंने जलशक्ति मंत्री से बताया कि रसिन बांध में बहुत ज्यादा पानी रहता है, जो वर्षा के समय बहकर बर्बाद होता है। यदि यह परियोजना को बना कर बरुवा बांध में मिला दिया जाय तो हजारों किसानों को बहुत बड़ा लाभ प्राप्त होगा। इस परियोजना को पूरी कराने के लिए सिंचाई मंत्री ने आश्वासन दिया है। साथ ही सिंचाई मंत्री ने सिंचाई विभाग के दोनों डिविजन के अधिशासी अभियंता को बांध के अंदर बड़े टीलो को हटाने का प्रोजेक्ट बना कर भेजने को निर्देशित किए है।

## तीन जुआरी जुआ खेलते हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक प्रदीप कुमार तथा उनकी टीम द्वारा ग्राम भौंरी से अमित मिश्रा पुत्र हरिगोपाल मिश्रा, संतोष कुमार उपाध्याय पुत्र स्व जगदंबा प्रसाद, प्रदीप मिश्रा पुत्र राजा भाई निवासीगण ग्राम भौंरी को ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से जामा तलाशी से 1280 रुपये तथा मालफड़ रुपया 1600 रुपये व 52 ताश के पत्ते बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना रैपुरा में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक अजय बहादुर सिंह, आरक्षी अजीत यादव, राम मूरत मिश्रा, राजमंगल बिन्द आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण में गायब सफाई कर्मियों का रोका वेतन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



खंड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को लगभग आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। जिसमें मौके पर खामियां पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक सप्ताह में सुधान न होने पर होगी कठोर कार्यवाही।

खंड विकास अधिकारी रामनगर शैलेंद्र सिंह ने लगभग आधा दर्जन ग्राम पंचायतों रामनगर, लोधौरा बरेठी, बांधी, देऊधा, रामपुर गांवों का भ्रमण कर ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री आवास मनरेगा के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों जायजा लिया। इस दौरान लोधौरा बरेठी में तैनात दो सफाई कर्मी नदारत मिलने पर सफाई कर्मी राकेश कुमार का अक्टूबर माह का वेतन रोकने तथा निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बाधी में तैनात सफाई कर्मी लवलेश नदारत रहा। जिसकी वेतन रोकने की कार्रवाई की गई। साथ ही रामपुर में कंपोजिट विद्यालय तथा दिव्यांग शौचालय न होने पर सचिव आशीष सिंह को एक सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराने के लिए निर्देशित किया।

# जहर खुरान को त्वरित न्यायालय ने सुनाई दो साल की सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

एनडीपीएस एक्ट के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को न्यायालय ने दो वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 17 फरवरी 2014 को मानिकपुर के तत्कालीन जीआरपी थाना प्रभारी भुवनेश्वर पाण्डेय, हमराही मदन मोहन, कैलाश बाबू, भूपेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो में संदिग्ध लोगों की जांच कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म नम्बर एक पर आने पर संदिग्ध स्थितियों में बांदा जिले के कमाशिन थाने के लोहरा गांव के ओझा नगर निवासी विनय यादव पुत्र दयालू यादव उर्फ साधु को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान विनय के पास से 125 ग्राम नशीला पाउडर डायजाफाम बरामद हुआ और उसने बताया कि यात्रियों से दोस्ती बनाकर खाने-पीने की चीजों में यह पाउडर मिलाकर उन्हें बेहाश कर देता है।

इसके बाद उनका सामान लेकर खिसक जाता है। जीआरपी ने इस मामले में अभियोग पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को न्यायालय ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दोष सिद्ध होने पर आरोपी विनय यादव को दो वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## अहमदाबाद में हुआ चित्रकूट के जय अवस्थी का सम्मान




जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

कवि जय अवस्थी को गौरव साहित्य सम्मान से दो अक्टूबर को अहमदाबाद में राष्ट्रीय एकता समिति एवं साहित्य विकास परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। कवि जय अवस्थी पहले भी साहित्य के क्षेत्र में अनेकों सम्मानों से सम्मानित हो चुके है। जनपद में तुलसी काव्य मंच के संस्थापक और एक बेहतरीन कवि और राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय उपाध्यक्ष के रूप में भूमिका निभाने वाले कवि को सम्मान मिलने पर तुलसी काव्य मंच ने खुशी जताई है और जनपद के साहित्यिक संस्थान, परहित सेवा संस्थान और रास्ट्रिय कवि संगम ने खुशी व्यक्त की है।

# एक की मौत के बाद, नर्सिंग होम को स्वास्थ विभाग ने किया सीज

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



शहर के शान्तीनगर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल संचालक समेत स्टाफ फरार हो गया। जब इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई तो टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को शांत कराया और अस्पताल को सील करते हुए संचालक से तीन दिनों के अंदर अस्पताल का पंजीकरण प्रमाण पत्र व मरीज के उपचार संबंधी प्रपत्रों को तलब किया है।

बताते चलें कि हथगाम थाना क्षेत्र के अकबरपुर सोराही गांव निवासी सूरजपाल 55 को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए शहर के शान्तीनगर स्थित संगम हेल्थ केयर सेंटर में परिजनों ने भर्ती कराया। चिकित्सक उसका इलाज कर रहे थे तभी उसकी मौत हो गई। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काट दिया। हंगामा देख अस्पताल संचालक व स्टाफ फरार हो गया। परिजनों ने चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप मढ़ा। हंगामे की खबर सुनकर पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन परिजन अस्पताल पर कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। उधर जब इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई तो सीएमओ के निर्देशन में एक टीम अस्पताल पहुंची और अस्पताल को सील करते हुए तीन दिनों के भीतर नर्सिंग होम संचालक से पंजीकरण प्रमाण पत्र के अलावा मरीज को दिये गये उपचार के प्रपत्र तलब किया हैं। इस विषय पर सीएमओ का कहना रहा कि शहर में बिना पंजीकरण चलने वाले नर्सिंग होमों के खिलाफ जल्द अभियान छेड़ा जायेगा। मरीजों के साथ खिलवाड़ करने वाले अस्पताल संचालको के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किया जायेगा।

## अवैध शराब के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 4 आरोपियों के कब्जे से 75 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

मारकुण्डी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक प्रभाशंकर सचना तथा आरक्षी शुभम द्वारा आयूब खान पुत्र सिद्दकी तथा घनश्याम पुत्र रामहित निवासीगण कैलाहा को 15-15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में मारकुण्डी थाने के उप निरीक्षक रमजानी खां तथा आरक्षी शिवलाल द्वारा रामनरेश पुत्र राजाराम निवासी बरौनीतीर को 15 क्वार्टर देशी के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द ने बताया कि उप निरीक्षक अजहर जमाल व आरक्षी सतीश यादव द्वारा लवकुश पाण्डेय पुत्र सीताराम निवासी ग्राम इटखरी को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# जिम्मेदारों के लड़खड़ाये सिंहासन, सत्याग्रह स्थल पहुँच दिया लालीपॉप

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर



विजयीपुर-गाजीपुर मार्ग निर्माण के लिए बीते दो अक्टूबर से नरैनी चैराहे पर जारी सत्याग्रह बुधवार को तीसरे दिन मां दुर्गा की आराधना के साथ शुरू हुआ। दुर्गा चालीसा पाठ में सम्मिलित होने के लिए लोग दिन भर अनशल स्थल पर पहुंचते रहे। वही दसे दिनो के सत्याग्रह से अधिकरियो के सिंहासन डगमगाने लगे और सत्याग्रह स्थल तक दौड शुरु कर दिया।

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति तथा सड़क संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने दो अक्टूबर से सत्याग्रह जारी किया है। बीआरएस के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा तीन दशकों से बदहाल पड़े सड़क की सुधि लेने वालों ने वर्षों तक यमुना तटर्वती गांव के लोगों से धोखा किया है। ईश्वर उन्हें माफ नहीं करेगा, जिनकी वजह से कई गर्भवती माताओं की दुखद मौते हो गई। कई युवा साथियों ने संसार और परिवार का सुख नहीं देखा। वही ससत्याग्रह मे उत्साह और ठोस ईरादे के चलते जहॉ किशनपुर की थाना पुलिस के तमाम प्रयासे के बाद भी सत्याग्रह रोकने मे नाकाम रही और पीडब्लूडी के आलाधिकारियो के सिंहासन डगमगाने लगे।

सत्याग्रह के तीसरे दिन अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अनिल कुमार शील अपनी टीम के साथ सत्याग्रहियों से वार्ता करने पहुँचे और वही पुराना लालीपाप देकर सत्याग्रह को बन्द कराने की कूटरचना शुरु कर दिया कहा कि सडक निमार्ण की स्वीकृति मिल गयी है और बजट मिलते ही काम शुरु कर दिया जायेगा।

जबकि सत्याग्रहियो ने काम शुरु होने तक आन्दोलन को चलने की बात कहते हुये अधिशाषी अधिकारी के लालीपाप को नकार दिया। सत्याग्रह कर रहे लोगो ने बताया कि इसके पहले भी कई बार निमार्ण स्वीकृत की घोषणा करके धोखाधड़ी किया जा चुका है। अब नही चलेगा स्वीकृत और आश्वासनो का दौर अब निमार्ण शुरु होने तक आन्दोलन चलाया जायेगा। वार्ता मे बडी सख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## 10गो तस्करों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में गौ-तस्करी जैसे संगीन अपराध कारित करके आर्थिक, भौतिक एवं बुनियादी लाभ अर्जित करने वाले 10 आरोपियों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी।

रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय द्वारा गैंगलीडर अजमेर अली उर्फ छोटू पुत्र मुन्ना खान निवासी बछरन थाना पहाडी, भान सिंह नायक उर्फ गुल्लू पुत्र कन्ना सिंह निवासी पोगरी थाना सोहागपुर, कृष्णा नायक पुत्र अमरा नायक निवासी खेतौली थाना सुहागपुर, शंकरपुर अजय नायक पुत्र अमरा नायक निवासी नेपनिया थाना सुहागपुर, देवा नायक पुत्र हेमा नायक निवासी पटासी थाना सुहागपुर जिला शहडोल मध्य प्रदेश, रमेश कुमार पुत्र शंकर निवासी बछरन थाना पहाडी व मान सिंह पुत्र खोईया निवासी पैकोरामाफी थाना रैपुरा के विरुद्ध थाना रैपुरा में गैगेस्ट अधिनियम पंजीकृत कराया गया। इसी प्रकार बहिलपुरवा थानाध्यक्ष राम सिंह द्वारा गैंगलीडर जैसा नायक पुत्र खेमा नायक, राजेश पुत्र दुखवा कोल निवासीगण पोगरी थाना सुहागपुर जनपद शहडोल मध्य प्रदेश, तेजा नायक पुत्र प्रेमा नायक निवासी घाटा थाना करण पठार जनपत अनूपपुर मध्य प्रदेश के विरुद्ध थाना बहिलपुरवा में गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत कराया गया।

## प्रशासन व पुलिस के बीच त्रिशंकु बने पीड़ित भूमिधर

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर

धाता थाना क्षेत्र मे भूमिधर पीडिता प्रशासन व पुलिस प्रशासन के बीच त्रिशंखु बनकर रह गयी और दमंग भूमिधरी जमीन पर दिन रात निमार्ण कर रहे है।

पीड़िता अपने हिस्सेदारो के साथ तहसील प्रशासन सहित थाना पुलिस के बीच तहरीर लेकर दौड रही है। जब कि गॉव के दमंग पर अबैध कब्जा करके भवन निमार्ण कर रहे है। निम्बीपर निवासी रेखादेवी व रामदीन तथा रामहित ने उपजिलाधिकारी सहित थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि गॉव मे अर्पित, रामसजीवन, रामचन्द्र, शिवमिलन, शिवचन्द्र व हरिश्चन्द्र ने जबरन मेरे भूमिधरी जमीन पर अबैध कब्जा करके भवन निमार्ण कर रहे है। जिसके लिए पुलिस सहायता मांगी तो मौके पर पहुॅची पुलिस ने काम रोकवा दिया लेकिन पुलिस के जाते ही बेखौफ दबंग ने फिर से काम शुरू कर दिया। पीड़िता अपने हिस्सेदारों के साथ उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रोकवाने की मांग करती फिर रही है।

उपजिलाधिकारी ने आश्वासन दिया लेकिन मौके पर दबंग बेखौफ होकर निर्माण कर रहे हैं। पीड़ित भूमिधर पुलिस सहित प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। जहॉ प्रशासन अवैध कब्जा रोकवाने का आश्वासन दे रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग से आदेश लाने का रट लगा रहा है। जब कि दमंग पीडित को धमकाकर मौके से भगा रहे है और धमकी दे रहे है। वही पीड़ित तहरीर लेकर चौखटों मे दस्तक देकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने की महिला कल्याण योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर




राज्य मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला ने विकास भवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक किया। पोषण माह के सफल संचालन एवं फीडिंग में प्रदेश में नम्बर-1 आने पर बाल विकास परियोजना विभाग की पूरी टीम को बधाई दिया और कहा महिलाओ के उत्थान के लिए ऐसे ही कार्य करते रहे।

राज्य मंत्री ने कहा कि नगर क्षेत्र में आगनबाड़ी केंद्र किराए पर संचालित है। उनको प्रस्ताव बनाकर नए आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने की प्रक्रिया को नियमनुसार कार्यवाही शुरू किया जाय। साथ ही आंगनबाड़ी के नए केंद्र बनाने के लिए संबंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए क्षेत्रवार जमीन का चिन्हांकन करा लिया जाय। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण के सुधार के लिए पोषण वाटिका बनाई जाय।

शासन की मंशानुरूप पुष्टाहार का वितरण समय से कराया जाय और शत-प्रतिशत फीडिंग भी समय से करायी जाय। आंगनबाड़ी केंद्रों का समय-समय निरीक्षण करते रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी समूहों को क्रियाशील करके अपना उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करे और उनके उत्पाद को बाजार में सही मूल्य दिलाने का कार्य करे। जिसके लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रेरणा बाजार बनाई जाय। जिससे कि समूह महिलाएं अपना उत्पाद बनाकर बेचकर सशक्त बन सके। उन्होंने महिला कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। निराश्रित महिला पेंशन महिलाओ को शत-प्रतिशत दिया जाय साथ ही पेंशन धारकों के जो खातों का वेरिफिकेशन का कार्य शेष है को पूरा करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी के साथ निर्वाहन करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, डीपीओ प्रोबेशन, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## जन औषधि केन्द्रों का नही मिल रहा आम जनों को लाभ

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्रो सरकार के मंसानुसार नही मिल पा रहा आम जनो को लाभ चिकित्सको के पर्चे मे जन औषधि केन्द्रो की दवाये नही शामिल हो पा रही है। जिससे मरीजो को महंगी दवाये बाजारो से लेना पड रहा है। जब कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि आम जनो को सस्ता और अच्छा ईलाज उपलब्ध कराया जाय लेकिन कमीसन खोरी और केन्द्रो मे फैले भ्रष्टाचार के चलते आम जनों तक सस्ता ईलाज नही पहुॅच पा रहा है।

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों का संचालन करके आम जनो तक सस्ता और अच्छा इलाज पहुॅचाने की मंशा दिवा स्वप्न ही बनता जा रहा है। जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ केन्द्रो मे चलने वाली ओपीडी मे डॉक्टरो द्वारा जन केन्द्रो मे उपलब्ध दवायें नहीं लिखी जा रही है। जिले में कुल 18 केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें अनेक कारणों से आधा दर्जन केन्द्र मात्र कागजो मे ही दौडाये जा रहे। वहीं संचालित केन्द्रों में दवाओं का अभाव बना ही रहता है। जबकि डॉक्टरो द्वारा कमीशन खोरी के चलते जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध दवायें पर्चे मे नही लिख रहे हैं। जिससे जन औषधि केन्द्र संचालक का कहना है कि बिक्री न होने के चलते दुकानों का किराया तक नही निकल पा रहा है और बन्दी के कगार मे पहुॅच रहे है। वही मरीजो को बाजारो से महंगी दवाये लेना पड रहा है। सरकार की मंसा के अनुरुप डाक्टरो और जन औषधि केन्द्रो का सही तालमेल न होने के करण गरीबो को सस्ता और अच्छा ईलाज नही उपलब्ध हो पा रहा है। जिला अस्पताल मे ईलाज कराने आये रामदीन, सुरजबली, नेम चन्द्र सहित दर्जनो मरीजो से बात करने पर बताया गया कि डॉक्टरो द्वारा पर्चे मे जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध दवाये नहीं लिख रहे जिससे बाहर से महंगी दवायें लेना पड़ रहा है और जेबे ढीली हो रही है। वही सरकारे सस्ता और अच्छा ईलाज का दावा कर रही।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 05 अक्टूबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.6 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.6 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 61 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अवैध निर्माण अगर हो करवाना तो केडीए के जोन दो जरूर आना







जन एक्सप्रेस/कमलेश फाइटर

✻ मरियमपुर, सरोजनी नगर, रंजीत नगर, पांडु नगर, शिवाजी नगर में देखने लायक हैं मानकों के विपरीत निर्माण

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो में क्षेत्रीय जिम्मेदारों से सांठ गांठ करके बिल्डर अवैध निर्माणों की झड़ी लगा चुके हैं। जिम्मेदारों की एक निर्माण कर्ता पर तो ऐसी दया हो गई है कि वह निर्माण कर्ता बिना नक्शा पास कराए ही अपने निर्माण को तान चुका है पूर्व में भी इस निर्माण कर्ता ने लगभग तीन हजार वर्ग मीटर में बिना नक्शा पास कारण अपना निर्माण तान दिया था और बाद में सेटिंग करके नक्शा दाखिल किया गया था। लेकिन पूर्व में तैनात रहे क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारियों ने इस निर्माण कर्ता को बगल में अवैध निर्माण करने से रोक दिया था । इन सभी के ऊपर बैठे उनके प्रवर्तन प्रभारी को तो अवैध निर्माण दिखाई ही नहीं देते और सबसे बड़ा ब्रह्मास्त्र धारा 27 और 28 का नोटिस निर्माण कर्ता को अंत तक बचाता रहता है। कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन दो में आनंदपुरी शास्त्री नगर में दिनेश मनमानी के द्वारा क्षेत्रीय जिम्मेदारों से सांठ गांठ करके प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शे के विपरीत जाकर मानक विहिन अवैध निर्माण किया गया है साथ ही साथ काफी हिस्सा रोड और फुटपाथ का भी कब्जा कर लिया गया है। इस मामले में पूर्व पार्षद राजेन्द्र प्रताप कटियार द्वारा कई शिकायतें की गई लेकिन नीचे से लेकर ऊपर तक बैठे अधिकारियों को सिर्फ और सिर्फ कलम से खेल खेलना आता है लगातार अवैध निर्माण होता जा रहा है और वह सिर्फ 27 और 28 का नोटिस काट रहे हैं। जेके मंदिर की ओर जाने से पहले पांडव नगर की ओर मुड़ी रोड कॉर्नर पर ही एक बहुत बड़ा अवैध निर्माण हो चुका है जो क्षेत्रीय जिम्मेदारों को नहीं दिखाई दे रहा है। इस निर्माण कर्ता द्वारा घरेलू नक्शा पास कराने के बाद कमर्शियल निर्माण कर लिया गया है। साथ ही साथ देवेंद्र जॉली के द्वारा जो अवैध निर्माण कराया गया और कराया जा रहा उस पर सरकार को चैलेंज कर दिया गया है।

## हाई कोर्ट में रिजवान सोलंकी की याचिका पर सुनवाई टली, नजीर फातिमा के वकील ने दाखिल किया वकालतनामा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर





अनुज कुमार मिश्रा, अधिवक्ता

सपा विधायक इरफान सोलंकी के भू माफिया भाई रिजवान सोलंकी द्वारा अग्निकांड मामले में हाई कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में सुनवाई की तारीख बढ़ गई है। दाखलि याचिका पर तारीख बढ़ाने का कारण यह रहा कि अग्निकांड की मुकदमा वादी नजीर फातिमा की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा द्वारा न्यायमृति राजवीर सिंह की कोर्ट में उपस्थित होकर अपना वकालत नामा दाखिल करने के बाद कोर्ट से समय मांगा गया कि जिससे कि वह अपना पक्ष रख सकें। वहीं दूसरी ओर याचिका दायर करने वाले रिज़वान की तरफ से वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता मनीष तिवारी कोर्ट में उपस्थित रहे।अब इस मामले में अगली सुनवाई दस अक्टूबर को होगी। ज्ञातव्य हो कि अग्निकांड मामले की सुनवाई कानपुर की ज़लि अदालत में दिन प्रतिदिन हो रही है। इस मामले में कानपुर पुलिस इरफान सोलंकी रिज़वान सोलंकी समेत अन्य को जेल भेज चुकी है। सिर्फ इरफान सोलंकी को छोड़कर सभी आरोपियों की हाईकोर्ट इलाहाबाद से जमानत याचिका मंजूर भी हो चुकी है। खुद की जमानत मंजूर हो जाने के बाद रिजवान सोलंकी ने एप्लीकेशन 482 देकर हाईकोर्ट इलाहाबाद से गुहार लगाई थी जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी थी लेकीन सुनवाई के समय पीड़िता बेवा नजीर फातिमा की ओर से विद्वान अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा ने अपना वकालत नामा दाखिल करने के बाद अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा है। अधिवक्ता अनुज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रिजवान सोलंकी द्वारा दाखिल की गई याचिका में कोर्ट के सामने याचना की गई है कि पुलिस कॉल डिटेल और डाटा विवेचना में शामिल नहीं कर रही है जिस पर अनुज कुमार मिश्रा द्वारा अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया गया कि खुद उनके गवाह ने कोर्ट में बताया है की घटना के समय रिजवान सोलंकी समेत सभी लोग मौके पर मौजूद थे । दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति द्वारा आगामी 10 अक्टूबर को सुनवाई के लिए तारीख नियत कर दी गई है।

## शौर्य जागरण यात्रा आज शहर में करेगी भ्रमण

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

विश्व हिन्दू परिषद कानपुर की वीरभूमि झांसी से 30 सितंबर को आरम्भ हुई बजरंग दल के नेतृत्व में शौर्य जागरण यात्रा कानपुर प्रान्त के 21 जिलों का लगभग 2000 किलोमीटर लम्बा भ्रमण करते हुए प्रभु श्रीराम जी की तपोभूमि श्री चित्रकूट धाम से होते हुए बाबा विश्वनाथ के धाम काशी 10 अक्टूबर को पहुंचकर संपन्न होगी। शौर्य जागरण यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है, यह यात्राएं पूरे भारतवर्ष में हो रही हैं, स्थान स्थान पर धर्मप्रेमी सनातन भगिनी बन्धु यात्रा में सबसे आगे चल रहे रथ में विराजमान बलवंत हनुमान जी महाराज की आरती उतार कर पुष्पवर्षा कर स्वागत कर रहे हैं। भावविभोर राष्ट्रप्रेमी भगिनी बन्धु स्थान स्थान पर अपने वाहनों संसाधनों से आकर यात्रा में सम्मिलित होते हैं, सभी प्रखंडों से भी जुलूस बनाकर ऊर्जावान जनमानस यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यात्रा के साथ पूज्य संत भी चल रहे हैं, उनका आशीर्वाद भी दोनों सभाओं में प्राप्त होगा। कानपुर महानगर में यह यात्रा आज प्रातः नानाराव से आरंभ होकर तय मार्ग से होते हुए पूर्वाह्न 11:00 बजे बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर पहुंचेगी। वहां पर विशाल सभा संपन्न होगी।

## जिला कृषि रक्षा अधिकारी का ककवन क्षेत्र में छापा, छह दुकानों से सैंपल लिए

✻ जिला कृषि अधिकारी द्वारा 15 दिन पूर्व उर्वरक का सैंपल लिया गया था वह फेल हो गया है

✻ उत्पादन से लेकर बिक्री तक सभी पर कठोर कार्रवाई होगी : जिला कृषि अधिकारी

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से मिलावटी खाद बिक्री हो रही है कृषि विभाग के अधिकारी सो रहे हैं किसानों द्वारा फोटो ऑडियो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह सहित पूरी टीम ने 15 दिन पहले बिषधन की एक दुकान में मिलावटी खाद की शिकायत पर उर्वरक की सेंपलिंग की गई थी 2 दिन पहले सैंपल की रिपोर्ट में खाद मानक नहीं पूरी कर पाई जिससे दुकान मालिक पर मुकदमा देखने की तैयारी कृषि विभाग कर रहा है। लेकिन उसमें यह भी नहीं सुराग लग पा रहा है कि यह आई है तो किन-किन दुकानों पर कहां-कहां उतरी है जबकि ऑनलाइन बिक्री का चल रहा है इसके बाद भी प्रशासन नहीं खोज पा रहा है आखिरकार सभी सुविधा शुल्क के नीचे दब जाते हैं और किसानों के साथ धोखा होता है चाहे कितनी भी योगी सरकार शक्ती कर ले लेकिन जिला स्तर मे बैठे हुए अधिकारी और बाबू अपने सुविधा शुल्क के आगे किसानों के साथ धोखा करवा रहे हैं आखिरकार मिलावटी खाद बेचने वाले और खाद उत्पादन करने वाली कंपनियों और सप्लाई करने वालों पर क्या मुकदमा लिखा जाएगा या महज सिर्फ बिक्री करने वाले पर ही मुकदमा लिखकर कृषि विभाग इतश्री कर लेगा जबकि यह सबसे छोटी कड़ी है यह किसानों को देने का काम कर रही है जो उत्पादन कर रहे हैं और कहां-कहां किन-किन दुकानों में वह माल भेज रहे हैं वहां पर कृषि विभाग कब पकड़ पाएगा यह तो सिर्फ किसानों द्वारा ही अधिकारियों को बताया गया है कि यहां पर जो खाद बिक्री हो रही है वह काम नहीं कर रही है इस पर यह कदम उठाया गया है जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह ने बताया कि मुकदमा लिखने की तैयारी हो रही है दूसरा इसमें जो-जो शामिल है उत्पादन से लेकर बिक्री तक सभी पर कठोर कार्रवाई होगी। जिला कृषि रक्षा अधिकारी सलीमुद्दीन ने बुधवार को खाद, बीज और कीटनाशक दबा की 6 दुकानों पर अचानक छापा मारकर ककवन क्षेत्र में सैंपल भरे हैं।



## पहाड़पुर में नव दिवसीय राम कथा आरम्भ

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

बीते दिन बुधवार को नव दिवसीय राम कथा का आरम्भ भारतीय जनता पार्टी के नेता मनोज गुप्ता उर्फ सोनू भैया के द्वारा कराया गया जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे । महाराजपुर विधानसभा के वार्ड 87 के पहाड़पुर श्रीनगर बीएलसीएल सोसाइटी में मनोज गुप्ता उर्फ सोनू भैया के तत्वाधान में 9 दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ बुधवार को शोभा यात्रा निकालकर किया गया। जानकारी देते हुए बताया गया कि श्रोता गण संत चरण दास महाराज के मुखारविंद से 9 दिन प्रतिदिन 2:00 बजे से 5:00 बजे तक कथा का रसपान कर सकते हैं। इस दौरान अजीत, अमित गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, राजन पंडित मौजूद रहे।

## शहर के सेंट्रल जोन में 18 उप निरीक्षकों किए गये इधर-उधर

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

पुलिस उपायुक्त सेंट्रल के निर्देश पर एक बार फिर ट्रांसफर एक्सप्रेस बहुत तेजी से चली है जिसमें 18 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण कर इधर से उधर कर दिया गया है। आपको बताते चलें बीते दिन बुधवार को पुलिस उपायुक्त सेंट्रल प्रमोद कुमार के निर्देश पर 18 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है जिसमें महिला उप निरीक्षक श्रीमती महादेवी को जे.के. मंदिर थाना नजीराबाद से थाना सीसामाऊ, महिला उप निरीक्षक श्रीमती अनीता वर्मा को थाना स्वरूप नगर से जे.के. मंदिर थाना नजीराबाद, उप निरीक्षक रणवीर सिंह चौकी प्रभारी हलीम कॉलेज थाना चमनगंज से रिक्त चौकी प्रभारी शास्त्री नगर थाना काकादेव, उप निरीक्षक हसन जैदी थाना ग्वालटोली से चौकी प्रभारी हलीम कॉलेज थाना चमनगंज, उप निरीक्षक हिमांशु त्यागी थाना कर्नलगंज से चौकी प्रभारी शास्त्री नगर, उप निरीक्षक दीपक तिवारी पीआरओ डीसीपी सेंट्रल से चौकी प्रभारी गुमटी नंबर 5 थाना फजलगंज, उप निरीक्षक अभिनेश शर्मा चौकी प्रभारी गुमटी नंबर 5 थाना फजलगंज से पीआरओ डीसीपी सेंट्रल, उप निरीक्षक विपिन कुमार थाना नवाबगंज से थाना रायपुरवा, कुलदीप थाना स्वरूप नगर से थाना कर्नलगंज, उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह पदोन्नति होने के फल स्वरूप थाना सीसामाऊ हेडमोहररिर से थाना नजीराबाद, उप निरीक्षक इसरार अहमद थाना बजरिया से थाना कर्नलगंज, उप निरीक्षक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह थाना काकादेव से थाना बजरिया, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह सेंट्रल जोन से थाना रायपुरवा, उप निरीक्षक मनोज कुमार पाठक सेंट्रल जोन से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना स्वरूप नगर, उप निरीक्षक विनय प्रताप सिंह सेंट्रल जोन से थाना अनवरगंज, उप निरीक्षक जय सिंह सेंट्रल जोन से थाना बेगमगंज, उप निरीक्षक कुशल पाल सेंट्रल जोन से थाना रायपुरवा, उप निरीक्षक धर्मदेव सेंट्रल जोन से थाना बजरिया किया गया है।

## होटल की आड़ में चल रहा था वैश्यालय ए.डी.सी.पी. की टीम का छापा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

शहर के थाना फीलखाना क्षेत्र में होटल की आड़ में चल रहे एक वैश्यलय पर एडीसीपी पूर्वी आकाश पटेल की अगुवाई में छापेमारी करके सैक्स रैकेट का पर्दाफाश किया गया है। छापेमारी में तीन लड़कियां, दो लोग सौदा कराने वाले, एक कर्मचारी, एक ग्राहक मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाना फीलखाना क्षेत्र स्थित रॉयल ग्लैक्सी होटल आशू गुप्ता नाम के व्यक्ति का है जिससे किराए पर लेकर समरजीत नाम का व्यक्ति इसे चलाता था। दयाशंकर तिवारी एवं पूजा दुबे इसमें दलाल का काम करते थे एवं इनके माध्यम से ही ग्राहक यहां आते थे। प्रत्येक ग्राहक से छह सौ रूपए लिए जाते थे जो सभी के बीच बांटे जाते थे। लड़किया कानपुर एवं आस पास के ही जिलों से हैं जिनकी अलग अलग मजबूरी का फायदा उठाकर बहला फुसलाकर इस धंधे में लाया गया था। लड़कियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन या अन्य सार्वजनिक स्थान पर कोई लड़का उनसे बात करना शुरू करता था एवं उनकी मजबूरी जानकर उन्हे इस होटल एवम धंधे के बारे में बताता था। पुलिस टीम को भारी मात्रा में उपयोग किए हुए कंडोम एवम कंडोम के पैकेट,2400 रुपए नगद 9 मोबाइल फोन मिले हैं।दयाशंकर तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी, निवासी शुक्लागंज पूजा दुबे पत्नी गौरव दुबे, निवासी किदवईनगर अश्विनी गुप्ता उर्फ आशू जितेंद्र कुमार राम किशन गौतम को गिरफ्तार किया गया है समरजीत फरार है।

## सिंहपुर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर के डॉक्टरों द्वारा आईसीयू एनआईसीयू के नाम पर मरीज के साथ किया जा रहा धोखा

जन एक्सप्रेस/सनी राव मोघे





**कानपुर नगर।** सिंहपुर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर जो की बिठूर थाना क्षेत्र के मैनावती मार्ग पर स्थित है। यहां पर डॉक्टरों द्वारा मरीज को आईसीयू और एनआईसीयू नाम के लॉलीपॉप दिखाकर मरीज को एडमिट किया जा रहा है। ख्योरा कटरी व सिंहपुर के आसपास गांव से आए मरीजों का इलाज किया जा रहा है। आपको बताते चलें स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप मानक होने पर ही आईसीयू और एनआईसीयू व्यवस्था हॉस्पिटल में मरीज को दी जा सकती है। लेकिन सिंहपुर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर मानक के अनुरूप नहीं बना है। इसके बाद भी अस्पताल संचालक मरीज को आईसीयू और एनआईसीयू का लॉलीपॉप देकर एडमिट कर रहे हैं। जबकि कानपुर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो किसी के पास भी आईसीयू और एनआईसीयू व्यवस्था चलाने की परमिशन नहीं है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सिंहपुर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर में डेंगू के मरीज भी भर्ती किया जा रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कब हॉस्पिटल पर जांच कर कार्यवाही करते हैं।

## राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने 88वां स्थापना दिवस मनाया

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ने बुधवार को अपना 88वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर माननीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति मुख्य अतिथि थीं। पूर्व छात्र संगठन के सचिव प्रोफेसर डी. स्वेन के स्वागत भाषण के बाद, शर्करा अभियांत्रिकी के सहायक आचार्य संजय चौहान ने 1936 में अपनी स्थापना के बाद से संस्थान की यात्रा का विवरण दिया जिसमें संस्थान के द्वारा न केवल अपने देश में बल्कि विभिन्न अन्य देशों में शर्करा उद्योग की वृद्धि और विकास में दिए गए योगदान के बारे में बताया। निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने अपने संबोधन में संस्थान की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के 06 पूर्व छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जो अपने स्वयं के उद्यम स्थापित करते हुए जॉब क्रिएटर्स बन गए। राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने संस्थान को उसके अच्छे काम के लिए बधाई देते हुए कहा कि किसानों को उनके प्रयासों और ऊर्जादाता के रूप में उनके योगदान के लिए भी बधाई देती हूं। आप दूसरों के लिए प्रेरणा के स्रोत बनने जा रहे हैं क्योंकि हम भविष्य में अपनी चीनी और इथेनॉल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए गन्ने की प्रति हेक्टेयर अधिक उपज प्राप्त करना चाहते हैं।

## सीएसजेएमयू की सानिया दानिश ने डिस्कस थ्रो में जीता रजत पदक




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर

स्थानीय छत्रपति शिवाजी स्टेडियम कानपुर विश्वविद्यालय में चल रही दो दिवसीय उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा तृतीय अंडर 23 एज ग्रुप की प्रतियोगिता मे बुधवार को सीएसजेएमयू की सानिया दानिश ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीता। बताते चले कि यह प्रतियोगिता चार और पांच अक्टूबर को आयोजित होनी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने सानिया दानिश की उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने बेहतरीन प्रदर्शन द्वारा शहर और विद्यालय का नाम रोशन करने वाले ऐसे खिलाड़ियों पर गर्व होता है। क्रीड़ा सचिव डॉ.आशीष कटियार ने छात्रा को शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि छात्रा को कोचिंग से संबंधित हर संभव मदद मिलती रहेंगी। इस अवसर पर खिलाड़ी सानिया दानिश ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए कोच राहुल दीक्षित को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कोच से प्रशिक्षण प्राप्त कर वह प्रदेश स्तर पर मेडल लाने का हर संभव प्रयास करेंगी।

## पति और ससुरालीजनों से पीड़ित विवाहिता ने लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर



शहर के नेहरू नगर में रहने वाली पायल पुत्री भगत सिंह ने कानपुर प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता कर बताया कि उनका हिंदू रीतिरिवाज से विवाह रावतपुर निवासी कृष्ण गोपाल पुत्र दयाराम के साथ 3 मार्च , 2016 को हुआ था। शादी के दौरान दान दहेज भी दिया गया था । उनका एक पुत्र भी हुआ जो अब 5 वर्ष का हो गया है। ससुराल वालों ने साजिशन 13 मार्च, 2017 को गर्भावस्था में ही उन्हें घर से निकाल दिया था । पति से घरेलू हिंसा, गुजारा भत्ता, तलाक व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा विचाराधीन है। पायल ने आगे बताया कि कचहरी में तारीख पर आते जाते पति कृष्ण गोपाल व जेठ ओम प्रकाश और उनके मित्र लोग आय दिन धमकियां देते हैं कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो बहुत बुरा होगा तुम्हें व बेटे को मरवा देंगे। पायल ने अपने पति व ससुरालिजनों पर उचित कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पुलिस प्रसाशन से अनुरोध कर रही है ,इसके साथ ही अपनी सुरक्षा भी चाहती है, जिसके कारण वह कानपुर प्रेस क्लब पहुंचकर प्रेस वार्ता कर अपनी आप बीती बता रही है।

## कृषक समिति की बैठक आठ अक्टूबर को सभागार में होगी आयोजित

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर





चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रत्येक माह 5 तारीख को संपन्न होने वाली चंद्रशेखर कृषक समिति की बैठक इस माह 8 अक्टूबर रविवार को संपन्न होगी। यह जानकारी देते हुए कृषक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह 5 तारीख को कृषक समिति की बैठक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय के सभागार में आयोजित होती है जो इस माह 8 अक्टूबर को किसान मेला प्रांगण में प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि इस समिति की बैठक में प्रदेश के कई जनपदों से प्रगतिशील किसान प्रतिभाग करते हैं। जिसमें विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा उन्हें नवीनतम खेती-बाड़ी एवं पशुपालन की जानकारियां दी जाती हैं। डॉ.खलील खान ने बताया कि किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसानों की बिक्री के लिए रबी फसलों जैसे चना, मटर,मसूर,सरसों आदि के उत्तम गुणवत्ता के बीज उपलब्ध रहेंगे जिन्हें किसान अपनी बुवाई के लिए खरीद सकेंगे। डॉक्टर खान ने किसानों से समय पर किसान मेले में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या ने किया जनपद में स्थलीय निरीक्षण

**बाल अधिकार को लेकर विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक, स्कूली वाहनों की नियमित चेकिंग करने के दिए निर्देश**



जन एक्सप्रेस | अमेठी

उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या अनीता अग्रवाल ने बुधवार को जनपद के विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। एवं विकास भवन सभागार में बाल अधिकार संरक्षण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जिला अस्पताल में पीकू वार्ड का निरीक्षण किया तथा बच्चों के लिए अस्पताल में मौजूद सुविधाओं को देखा एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तदोपरान्त प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र मनीपुर का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की एवं 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। इसके बाद राजकीय आश्रम पद्धति असैदापुर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गौरीगंज का निरीक्षण किया तथा छात्रों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।विकास भवन सभागार में बाल संरक्षण अधिकार से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक किया।

बैठक के दौरान उन्होंने जिला बेसिकशिक्षा अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं एआरटीओ को स्कूली वाहनों की नियमित चेकिंग करने के साथ ही बच्चों के बैग को भी चेक करने को कहा। तथा बीएसए व डीआईओएस को सप्ताह में एक बार बच्चों से संबंधित मामलों को लेकर जनसुनवाई करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने श्रम विभाग व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से बाल श्रम को रोकने के लिए होटलों, ढाबों एवं ईंट भट्टों पर अभियान चला कर रेस्क्यू करने के साथ ही लोगों को बाल श्रम के विरुद्ध जागरूक करने को कहा। बैठक में उन्होंने भिक्षावृत्ति को रोकने एवं भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों का नामांकन विद्यालयों में करने को कहा।

आबकारी विभाग को नशे के विरुद्ध अभियान चलाने को कहा। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी न्यायिक राम केवल त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकार गौरीगंज मयंक द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, बीएसए संजय तिवारी, डीआई ओएस रीता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजली करेंट की चपेट में आने से बेजुबान मवेसी की हुई मौत

## बाल-बाल बचा भैंस चराने गया नाबालिग बच्चा

जन एक्सप्रेस | तिलोई/अमेठी



तहसील के मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा शाहमऊ बार्डर के पूरे गुलजार की रहने वाली राजिया बानों का नाबालिक लड़का भैंस चराने गया था। जहां शाहमऊ स्थित शन्नो देवी सुरभि बालिका इंटर कॉलेज के सामने सड़क के किनारे भैंस चारा रहा था की वहीं पर लगा बिजली का खंभा के स्टे तार से काफ़ी दिनों से करेंट उतर रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा मौखिक रूप से किया था। लेकीन कोई भी विद्युत विभाग का कर्मचारी सही करने नही आया। वहीं बुधवार को बिजली खंभा के स्टे तार से उतर रहे करेंट की चपेट में आने से एक भैंस की तड़प तड़प कर मौत हो गई।

वहीं भैंस चरा रहे नाबालिक बच्चा बिजली की चपेट में आने से बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर उक्त घटना की जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई। लेकीन कई घंटे बीत जाने के बाद भी विद्युत विभाग का कोई भी जिम्मेदार घटनास्थल पर नही पहुंचें। जिससे ग्रामीणों ने काफ़ी आक्रोश व्यक्त हैं। वहीं इस संबंध में विद्युत विभाग तिलोई के अधिशासी अभियंता सतेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

# आबकारी छापेमारी में 45 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन अभियोग पंजीकृत

जन एक्सप्रेस | अमेठी



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को जनपद के क्षेत्र अमेठी के थाना संग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम सरैया कनु, धरौली में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। करीब 250 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। इस कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक अमेठी व आबकारी सिपाही सम्मलित रहे। साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।

# अमेठी ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस | अमेठी

ब्लॉक प्रमुख अमेठी मंजू मौर्य के खिलाफ 47 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पारित किया है। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमेठी मंजू मौर्या के विरुद्ध 47 सदस्यों के नोटरी युक्त शपथ पत्र के साथ प्राप्त अविश्वास प्रस्ताव पत्र की नोटिस पर विचार करने हेतु 19 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे क्षेत्र पंचायत कार्यालय अमेठी के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के सत्यापन हेतु तीन सदस्य समिति का गठन किया गया है। जिसमें उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव खंड विकास अधिकारी अमेठी विनय कुमार वर्मा को नामित किया गया है। कमेटी को 12 अक्टूबर को न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज में पूर्वाह्न 11:00 बजे संलग्न क्षेत्र पंचायत सदस्यगणों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस के साथ प्रस्तुत किए गए, शपथ पत्रों के सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कर सत्यापन रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी कार्यालय को उपलब्ध कराना है।

# मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत विकास खंड पर इकट्ठा किये गए मिट्टी कलश

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अमेठी के नेतृत्व में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में विकास खंड संग्रामपुर में ब्लॉक प्रमुख के अगुआई में सभी ग्राम पंचायतों के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश को एकत्रित किया गया। जिसमे जिला पर्यटन अधिकारी महेंद्र मिश्रा उपनिदेशक डॉक्टर आराधना राज एवं खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती, सरिता सिंह महिला मंडल जिला संयोजिका,ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।युवा,युवती मंडल के पदाधिकारी गण एक साथ ब्लॉक पर कलश को लेकर गाजे बाजे के साथ पहुंचे। और एक स्थान पर कलश को एकत्रित किया गया।समस्त ग्राम पंचायतों के मिट्टी के कलश से मिट्टी को मिलाकर उससे एक कलश जनपद स्तर पर भेजने के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम में विशेष रुप से सरैया बड़ागांव के प्रधान सोनू सिंह आदि भी इस कलश यात्रा में सम्मिलित हुए।राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकास शुक्ल,सीमा यादव युवा मंडल सदस्य रमेश कुमार विकास सिंह एवं खन्ड विकास अधिकारी कार्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल ने की डीएम से शिष्टाचार मुलाकात



जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु मालवीय व जिला अध्यक्ष विजय प्रधान के निर्देशन में बुधवार को जिला वरिष्ठ महामंत्री अम्बरीश मिश्रा के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के प्रतिनिधि मंडल ने नवागत जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की व व्यापारी मुद्दों पर जिलाधिकारी को अवगत कराया। नवागत जिलाधिकारी द्वारा व्यावसायिक मुद्दों को त्वरित निपटाने हेतु आश्वासन दिया गया। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य अमर बहादुर सिंह, जिला संरक्षक गिरधर गोपाल, जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरी, गुलाब जयसवाल, जिला महामंत्री मनीष साहू, नगर अध्यक्ष दिनेश गिरी, सतनाम सिंह, अंकित कसौधन, नारायण राय, नारायण कसौधन, आदि कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# अद्यतन तकनीक में निपुणता खोलेगी सफलता के नए द्वार: रमेश मिश्रा

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक. तथा पालीटेक्निक के सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए चल रहे स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम ÷दीक्षारम्भ 2023' में आज महत्वपूर्ण सेशन्स का आयोजन किया गया। आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूरत कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित मुख्य अतिथि एवं एकेडमिक प्रभारी रत्नेश सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को बेसिक्स को ध्यान में रखना एवं महत्वपूर्ण चीजों को सदा नोट करते रहते और डायरी की महत्ता को सफलता के लिए आवश्यक बताया अपने संबोधन के दौरान उन्होंने छात्रों से तकनीकी रूप से स्वयं को अपडेट रखने की भी अपील की। उन्होंने छात्रों को अपनी कंपनी के माध्यम से प्लेसमेंट के लिए भी आश्वस्त किया। कार्यक्रम के अन्त में संयोजक राघवेंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में ह्यूमेनिटीज तथा अप्लाइड साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संस्थान के एकेडमिक प्रभारी रत्नेश सिंह, इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षक डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ विमल गुप्ता, डॉ जीशान वकील, संजय सोनकर, कौस्तुभ कुन्दन, प्रदीप द्विवेदी, जे पी मिश्रा, मनोज भार्गव, अखंड प्रताप सिंह, अनमोल सिंह, स्तुति सिंह, ग्रीष्मा श्रीवास्तव तथा बी.टेक. एवं पालीटेक्निक प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं शहर विधायक विनोद सिंह ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए 'दीक्षारम्भ 2023' कार्यक्रम की सराहना की।

# मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर मनाया जश्न

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** हर साल की तरह इस साल भी 17 रवी उल अव्वल को सरकारें दो आलम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा और इमाम जाफर सादिक अ.स. के जन्म दिन के मौके पर अंजुमन ए इमामिया लौहर दक्षिण की तरह से जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया गया। जुलूस पूरे गाव में गस्त करते हुए वहाज्जूद्दीन के दरवाजे से होते हुए इमामबाड़े मे पहुंचा वहाँ पर एक महफिल शेरो शायरी का आयोजन किया गया। ज़िसमें पहले तकरीर हुई जिसको मौलाना शबाब जलालपुरी ने खेताब किया इसके बाद मुकामी शायरों के अलावा बाहरी शायर मुदस्सिर जौनपुरी शंहनशाह मिर्जापुरी मुनव्वर जलालपुरी मौलाना शकील सुलतानपुरी ने नाते पाक व कसीदा पढ़ा। इस प्रकार रात भर शेरो शायरी कर के जश्न मानाया गया यह जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर असोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# मजार के मुताव्लि ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

जिले में सुन्नी वक्फ बोर्ड में दर्ज मजार की जमीन पर प्राइवेट बस स्टैंड व मछली मंडी लगाने का मामला सामने आया है। यही नहीं मुताव्लि का कहना है कि वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण भी किया गया है। उन्होंने सीएम से पूरे मामले की शिकायत करके न्याय की गुहार लगाया है। दरअस्ल ये पूरा मामला कोतवाली नगर अंतर्गत पांचोपीरन दरगाह की जमीन से जुड़ा है।

दरगाह के मुताव्लि अकबर अली ने बताया कि दरगाह पांचोपीर वक्फ नंबर 851 सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ में दर्ज है। दरगाह पर कुछ अराजकतत्व मछली मंडी लगाना चाहते हैं। इससे पहले 2011 में वहां पर बाधमंडी बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। उस समय सांसद वरुण गांधी थे। हम लोगों की मीटिंग हुई कि बाधमंडी को कही पर शिफ्ट किया जाए। उस समय हमारे प्रधान थे बड़काऊ उन्होंने बेचूखा के पुरवा के सामने बाधमंडी एलाट कर दिया। निषाद समुदाय को वह बाधमंडी दे दी गई। अब क्या है कि कुछ अराजकतत्व चाह रहे हैं कि वहां मछली मंडी लगा दिया जाएं। हमारे यहां दरगाह पर सावन में मेला लगता है। उर्स मनाया जाता है। मकर संक्रांति मनाया जाता है। जिसमें बाहर के लोग आते हैं। डेढ़ से दो लाख की भीड़ होती है। मेला लगाने के लिए, पार्किंग के लिए और सब चीजों के लिए वक्फ बोर्ड की तरफ से स्थान चिन्हित किया गया है। हमारा हाईकोर्ट में भी केस चल रहा है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। हमको पता चला तो हम सीआरओ को इस बात से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 15 दिनों तक उस जगह पर कोई भी अतिक्रमण नहीं करेगा। जब तक जांच चलेगी कोई भी पार्टी उस पर अतिक्रमण नहीं करेगी। दरगाह पर जात-बिरादरी के लोग आते हैं। यह किसी एक का नहीं है।

# पुरस्कार वितरण समारोह के साथ एनटीपीसी में हिंदी पखवाड़ा संपन्न




जन एक्सप्रेस | ऊंचाहार/रायबरेली

एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण के साथ राजभाषा हिंदी का पखवाड़ा महोत्सव संपन्न हुआ। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 से 29 सितंबर 2023 तक ऊंचाहार परियोजना में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध लेखन, सुलेख, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, लोकगीत गायन व नोटिंग-ड्राफ्टिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी, आवासीय परिसर स्थित आवासीत महिलाएं व बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में विजेता बनने की होड़ रही।

परियोजना प्रमुख मंदीप सिंह छाबड़ा ने विजेताओं को पुरस्कार देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने परियोजना के सभी कर्मचारियों से अपील की कि वह कामकाज में गौरव बोध के साथ हिन्दी का ही प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि समय के साथ प्रचार-प्रसार के सभी क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग और उसका बढ़ावा दिनोंदिन सफलीभूत होता जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में हिन्दी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। आज हिंदी का प्रचलन इतना बढ़ गया है। यहां तक कि वर्तमान में विदेशों में भी हिन्दी के पठन-पाठन और व्यवहार की स्वीकार्यता हो गई है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन व सेफ्टी अकादमी) डॉ. अनिल कुमार डैंग, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) स्वप्न कुमार मंडल सहित अन्य सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने डीएम संग किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | रायबरेली

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई,पानी और विद्युत की व्यवस्था देखी। उन्होंने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना।

प्रभारी मंत्री ने मरीज से उनको मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने औषधि कक्ष का भी निरीक्षण किया और चीफ फार्मासिस्ट से चिकित्सालय में उपलब्ध दवाओं और उसके स्टाक के विषय में जानकारी ली। इससे संबंधित अभिलेखों का भी उन्होंने परीक्षण किया। चीफ फार्मासिस्ट ने प्रभारी मंत्री को बताया कि चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध है। सीएमएस महेंद्र मौर्य ने प्रभारी मंत्री को बताया कि चिकित्सालय में सभी सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी मरीजों को नियमित दवाई उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र भी उपस्थित रहे।

# बेलगाम हो गये हैं एक्सईएन सलोन: बसन्त सिंह बग्गा

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में व्यापारियों ने रायबरेली जनपद की प्रभारी मन्त्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला से मिलकर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण उपखण्ड सलोन को हटाये जाने की मांग की।

दिये गये शिकायती पत्र में लिखा गया है कि कस्बा सलोन की जनता विद्युत विभाग के द्वारा दिये जा रहे फर्जी बिल एवं कनेक्शन काटने की धमकियों से प्रातड़ित है। विद्युत विभाग अधिक लोड बताकर लोगों को परेशान करते हैं। विद्युत कनेक्शन जोड़ने के नाम पर धन उगाही करते हैं।विद्युत कनेक्शन तो आसानी से मिल जाता है लेकिन विद्युत पोल लगाये जाने के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। विद्युत पोल न होने के कारण आए दिन अप्रिय घटनायें भी घटित होती है।एक्सइन चाटुकारों से घिरे रहते हैं और सेटलमेन्ट के नाम लोगों से धन उगाही का कार्य करते हैं। श्री बग्गा ने कहा कि एक्सइन सलोन बेलगाम हो चुके हैं, जनहित से इनका कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि अविलम्ब इनका स्थानान्तरण नहीं किया गया तो व्यापार मण्डल सड़कों में उतरकर संघर्ष करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सत्येन्द्र रस्तोगी, मोनू अरोड़ा, राधे मोहन रस्तोगी, दीपक विश्वकर्मा, अल्तमस राईनी, गोपाल मोदनवाल, मोहित साहू, दीपक साहू, सतीश गुप्ता, सत्यम जायसवाल, सुनील साहू, बबलू मोदनवाल, मुमताज आदि लोग रहे।

# इमरान मसूद की कांग्रेस वापसी

## इस तरह बदल सकते हैं चुनावी समीकरण, कांग्रेस के प्लान बी को मिलेगी मजबूती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पश्चिम में अल्पसंख्यकों के बीच गहरी पैठ रखने वाले पूर्व विधायक इमरान मसूद एक बार फिर कांग्रेस का हाथ पकड़ने जा रहे हैं। वह सात अक्तूबर को अपने समर्थकों के साथ दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे। विधानसभा चुनाव 2022 से ठीक पहले इमरान मसूद सपा में आए। उन्हें भरोसा था कि वह खुद के साथ ही अपने सहयोगियों को साइकिल पर सवार करते हुए सियासी मैदान में उतरेंगे, लेकिन निराशा हाथ लगी। सपा ने इमरान मसूद को भी टिकट नहीं दिया। चुनाव के बाद वह बसपा में चले गए। बसपा ने उनकी भाभी को मेयर का टिकट दिया, लेकिन हार गईं। पिछले दिनों उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ की तो बसपा ने पार्टी से निष्काषित कर दिया। अब वह फिर से कांग्रेस में घर वापसी कर रहे हैं। पूर्व विधायक का कहना है कि पहले से ही कांग्रेस में आस्था थी, अब दोबारा से अपने घर वापसी कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में टिकट के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान के आदेश का पालन करेंगे। सहारनपुर लोकसभा सीट हो या फिर कैराना अथवा बिजनौर जहां से आदेश होगा, वहीं से मैदान में उतरेंगे।



### कांग्रेस में एंट्री से बदलेगा चुनावी समीकरण

इमरान मसूद की कांग्रेस में एंट्री के बाद लोकसभा चुनाव का समीकरण भी बदल सकता है। इमरान मसूद की मुस्लिम समाज के वोटरों में काफी अच्छी पकड़ है। कांग्रेस पहले से ही इंडिया गठबंधन में शामिल है। यदि इमरान को लोकसभा चुनाव का टिकट मिलता है तो वह मुस्लिम वोटरों को साधने में कामयाब हो सकते हैं। इमरान मसूद पहले भी तीन बार सहारनपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि उन्हें जीत नहीं मिल सकी थी, लेकिन हर बार चुनाव हिंदू-मुस्लिम हुआ। ऐसे में भाजपा और गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है, जिसमें जीत-हार का अंतर बेहद कम रह सकता है।

### कांग्रेस, सपा, बसपा अब फिर कांग्रेस

इमरान मसूद 1987 में राजनीति में आ गए थे। 2001 में पहला चुनाव नगर पालिका सहारनपुर में चेयरमैन के पद पर लड़ा था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 2006 में नगर पालिका के चेयरमैन बने। वह सहारनपुर जिले की मुजफ्फराबाद सीट (अब बेहट सीट) से साल 2007 में निर्दलीय विधायक रहे हैं। इमरान 2013 में कांग्रेस में आ गए थे। विधानसभा चुनाव 2022 से पहले जनवरी में उन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था। इमरान को यहां पर टिकट नहीं मिला था, जिस पर इमरान ने सपा को अलविदा कहकर बसपा में एंट्री मार दी थी। करीब डेढ़ माह पहले इमरान ने राहुल गांधी की तारीफ कर दी थी। इसके बाद उन्हें बसपा से निष्कासित कर दिया गया था।

## एलएलबी के छात्र का न्यूड वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में एक एलएलबी के छात्र को अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह ने ब्लैकमेल कर 77 हजार रुपये वसूल लिये। गिरोह में शामिल युवती ने उसका 30 सेकेण्ड की बातचीत के दौरान अश्लील वीडियो बना लिया था। गिरोह की लगातार डिमांड बढ़ती देख छात्र ने बीबीडी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बिहार के चंपारण निवासी छात्र ने बताया कि 30 सितंबर की रात 11.30 बजे एक वीडियो कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही दूसरी तरफ की युवती ने कपड़े हटाने शुरू कर दिए। कॉल कटने के कुछ ही देर बाद उसी नंबर से फोन आया और बात करने वाले युवक ने कहा कि आपका अश्लील वीडियो रिकार्ड हो गया है। यदि पुलिस केस नहीं चाहते हो तो इस अकाउंट नम्बर में एक लाख रुपये जमा करो।

## प्रदेश के पांच जिलों में आए दुष्कर्म के सबसे ज्यादा मामले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के फतेहगढ़, सीतापुर, खीरी, कौशांबी और हमीरपुर में बीते आठ माह के दौरान दुष्कर्म के ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं प्रयागराज कमिश्नरेट का दुष्कर्म के मामलों में कार्रवाई करने में खराब प्रदर्शन वाले जिलों की फेहरिस्त में शामिल है। पॉक्सो एक्ट के मामलों में रामपुर, झांसी, हरदोई, खीरी और सीतापुर ने तेजी से कार्रवाई की, तो औरैया, प्रयागराज कमिश्नरेट, कानपुर, कन्नौज और बहराइच का प्रदर्शन खराब रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते दिनों की गयी कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जघन्य अपराधों से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत किये गये थे। इसमें सामने आया कि दुष्कर्म के मामलों में तेजी से कार्रवाई करने वाले टॉप 5 जिलों में बदायूं, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा और संभल शामिल हैं। जबकि प्रयागराज, शाहजहांपुर, बलरामपुर, कौशांबी और फतेहपुर का प्रदर्शन काफी खराब है। इसी तरह पॉक्सो एक्ट के मामलों में तेज कार्रवाई करने वाले जिलों में अयोध्या, कौशांबी, अंबेडकरनगर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और झांसी शामिल हैं। देवरिया, अंबेडकरनगर, मीरजापुर, फतेहगढ़ और कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर में के मामलों में वृद्धि हुई है।

### लव जिहाद और धर्मांतरण की भी समीक्षा


बीते आठ माह में प्रदेश में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के कुल 241 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 176 में आरोप पत्र एवं 16 में अंतिम रिपोर्ट लगाई गयी। इन मामलों में अच्छा प्रदर्शन करने वालों में इटावा, आजमगढ़, जौनपुर और संभल शामिल हैं जबकि गारेखपुर, कमिश्नरेट प्रयागराज, मुजफ्फनगर, कमिश्नरेट कानपुर और हापुड़ का काफी खराब प्रदर्शन रहा।

## अवैध निर्माण की खबर का प्रकाशन पत्रकार को पड़ा भारी, नाराज अधिकारी ने गिरा दिया पत्रकार का घर

**पहले बनाया मौखिक दबाव फिर गिरा दिया निर्माणाधीन घर**

जन एक्सप्रेस/विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** पत्रकारों को दबाने का नायाब तरीका ढूंढ लिया गया है, जो कि लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 3 के अधिकारियों द्वारा निजात किया गया है। फिलहाल बिना नोटिस दिए पत्रकार का घर निर्माण गिराया जाना लोकतंत्र के लिए बुरा संकेत माना जा सकता है। ग्राम डिघिया पोस्ट मौंदा कोतवाली काकोरी लखनऊ निवासी कामनी रावत पत्नी अभिमन्यु कुमार रावत ने दो वर्ष पूर्व समदा गांव में किसान वीरेंद्र पुत्र स्वर्गीय जोधा से खसरा संख्या 253 में 600 स्क्वायर फीट जमीन खरीदी जो आवासीय थी, उसी दौरान कामनी ने जमीन से कालम खड़े कर व वीम डाल निर्माण कार्य किया था। कामनी ने मुख्यमंत्री को



सेवा में

श्रीमान मा० उ०प्र० मुख्यमंत्री महोदय

विषय - लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 3 के अधिकारियों द्वारा प्रार्थिनी को बिना नोटिस दिए निर्माण गिराने के संबंध में?

महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थिनी श्रीमती कामनी रावत पत्नी अभिमन्यु कुमार रावत निवास ग्राम डिघिया पोस्ट मौंदा कोतवाली काकोरी लखनऊ की हूं, प्रार्थिनी ने दो वर्ष पूर्व समदा गांव में किसान वीरेंद्र पुत्र स्वर्गीय जोधा से खसरा संख्या 253 में 600 स्क्वायर फीट जमीन खरीदी जो आवासीय थी, उसी दौरान प्रार्थिनी ने जमीन से कालम खड़े कर व बिम डाल निर्माण कार्य किया था, और इस निर्माण को लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 3 के अवर अभियंता भरत पांडे, भानु प्रताप वर्मा व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बिना नोटिस दिए दिनांक 29/09/2023 को समय करीब 3 बजे के आसपास जेसीबी मशीन से गिरा दिया, जिससे मेरा करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हो गया, वहीं मेरा निर्माण इसलिए गिराया गया क्योंकि मेरे पति अभिमन्यु कुमार रावत पत्रकार हैं, कुछ दिनों से लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 3 में हो रहें अवैध निर्माणों को लेकर खबर प्रकाशित कर रहें थे, जिससे अवैध निर्माण कर्ताओं के साथ संलिप्तता उजागर ना हो जाए, जिसके चलते उक्त अधिकारियों द्वारा खबर प्रकाशित ना करने का दबाव बनाने के लिए यह कृत्य किया गया।

अतः

निवेदन है कि प्रार्थिनी के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक 30/09/2023

प्रार्थिनी
कामनी
कामनी

संबोधित शिकायती पत्र में कहा कि इस निर्माण को लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 3 के भरत पांडेय, भानु प्रताप वर्मा व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बिना नोटिस दिए दिनांक 29/09/2023 को समय करीब 3 बजे जेसीबी मशीन से गिरा दिया, जिससे करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित द्वारा यह भी बताया गया कि अवैध निर्माण की खबर चलाने के बाद के बाद भानु प्रताप वर्मा ने पहले खबर रोकने का दबाव बनाया लेकिन पत्रकार पर इसका असर होता न देख एलडीए जोन 3 के अधिकारियों ने निर्माणाधीन घर ही गिरा दिया।

### बिल्डरों द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण की खबर चलाना बताई गई वजह

वहीं कामनी ने कहा कि निर्माण इसलिए गिराया गया क्योंकि मेरे पति अभिमन्यु कुमार रावत पत्रकार हैं। कुछ दिनों से लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 3 में हो रहें अवैध निर्माणों को लेकर खबर प्रकाशित कर रहें थे। जो जोन 3 के अधिकारी भानु प्रताप वर्मा को रास नहीं आया। प्रतिशोध और अनैतिक दबाव बनाने की भावना से भानु प्रताप वर्मा ने अपने पद का अनुचित प्रयोग करते हुए निर्माण को गिराया है। फिलहाल पीड़ित द्वारा बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी लखनऊ, लखनऊ कमिश्नर, मण्डलायुक्त लखनऊ, लखनऊ विकास प्राधिकरण को लिखित प्रार्थना पत्र भेजा गया है।

## लिफ्ट में फंस गई बच्ची, रो-रोकर बचाने की लगाती रही गुहार, कहा, हे भगवान मुझे बचा लो, वीडियो वायरल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के जनेश्वर एनक्लेव अपार्टमेंट में एक बच्ची 20 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही। इस दौरान वो चिल्ला-चिल्लाकर खुद को बचाने की गुहार लगाती रही। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लिफ्ट में फंसने के बाद वह घबरा गई। उसे यह बात मालूम थी कि लिफ्ट में कैमरा है। वह एक बार दरवाजा खोलने की कोशिश करती तो एक बार कैमरे में देखकर बचाने की गुहार लगाती। इसके बाद उसने भगवान से बचाने की गुहार लगाई। उसने हाथ जोड़कर कई बार कहा हे भगवान मुझे बचा लो। बिजली के चले जाने की वजह से वह बच्ची लिफ्ट में फंसी। लिफ्ट में फंसी बच्ची का नाम ध्वनि अवस्थी है। उसके पिता का नाम आशीष अवस्थी जो उस अपार्टमेंट के बी-1105 फ्लैट में निवास करते हैं। घटना का दोपहर बजे करीब हुई। बिजली गुल होने के कारण लिफ्ट में फंस गई। ऑटोमेटिक सिस्टम से 15 मिनट बाद यह बच्ची निकल सकी। मशीन आमतौर पर करीबी फ्लोर में खुल जाती है लेकिन वह नीचे बेसमेंट में जाकर खुली। इस वजह से बच्ची को निकलने में देर लग गई।

> जनेश्वर एनक्लेव में अचानक बिजली बाधित होने के कारण एक लिफ्ट में बच्ची फंस गई थी, जिसे तुरंत रेस्क्यू कर लिया गया। उन्होंने योजना के निवासियों से अनुरोध किया है कि 12 साल से छोटे बच्चों को लिफ्ट में सुरक्षा की दृष्टि से अकेले सफर न करने दें। लिफ्ट के मेंटेनेंस का काम अनुभवी फर्म को ही दिया गया है।
>
> -डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, एलडीए वीसी

## धांधली: छत्तीसगढ़ पुलिस से भागे सिपाही ने खुद को दिखाया मरा, फिर ज्वाइन कर ली यूपी पुलिस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

छत्तीसगढ़ पुलिस के एक भगौड़े सिपाही ने नाम बदलकर हाईस्कूल-इंटर किया। फिर उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती-2015 में चयनित हो गया। कई साल तक नौकरी करता रहा। गोपनीय शिकायत पर जब जांच हुई तो उसका फर्जीवाड़ा खुला। भर्ती बोर्ड की तरफ से मंगलवार को मामले में आरोपी पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस्तेमाल करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस भर्ती बोर्ड के आलोक जायसवाल की तरफ से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एफआईआर के मुताबिक मथुरा के राया थाना क्षेत्र निवासी मनोज कुमार 2015 पुलिस भर्ती में सिपाही के पद पर चयनित हुआ था। 2018 में मथुरा एसएसपी कार्यालय को एक गुमनाम शिकायती पत्र पहुंचा था। जिसमें लिखा गया था कि मनोज कुमार छत्तीसगढ़ पुलिस का भगौड़ा सिपाही है। उसका असल नाम सुमित कुमार है। छत्तीसगढ़ पुलिस में वह इसी नाम से भर्ती हुआ था। वहां से भागने के बाद उसने मनोज कुमार के नाम से हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं पास की। फिर पुलिस भर्ती में शामिल होकर चयनित हो गया। जब विभागीय जांच हुई तो ये आरोपी सही पाया गया। इसी आधार पर कार्रवाई पिछले साल उसकी भर्ती निरस्त कर दी गई। अब उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।



### कागजों में मर चुका था सुमित

आरोपी ने फर्जीवाड़ा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छत्तीसगढ़ से भगौड़ा घोषित होने के बाद उसने अपना एक मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किया। मतलब कागजों में खुद को ही मार दिया। वहीं कुटुंब रजिस्टर में मनोज कुमार का नाम जोड़ा। जिससे उसने पूरा फर्जीवाड़ा किया।

## सितंबर में प्रदेश के लोगों ने पी डाली 3175 करोड़ की शराब, 72,528 अवैध शराब ठिकानों पर हुई छापेमारी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आबकारी विभाग ने बीते सितंबर में 3175.38 करोड़ रुपए राजस्व हासिल किया है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बुधवार को समीक्षा बैठक में कहा कि विभाग राजस्व बढ़ोतरी के साथ-साथ एथेनॉल एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आबकारी विभाग का राजस्व लक्ष्य 58 हजार करोड़ रुपये निर्धारित किया है। बीते वर्ष सितंबर माह में केवल 2536.38 करोड़ रूपये राजस्व प्राप्त हुआ था। बीते वर्ष के सापेक्ष इस बार 25.19 प्रतिशत अधिक राजस्व हासिल किया गया है। आबकारी मंत्री ने बताया कि वर्तमान वर्ष में अप्रैल से सितंबर तक कुल 20148.56 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया। जो गत वर्ष के सापेक्ष 8.86 प्रतिशत अधिक है। आबकारी विभाग नकली शराब के उत्पादन पर नकेल कस रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में अवैध शराब के सेवन से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। यह टीम वर्क के कारण संभव हो सका।

### अभियान का दिखा असर

आबकारी, पुलिस और जिला प्रशासन के संयुक्त अभियान में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी करने वालों के 72,528 ठिकानों पर बीते माह छापे मारे गये। इस दौरान 8361 मुकदमे दर्ज करने के साथ 2.27 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई। साथ ही 2524 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 34 वाहनों को जब्त किया गया।

### 35 प्रतिशत अधिक एथेनॉल उत्पादन

आबकारी मंत्री ने बताया कि सितंबर, 2023 तक प्रदेश में लगभग 94.82 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ। बीते वर्ष सितंबर माह तक 70.27 करोड़ लीटर एथेनाल का उत्पादन हुआ था। विभाग द्वारा इस वर्ष लगभग 35 प्रतिशत अधिक एथेनॉल का उत्पादन किया गया।

## आप सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी ने मारा छापा, कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन पुलिसकर्मियों से हुई झड़प

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है जिसके विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में प्रदर्शन किया है। आप कार्यकर्ताओं ने लखनऊ के हजरतगंज में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प भी हुई। आप कार्यकर्ताओं का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही कर रही है। वो विपक्ष के लोगों को जानबूझकर निशाना बना रही है। ईडी के छापे पर सांसद संजय सिंह ने कहा कि उन्हें मोदी-अदाणी के रिश्तों पर सवाल उठाने के कारण निशाना बनाया जा रहा है लेकिन वो डरने वाले नहीं हैं।

## शोभायात्रा में चांदी के मंगल कलश लेकर निकले किन्नर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में चल रहे विराट किन्नर महा सम्मेलन में आज भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो की कृष्णानगर कानपुर रोड स्थित अवस्थी उत्सव लॉन से शुरू होकर कृष्णा नगर स्थित दुर्गा मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। मंदिर में विशाल घंटा समर्पित किया गया व मंगल कुंभ कलश उठाया गया। इस आयोजन में पूरे भारत से आए हुए किन्नर परंपरा से जुड़े हुए लोगों द्वारा यह विशाल जनसमूह सड़कों पर नाचते झूमते गाते हुए निकला। इस आयोजन में ऊंट, घोड़े, बग्गी, ढोल, ताशे, मंगलचार की दुआएं करते हुए किन्नर शोभायात्रा में शामिल हुए। यह महा सम्मेलन लखनऊ की संध्या नायक, सुधा तिवारी, प्रियंका सिंह रघुवंशी, सोनाली, आज़मी व पूरे भारत से आए हुए किन्नर परंपरा के लोगों के द्वारा आयोजित किया गया।

## भोर में पढ़ने के लिए बेटे को जगाया, तीन घंटे बाद पार्क में लगा ली फांसी


जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जानकीपुरम सेक्टर एफ में स्थित आकांक्षा परिसर कॉलोनी में बुधवार तड़के 9वीं के छात्र आरव सिंह (14) ने पार्क के झूले में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगा ली। परिजन ने उसे पढ़ने के लिए भोर में उठाया था। मॉर्निंग वॉक पर निकले छात्र के पड़ोसी ने उसको फंदे पर लटकता देखा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। खुदकुशी की वजह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है। आकांक्षा परिसर के पॉकेट-2 टाइप-4 के फ्लैट नंबर पांच निवासी आलोक सिंह पीडब्ल्यूडी में एई हैं। उनका बेटा आरव सिंह अलीगंज सीएमएस में पढ़ता था। बुधवार को उसका अंग्रेजी का पेपर था। परिजनों ने उसको पढ़ने के लिए भोर में तकरीबन तीन बजे जगा दिया था। इस दौरान किसी वक्त वह घर से निकल गया। सुबह करीब छह बजे पड़ोसी आरएस मिश्रा अपने एक साथी के साथ टहलने निकले थे।

## अमानीगंज में चल रहे क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कराया बंद

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**इटौंजा, लखनऊ।** बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत इन दिनों अवैध तरीके से कई क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। वहीं इटौंजा स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर जेपी सिंह के नेतृत्व में इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम अमानीगंज जा पहुंची जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टीम के डॉक्टरों ने अमानीगंज स्थित सिटी केयर क्लिनिक की जांच की। जहां क्लीनिक के डॉक्टर क्लीनिक का शटर बंद करके भाग निकले, वही स्वास्थ्य टीम ने पुलिस की मदद से क्लीनिक का शटर खुलवाया तो वहां दो महिला मरीज बेड पर लेटी थी उनको स्वास्थ्य टीम ने इलाज के लिए इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य भेजने की



बात कही लेकिन मरीज ने जानने से मना कर दिया। वही सिटी केयर क्लिनिक के डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य टीम के डॉक्टरों से असामान्य व्यवहार किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्लीनिक बंद कर दिया गया। वहीं स्वास्थ्य अधीक्षक डॉक्टर जेपी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य टीम से असामान्य व्यवहार किया गया है जो की बिल्कुल गलत है पूर्ण रूप से क्लीनिक के कागज नहीं दिखाए गए जिस पर यह क्लीनिक बंद किया गया है।

## सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क, आये दिन राहगीर गिरकर होते हैं चोटिल


जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सीतापुर हाईवे से दुघरा, जमखनवां, बगहा, करौंदी, मानपुर को जोड़ने वाली सड़क अपनी हालत पर आंसू बहा रही हैं। बता दें कि अगर आप इस सड़क से जाएंगे तो आपको गड्ढे व सड़क पर पड़े गिट्टी पत्थर का सामना करना पड़ सकता हैं। आपको बताते चले कि सीतापुर लखनऊ नेशनल हाईवे से करौंदी, जमखनवां, दुघरा, बगहा, मानपुर को जोड़ने वाली सड़क जर्जर एवं खस्ता हाल हो चुकी है। दुघरा गांव के नागरिकों का कहना है कि बीस साल से सड़क का निर्माण न होने से मानपुर मंडी जाने में गड्ढों का सामना करना पड़ता है इस कारण हम लोग अकड़रिया कलां होकर हरदा कालोनी माल रोड इटौंजा होते हुए मानपुर मंडी जाते हैं वहीं सड़क में लगा डामर का अता-पता नहीं सड़क की गिट्टी व पत्थर में निकलने वाले नागरिकों के वाहन पंचर व टायर खराब होने से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। बगहा गांव निवासी किसान रामेश ने बताया कि हमारे घर के सामने बनी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन हम लोग गिर के चोटिल होते हैं आखिर यह सड़क योगी सरकार कब बनवायेंगी। वहीं बारिश के मौसम में योगी सरकार ने आदेश जारी किया था कि बारिश के कारण बर्बाद हुई सड़कों का दृष्टीकरण व खराब सड़कों का निर्माण कराया जाए लेकिन शासन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा हैं।

## यूपी में बनेगी लीथियम बैटरी 10 हजार करोड़ का होगा निवेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बनाने का प्लांट प्रदेश की औद्योगिक सूरत के लिए गेमचेंजर साबित होगा। इस प्लांट के बहाने औद्योगिक विकास विभाग का फोकस देश में पहली बार लीथियम बैटरी क्लस्टर विकसित करना है। देश में ईवी की भारी मांग के बावजूद लीथियम बैटरी का शत प्रतिशत आयात हो रहा है। 80 फीसदी बैटरी चीन से आयात हो रही है। इसके अलावा चिली और आस्ट्रेलिया से भी आयात होता है। पिछले साल करीब 14 हजार करोड़ रुपये की बैटरी का आयात किया गया था। हाल में टाटा समूह ने गुजरात में करीब 1.60 अरब डालर के निवेश के साथ लीथियम बैटरी प्लांट लगाने का



एलान किया है। अब यूपी ने बैटरी को लेकर बड़े समूहों को आमंत्रण दिया है। गौरतलब है कि हिंदुजा समूह ने पिछले दिनों प्रदेश सरकार के साथ इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण प्लांट लगाने का एमओयू किया है। इसके तहत समूह लखनऊ या प्रयागराज में कॉमर्शियल ईवी प्लांट लगाएगा। पहली बार विश्व की चौथी सबसे बड़ी कॉमर्शियल वाहन कंपनी ने दक्षिण भारत से बाहर प्लांट लगाने का समझौता किया है। इसी के साथ यूपी में एक नए सेक्टर का प्रवेश भी हुआ है। समझौते के साथ ही औद्योगिक विकास विभाग आगे की तैयारी में जुट गया है। विभाग का फोकस केवल ईवी वाहन प्लांट तक नहीं है बल्कि ईवी वाहनों की 'लाइफलाइन' लीथियम बैटरी का निर्माण हब बनाने पर भी है। विभाग का मानना है कि पहले चरण में लीथियम बैटरी सेक्टर में कम से कम 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिस तरह तमिलनाडु की महिंद्रा और पुणे की टाटा ने तस्वीर बदल दी, उसी तरह यूपी की औद्योगिक तस्वीर लीथियम बैटरी और ईवी वाहनों का क्लस्टर बदलेगा।

### ईवी वाहनों की सर्वाधिक बिक्री यूपी में

देश में पांच साल में ईवी वाहनों की बिक्री में 48 गुना इजाफा हुआ है। इसकी बिक्री में यूपी देश भर में अव्वल है। इस वर्ष अब तक यहां 4.35 लाख ईवी बिक चुके हैं। यहां एक्सप्रेसवे, नेशनल हाईवे और सड़कों का नेटवर्क तेजी से बढ़ा है। 12 हजार किमी नेशनल हाईवे यहीं से गुजर रहा है। यही वजह है कि अगले तीन साल में प्रदेश में ईवी वाहनों की बिक्री 12 लाख सालाना को भी पार करने की संभावना है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## क्या सचमुच जाति आधारित गणना कराना नीतीश कुमार का मास्टर स्ट्रोक है?

**बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने राज्य में जाति आधारित गणना का आदेश पिछले साल तब दिया था, जब केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह आम जनगणना के हिस्से के रूप में एससी और एसटी के अलावा अन्य जातियों की गिनती नहीं कर पाएगी। देखा जाये तो मोदी सरकार का यह कहना पूर्णतया तर्कसंगत था कि जनगणना करते समय अन्य पिछड़ी जातियों की गणना नहीं की जाएगी। जहां तक पिछड़ों की गणना का सवाल है, पहली बात तो यह है कि अक्सर हर जाति के लोग अपने आप को पिछड़ा बताने के लिए तैयार हो जाते हैं।**

*बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने जाति आधारित गणना करवा कर उसके आंकड़े जारी कर दिये हैं। बिहार सरकार के इस कदम को बहुत बड़ा मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है और दावा किया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जो लोग नीतीश कुमार सरकार के इस कदम को मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं उन्हें समझना होगा कि यह मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार को पिछड़ेपन से आजादी मिल जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में स्कूलों की हालत सुधर जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में अस्पतालों की हालत सुधर जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में गुंडाराज और माफिया राज का खात्मा हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में पेपर लीक होना बंद हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में बेरोजगारी समाप्त हो जाती और पलायन रुक जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतें बंद हो जातीं, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में सड़कों की हालत सुधर जाती। मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में उद्योग-धंधे लग जाते, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में नौकरी की मांग पर पुलिस लाठीचार्ज होना बंद हो जाता। मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार भी जीएसटी संग्रहण में कुछ योगदान कर पाता। इसलिए नीतीश कुमार का यह फैसला मास्टर स्ट्रोक नहीं बिहार को पीछे धकेलने का प्रयास है। यह बात सही है कि सरकार के पास जनसंख्या संबंधी विस्तृत आंकड़े होंगे तो विकास योजनाएं बनाने में आसानी होगी लेकिन जब जाति जनगणना के आंकड़े जल्द ही होने वाली राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना से भी हासिल किये जा सकते हैं तो राज्यों को अपनी मशीनरी का इस्तेमाल जाति आधारित राजनीति के लिए करने से बचना चाहिए। हम आपको बता दें कि बिहार मंत्रिमंडल ने पिछले साल दो जून को जाति आधारित गणना कराने की मंजूरी देने के साथ इसके लिए 500 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। जरा सोचिये, यदि यह राशि विकास कार्यों में लगाई गयी होती तो राज्य के लोगों को इसका कितना लाभ मिलता। जरूरत इस बात की थी कि नीतीश कुमार अपने लंबे कार्यकाल में किये गये कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी कर अपनी उपलब्धियां बताते लेकिन उन्होंने जाति आधारित गणना करवा कर चर्चा को दूसरी ओर मोड़ने का प्रयास किया है। बिहार सरकार में शामिल नेता अब हुँकार भर रहे हैं कि वह राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए माहौल बनाएंगे। कुछ लोग इसे मंडल पार्ट-2 कह रहे हैं। ऐसे नेताओं को याद रखना चाहिए कि मंडल भाग-1 के दौरान कुछ लोगों द्वारा जिस तरह की राजनीति की गयी थी उससे समाज को बहुत नुकसान हुआ था और देश में अशांति फैली थी इसलिए बिहार सरकार ने जो कुछ किया उसे मंडल पार्ट-2 की संज्ञा देकर माहौल को बिगाड़ा नहीं जाना चाहिए। आज जब देश तरक्की के रास्ते पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। दुनिया भर में मंदी के माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा चुके हैं, ऐसे में विकास की बात ना कर जाति को महत्व देना गलत है। जरा दुनियाभर में नजर उठा कर देखिये किस विकसित देश ने आगे बढ़ने के लिए जाति या धर्म को महत्व दिया है?*

### एक्सप्रेस आलेख

**अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, पटना साहिब गुरुद्वारा और देश के सैकड़ों गुरुद्वारों में रोज लाखों लोग लंगर का सेवन करते हैं। जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। सिखों में सेवा का भाव वास्तव में अदभुत है। आपको भारत के हरेक क्षेत्र में सिख अपना योगदान देते हुए मिलेंगे। अब आप दिल्ली के समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी को ही लें। शंटी लगभग तीन दशकों से दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को भी कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे।**


## भारतीय देशभक्त सिखों को मत जोड़ो खालिस्तानियों से



आर.के. सिन्हा

**दरअसल भारत और सिख एक दूसरे के पर्याय हैं। सिखों के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सारा भारत सिखों के प्रति स्नेह और सम्मान का भाव रखता है। भारत के सिखों को खालिस्तान से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। इनमें से ज्यादा ड्रग तस्करी में लगे हैं और उन्होंने खालिस्तान का चोला ओढ़ रखा है।**

इधर हाल के दौर में कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया वगैरह देशों में मुट्ठीभर सिरफिरे खालिस्तानियों की हरकतों को भारत के सामान्य राष्ट्र भक्त सिखों से जोड़ना वास्तव में किसी अपराध से कम नहीं माना जाएगा। भारत के सिखों की भारत को लेकर निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सिख पंथ की स्थापना ही राष्ट्र पर जी जान न्योछावर करने के संकल्प के साथ हुई थी। भारत के चौतरफा विकास में सिखों को उल्लेखनीय योगदान रहा है। यह याद रखा जाए कि देश के बंटवारे के समय मोहम्मद अली जिन्ना ने सिखों के सामने पृथक राष्ट्र का प्रस्ताव भी रखा थ जिसे उन्होंने सिरे खारिज कर दिया था। उसके बाद वे अपना सब कुछ छोड़कर भारत आ गए थे। यह मानना होगा कि संसार के किसी भी कोने में जाने वाले या रहने वाले सिख भारत के ही ब्रॉड एँबेसेडर हैं। दुनिया के किसी भी भाग में बसा सिख भारत को ही अपनी मातृभूमि और पुण्यभूमि मानता है। सिख समुदाय भारत की टीमों को ही सदा चीयर करता है। मुझे लगता है कि भारतवंशियों के लिए भारत मात्र एक भौगोलिक एन्टिटी (भौगोलिक वास्तविकता) ही नहीं है। यह तो समझना होगा। अगर बात सिखों की करूं तो भारत सिखों के लिए तो गुरुघर है। इसलिए इसके प्रति उनकी अलग तरह की निष्ठा तो रहती ही है। शेष भारतवंशियों के संबंध में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। इसलिए वे केन्या, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन वगैरह में बसने के बाद भी अपने को भारत से दूर नहीं कर पाते। सिखों को भी भारत दिल से ही चाहता है। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, पटना साहिब गुरुद्वारा और देश के सैकड़ों गुरुद्वारों में रोज लाखों लोग लंगर का सेवन करते हैं। जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। सिखों में सेवा का भाव वास्तव में अदभुत है। आपको भारत के हरेक क्षेत्र में सिख अपना योगदान देते हुए मिलेंगे। अब आप दिल्ली के समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी को ही लें। शंटी लगभग तीन दशकों से दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को भी कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पदमश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्त दान का सैकड़ा भी बना लिया है। अर्पणा




**भारत के नामचीन सिखों की बात होगी करीब तीन साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय की चर्चा करनी होगी। ओबराय की निगरानी में राजधानी में ओबराय होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जा सकता है।**

कौर भी भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। अपर्णा कौर का बचपन से ही कला के प्रति रुझान था,उनका रुझान कविता साहित्य रचना में था , संगीत में भी दिलचस्पी रखतीं थीं। अर्पणा कौर को बचपन से ही खुले विचारों वाले माहौल के साथ संगीत, नृत्य, साहित्य और चित्रकारी का सांस्कृतिक परिवेश भी मिला। नौ वर्ष की आयु में उन्होंने तेल रंग में मदर एंड डॉटर चित्र बनाया जो अमृता शेरगिल की कलाकृति से प्रभावित था। भारत के नामचीन सिखों की बात होगी करीब तीन साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय की चर्चा करनी होगी। ओबराय की निगरानी में राजधानी में ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जा सकता है। उन्होंने कुछ साल पहले ओबराय इंटरकांटिनेंटल को नये सिरे से विकसित करवाया। मुंबई का दि ट्राइडेंट होटल 26/11हमले में बर्बाद हो गया था। पर ओबराय के बाते विक्की ओबेराय ने उसे राख के ढेर से फिर खड़ा किया। इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों क्रमश- हरबिंदर सिंह तथा अजीत पाल सिंह का नाम छोड़ा नहीं जा सकता। इन तीनों ने भारत क्रिकेट और हॉकी टीमों की कप्तानी की है। लाजवाब फारवर्ड हरबिंदर सिंह 1964 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल विजयी भारतीय टीम के सदस्य थे। अजितपाल सिंह की कप्तानी में भारत ने 1975 में वर्ल्ड कप जीता था। अपोलो टायर्स के चेयरमेन ओंकार सिंह कंवर 1947 में सीमा के उस पार से अपने पिता सरदार रौनक सिंह की गोद में आये थे। कंवर के पिता ने बिजनेस के संसार में दस्तक दी। उसे कंवर आगे लेकर गये। वे फिक्की के अध्यक्ष भी रहे। अपोलो टायर्स की दो फैक्ट्रिया नीदरलैंड और हंगरी में भी हैं। अपोलो टायर्स दुनिया की चोटी की टायर कंपनियों में से एक है। आपने हाल ही में राजधानी में संपन्न हुए जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राजघाट में एक सिख सज्जन को गर्मजोशी से मिलते हुए देखा होगा। उनका नाम है अजय बंगा। वे विश्व बैंक के अध्यक्ष हैं। वे इससे पहले अमेरिका की चोटी की मास्टर कार्ड नामक कंपनी के सीईओ पद पर आसीन थे। वे मूलत- और अंतत- भारतीय हैं। सेंट स्टीफंस कॉलेज से इक्नोमिक्स आनर्स करने वाले बंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के समय उनसे मिले थे। बंगा को बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का एक्सपर्ट माना जाता है। बंगा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी ट्रेड पॉलिसी से जुड़ी सलाहकार टीम में लिया था। अगर बात अजय बंगा के पिता हरभजन सिंह बंगा की करें तो वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1962,1965 और 1971 की जंगों में शत्रु के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बंगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख हैं। अजय बंगा जब भी भारत आते हैं, तो गुरुद्वारा बंगला साहिब और गुरुद्वारा सीसगंज मत्था टेकने अवश्य जाते हैं। इसी तरह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का भी सारा भारत एक अर्थशास्त्री के नाते सम्मान करता है। वे भारत में आर्थिक उदारीकरण को लागू करने वालों में से थे।

### एक्सप्रेस कविता

*मुझे धरती लील गई, आकाश ने छुपा दिया हवाओं ने अदृश्य कर दिया या पानी ने अपनी धाराओं में विलोपित कर दिया मुझे, अदना मैं अस्तित्व हीन, शून्य से चिपका व्योम में बहता सा, मैं मुझको ही नजर नहीं आता अपने अतीत में अपने को खोजता पीछे की ओर नजरें दौड़ा कर, पितामह हमारे आने वाले कल की ओर निहारते गहरी आशावादी दृष्टि से, मैं अतीत के पाषाणों में आज तलाश करता, मां की कोख से जन्मा मैं शून्य होकर रह गया हम,हमारे द्वंद के बीच, सूरज की नव किरणों में अपने और अपनों को बुझी आंखों से तलाशता, आज जन्मे शिशु ने दिया मुक्ति का संदेश, नवयुग की ओर जाने का मार्ग, सच, नवजात नन्हा ही आज और आने वाले कल का सच्चा पथ प्रदर्शक है, ईश्वर की मानिंद।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*जिंदगी इतनी मुश्किल इसलिए है क्योंकि लोग आसानी से मिली चीज की कीमत नहीं जानते।*

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 30:34 तक |
| नक्षत्रः | मृगशीर्षा 19:41 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | वरीघा, 29:15 |
| सूर्योदयः | 06:19 |
| सूर्यास्तः | 17:58 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 13:36-15:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:45-12:32 |

### जन एक्सप्रेस

**ना खाया है कुछ भी !**

*रुक रुक कर छापेमारी ।*
*पकड़ रही है ज़ोर ।।*
*क्या करें क्या ना करें ।*
*है चिंता घनघोर ।।*
*है देना जवाब भी ।*
*नहीं रहे वो डर ।।*
*आओ चाहे ऑफिस ।*
*या मिल लो घर ।।*
*आ रहे बयान अब ।*
*सामना है करना ।।*
*ना खाया है कुछ भी ।*
*सीखा भूखें रहना ।।*
*देख लें इतिहास हमारा ।*
*अब तक इमानदार ।।*
*लाख करें ज्यादती ।*
*हम ही असरदार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## रोशनी की चमक टाइप 2 डायबिटीज के रोगियों के लिए बन सकती है रामबाण, कम होगा ब्लड शुगर लेवल



**पुराने** समय से ही धूप की चमक को सेहत के लिए फायदेमंद माना गया है। सुबह धूप की रोशनी में बैठना हड्डियों से लेकर त्वचा तक के लिए लाभकारी होती है। यही नहीं यह डायबिटीज के रोगियों के लिए भी किसी रामबाण से कम नहीं है। हाल ही में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज द्वारा हुई एक स्टडी के मुताबिक सूरज की रोशनी के संपर्क में आना ब्लड शुगर लेवल को घटाने में मदद करता है।

**क्या कहती है स्टडी?:** स्टडी के मुताबिक धूप से मिलने वाली प्राकृतिक लाइट में बैठने या उसके संपर्क में आने से इंसुलिन सेंस्टिविटी बेहतर होती है साथ ही इंसुलिन रेसिस्टेंस कम होता है, जो डायबिटिक रोगियों के ब्लड शुगर को मैनेज करता है। सूरज की लाइट के संपर्क में आने से मेटाबॉलिज्म सुधरता है और टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों का ब्लड शुगर लेवल भी नियंत्रित रहता है। इससे डायबिटीज होने का जोखिम भी काफी हद तक कम होता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक धूप से निकलने वाली प्राकृतिक लाइट शरीर पर कई ऐसे सकारात्मक प्रभाव डालती है, डायबिटीज को मैनेज करने में मददगार साबित होता है।

**13 लोगों पर की गई स्टडी:** दरअसल, इस स्टडी में टाइप 2 डायबिटीज से ग्रसित कुल 13 मरीजों का मेटाबॉलिक टेस्ट किया गया, जिसमें कुछ को सूरज से निकलने वाली प्राकृतिक लाइट में रखा गया तो कुछ को आर्टीफिशियल लाइट में रखा गया, शोधकर्ताओं ने बाद में दोनों के बीच के अंतर को देखा तो साबित हुआ कि सूरज की रोशनी के संपर्क में रहने वाले डायबिटिक मरीजों के ब्लड शुगर लेवल में सुधार आया।

**सूरज की रोशनी में बैठने के फायदे:** स्टडी की मानें तो धूप के संपर्क में आने से मेटाबॉलिज्म में सुधार होने के साथ ही मेटाबॉलिक समस्याएं भी कम होती हैं। सूरज से निकलने वाली प्राकृतिक धूप से शरीर को विटामिन डी मिलता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं। इससे इम्यून सिस्टम भी हेल्दी रहता है, जिससे सर्दी-जुकाम जैसे संक्रमण होने का खतरा कम होता है। इससे तनाव कम होने के साथ ही साथ त्वचा से जुड़ी समस्याएं भी कम होती हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

## राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था से भ्रष्टाचार की सफाई करने में जुटे हैं मोदी



ललित गर्ग

**मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये। केंद्र की मोदी सरकार ने राजनीति में बड़े बदलाव भ्रष्टाचार और करप्शन के मुद्दे पर किए हैं।**

**देश** में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिज्ञों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की

**इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया।**

पहल करने की अपेक्षा है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए 'जागरूकता की झाड़ू' को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी हैं। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे। बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा। नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उरी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया।

# प्रेम विनोद फाउन्डेशन मानव सेवा परमधर्म की अवधारणा पर समाजिक कार्य कर रही

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को नगरपालिका सभागार में सदर विधायक योगेश वर्मा व नगरपालिका अध्यक्षा डॉ इरा श्रीवास्तव की उपस्थिति में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ जिसमें प्रेम विनोद फाउन्डेशन %मानव सेवा परमधर्म की अवधारणा पर स्थापित एक व संस्था के रूप में समाजसेवा कार्य कर रही है बताते चलें यह संस्था समाजिक सरोकार से सम्बन्धित क्रियाकलापों मुख्य रूप से शिक्षा,स्वास्थय, मुफ्त भोजन मौसम अनुकूल वस्त्र वितरण, खेल, बुर्जग एवं बेसहारा दिव्यांग लोगों की मदद, साहित्य एवं रिमेटरी को प्रोत्साहन आदि क्षेत्र में सकिय रूप से हिस्सेदारी एवं सहयोग करती आ रही है यह फाउन्डेशन अपने समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के सर्मपण की वजह से प्रत्येक शनिवार को लखनऊ, लखीमपूर एवं वृंदावन में अनवरत रूप से भण्डारा का आयोजन कराती है, जिसमें सैकड़ों लोग भोजन सेवा प्राप्त करते है। स्वास्थय क्षेत्र में, लखीमपुर में प्रेमकपूर निःशुल्क चिकित्सालय एवं औषधालय के एवं सेवा भारती के सहयोग से प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं होम्योपैथिक एवं एलोपैथी दवाईयों का वितरण योग्य डाक्टरों के मार्गदर्शन में कर रही है।शिक्षा के क्षेत्र में फाउन्डेशन द्वारा कई छात्र एवं छात्राओं की स्कूल फीस और उनकी शिक्षा संबंधित कापी-किताबों एवं अन्य खर्चों का वहन का सराहनीय कार्य किया जाता है ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके और वह समाज के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। फाउन्डेशन भविष्य में विद्यार्थियों के लिए एक स्कूल बनाने का संकल्प एवं सपना देख रही है जिसके लिए जोर शोर से जमीन खरीदने की तलाश कर रही है। यह संस्था सर्दियों में गरीब एवं बेसहारा लोगों के लिए रेन बसेरा, अलाव, कम्बल, ऊनी टोपी एवं कनी कपड़ों का हर वर्ष वितरण करवाता है। इसके अलावा महिलाओं के लिए सादियों का वितरण भी समय-समय पर करवाता है। संस्था भविष्य में जरूरतमंदो के लिए एक वस्त्र ए.टी.एम. की भी योजना बना रही है।फाउन्डेशन बहुत से बुजुर्गों को उनके दवाईयों इत्यादि के लिए निश्चित रकम महवारी के रूप में प्रदान
करती है। फाउन्डेशन लोककलाओं एवं थियेटर कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए कलाकारों को आर्थिक मदद करती है साथ में हर वर्ष तीन दिवसीय हास्य नाटय समारोह %मुस्कान% नाम से लखनऊ में आयोजन करवाती है, जिसमें विशेषतौर से लखनऊ स्टेज थियेटर के कलाकारों को प्रोत्साहन दिया जाता है।
खेलो के क्षेत्र में फाउन्डेशन द्वारा अक्षय मेमोरियल बैडमिन्टन टूर्नामेंट का आयोजन करवाती हैं। इस वर्ष से प्राफेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की योजना भी है।प्रेम विनोद फाउन्डेशन द्वारा लखीमपुर में ÷मुक्ति धाम÷ शमशान का जीर्णोद्वार एवं सौन्दयीकरण योजना के तहत खुबसूरत एवं सुन्दर वाटिका का निर्माण, शीतल जल के लिए वाटर कूलर,स्नान हेतु बाथरूम के निर्माण के अतिरिक्त भगवान शिव की 21 फीट ऊँची प्रतिमा की भी स्थापना की गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस/मनोज कुमार मिश्रा/बिजुआ खीरी। गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित कवि सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष ने सम्मेलन से पूर्व छात्र छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु क्षेत्र के हाई स्कूल टापर बच्चो को सम्मानित किया भाजपा जिलाध्यक्ष के हाथों उपहार पा कर बच्चें उत्साह से लबरेज हो गए ।बताते चले कस्बा अलीगंज स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में 2 अक्टूबर की शाम को गाँधी जयन्ती व शास्त्री जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया जहाँ दूर दराज से आये कवियों ने कविता की रसधार बहा कर खूब तालियां बटोरी ।कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ कराया । कवि सम्मेलन से पहले क्षेत्र के प्रसिद्ध हाई स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओ को भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सम्मानित किया । क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाली पत्रकार धीरज सोनी की पुत्री प्रार्थना सोनी एवं द्वतीय स्थानपाने वाली हरसिंग पुर निवासी वीरेंदर यादव की पुत्री शीतल यादव के उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कृत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि अब शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रो के बच्चो में प्रतिभा की कोई कमी नही है बेटियां प्रतिभा के क्षेत्र में आगे निकल कर परचम लहरा रही है। जो बड़ी ही प्रसन्नता की बात है।

### अनियंत्रित कार ने मारी पांच मोटर साइकिलों को टक्कर

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार की देर रात नशे में धुत एक स्विफ्ट डिजायर कार चालक ने पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने टूर्नामेंट को लेकर प्लानिंग बना रहे युवाओं की बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। एक नहीं इस टक्कर में पांच बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। जबकि वहां मौजूद युवक बाल बाल बच गए। मौके पर तमाम भीड़ जमा हो गई। नाराज भीड़ कोतवाली पहुंची जहां कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।चालक को रात में कोतवाली में बिठा लिया गया। बाद में उसे छोड़ दिया गया। मंगलवार की रात लगभग 10 बजे का समय था। एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार पर चार लोग सवार होकर पंजाबी कॉलोनी रोड से फिल्मी स्टाइल में तेज रफ्तार में निकले थे । कुछ दूरी पर ही पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने कई युवक टूर्नामेंट की प्लानिंग बना रहे थे। उनकी बाइकें पास में खड़ी थी। स्विफ्ट डिजायर के चालक ने बाइकों में टक्कर मार दी। जिससे मोहल्ला ऊंची भूड़ के अफसर, मोहल्ला घोसियाना के मुन्ना, हफीजपुर के कमाल अहमद, नीची भूड़ के शादाब और लखीमपुर रोड निवासी दिव्यांशु की पांच बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। अचानक कार की जोरदार टक्कर से घबराए हुए युवक जान बचाकर भागे। जोरदार टक्कर होने के कारण कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। कार फिर भी नहीं रुकी और आगे जनरेटर में टक्कर मारने के बाद एक पेड़ से जा टकराई। कार चालक समेत उसमें मौजूद सभी युवा बेहद नशे में बताए जा रहे थे। जिससे वह भाग नहीं सके। भीड़ ने चालक को पकड़कर जमकर धुन दिया। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुलिस चालक समेत सभी कार सवारों को कोतवाली ले गई। बाइक स्वामियों की भीड़ ने चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सभी को किसी तरह शांत किया। पुलिस ने चालक को निजी मुचलके के पर छोड़ दिया है। पुलिस की इस कार्य शैली पर लोगों में बहुत रोष है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने क्षेत्र वासियों की सूची समस्या कईयों का किया निस्तारण



जन एक्सप्रेस/सिंगाही खीरी। नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को जनता दरबार लगाया गया। इसमें कस्बे के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम व ईओ अवधेश मिश्रा की मौजूदगी में वार्ड से आए हुए लोगों ने ज़मीनी विवाद, आवास, सफाई व अन्य समस्याओं को प्रस्तुत किया। मोहम्मद कय्यूम ने एक एक कर सभी लोगों से मुलाकात की। उनकी बात सुनी और उनके प्रार्थना पत्र लिए। उन्होंने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे कर्मचारियों को इस निर्देश के साथ हस्तगत किया। जनता दरबार के बाद कस्बे के वार्ड नं चार में चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा ने पौध रोपण किया। इस दौरान सभासद समेत नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ढाई लाख की हुई चोरी पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर सहित आसपास के सटे मोहल्लों और ग्रामों में ताबड़तोड़ चोरियों की वारदातें हो रही हैं। पीड़ित पक्ष पुलिस को तहरीर देता है परंतु कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर भी लेती है तो भी चोरों को नहीं पकड़ पाती और ना किसी चोरी का खुलासा कर पा रही है।जानकारी के अनुसार नगर से सटे हुए ग्राम हफीजपुर में करीब 13 दिन पूर्व 22 तारीख की रात मनीष चंद पुत्र प्यारेलाल के घर में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली थी।घटना की रात मनीष अपने बच्चों की दवा लेने लखीमपुर गया था रात होने के कारण ससुराल में ही रुक गया था। उसी रात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर पूरा घर खंगाल लिया।मोहल्ले के लोगों ने उसके घर में चोरी होने की सूचना जब उसको फोन पर दी तब वह आया और उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। 13 दिन बीतने के बावजूद पुलिस ने अभी तक इस घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक चोरों ने 70 हजार रू नकद, दो जोड़ी सोने की झुमकी, दो अंगूठी सोने की, एक मांग टीका सोने का, दो जोड़ी पायल बच्चों की, चांदी के सिक्के छह, बच्चों की दो बड़ी भरी हुई गुल्लक, एक कमर बिछुआ, एक हाथ का फूल, चाबी के गुच्छे नौ, और एक चांदी की प्लेट गायब कर ले गए। पीड़ित विगत 13 दिनों से पुलिस के चक्कर काट रहा है।पुलिस ने मौका मुआयना किया है परंतु ना तो रिपोर्ट दर्ज की है और ना चोरों को पकड़ पाई है। ताबड़तोड़ हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत का माहौल है।

## 10 अक्टूबर से फर्जी स्कूलों के खिलाफ चलेगा अभियान

- शिक्षा विभाग की फर्जी स्कूलों पर खास नजर फर्जी विद्यालय पाए जाने पर एक लाख तक का लग सकता जुर्माना
- कुछ स्कूलों के भवन बने हुए हैं जिनकी मान्यता 5 व 8 तक है पर कक्षाएं 10 व 12 तक चल रही

> मामले की जानकारी है फर्जी विद्यालयों पर नजर है लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और जो भी विद्यालय बिना मान्यता व मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाते पाये जाएंगे उन पर कड़ी कार्यवाई की जायेगी,10 अक्टूबर से जिले भर में फर्जी स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत पाए जाने पर कड़ी करवाई की जाएगी।
> –भगवान राव, खण्ड शिक्षा अधिकारी–बिजुआ(खीरी)

जन एक्सप्रेस । अनुज गुप्ता

**भीरा–खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते कई निजी विद्यालय बिना विभागीय मान्यता के संचालित हो रहे हैं। जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। बताते चलें इतने कड़े प्रावधान के बावजूद स्कूल संचालकों को जरा सा भी भय नहीं है। वहीं इस मामले की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव से ली तो बताया कि मामले की जानकारी है। क्षेत्र के विद्यालयों पर नजर है और जो भी विद्यालय बिना मान्यता व मान्यता से अधिक कक्षाएं चला रहे हैं उन पर कड़ी कार्यवाई की जायेगी तथा 10 अक्टूबर से जिले भर में फर्जी स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत कड़ी करवाई की जाएगी।

### अभिवावकों की जेबों पर पड़ता गहरा असर

आपको यह भी बताते चलें फर्जी विद्यालयों में नए सत्र के समय प्रवेश को लेकर अभिवावकों से मोटी रकम वसूली जाती है, उसके बाद किताबों की दुकानों से अच्छा खासा कमीशन सेट होता है और टीसी देने के समय दूसरे विद्यालय से संपर्क रखते हैं। जिससे अभिवावकों की जेबों पर गहरा असर पड़ता है। क्षेत्र के बरमबाबा भानपुर ढकिया इटकुटी आदि गांवों में कई ऐसे स्कूल जो बिना भवन के छप्पर में ही संचालित हो रहे हैं जहां पर न बाउंड्रीवॉल न सौंचालय की व्यवस्था है ऐसा ही एक स्कूल शून्य मान्यता के क्षेत्र के गुलाब टांडा गांव के अंतर्गत संचालित हो रहा है जो गन्ने के खेतों के बीचो बीच बना हुआ है जहां पर जंगली वन्य जीवों का खतरा बना हुआ है।इससे पहले भी वहां पर तेंदुए को लेकर घटनाएं घट चुकी हैं। वहीं विद्यालय की कक्षाओं को लेकर दीवारों के उपर लोहे की टीन शेड पड़ी है जो चिलचिलाती धूप में गर्म हो जाती है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चे किस तरह से पढ़ाई करते होंगे तथा कुछ स्कूलों के भवन बने हुए हैं जिनकी मान्यता 5 व 8 तक है पर कक्षाएं 10 व 12 तक चल रही हैं।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया नगर में साफ सफाई का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



नगर पलिका परिषद अध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने वार्ड संगत में नाले नालियों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने तथा पानी की समुचित निकास के लिये नाला निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। नगर पालिका महमूदाबाद के पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद मंगलवार की सुबह वार्ड संगत, पाण्डेहाता में नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पहुँचे और जलनिकास व्यवस्था के लिये नाले-नालियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि पालिका के सभी वार्डो से नाले-नालियों की नियमित सफाई के साथ प्रतिदिन कूड़ा उठान कर पानी निकास की समुचित व्यवस्था किये जरने की बात कही। उन्होने वार्ड संगत में नए नाले का निर्माण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वसी अहमद सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नैमिषारण्य स्थित कालीपीठ मंदिर में भागवत कथा महोत्सव की मुख्य अतिथि रहीं प्रदेश की राज्यपाल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



नैमिषारण्य में स्थित कालीपीठ मंदिर में 01 अक्टूबर 2023 से 08 अक्टूबर 2023 तक आयोजित पितृ मोक्ष श्रीमद भागवत कथा महोत्सव में मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पहुंचकर रमेश भाई ओझा की भागवत कथा को पूरी आस्था के साथ विधिवत तरीके से सुनते हुये, उसमें पूरी तरीके से लीन हो, वहां पर उपस्थित जनमानस को पूरी तन्मयता के साथ इसको सुन उससे प्रेरित होने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि आज ऐसे मौके के उपलक्ष्य में उपस्थित हो काफी खुशी का अनुभव हो रहा है। इनके माध्यम से जो आज सुना है इसको सुनकर एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति हो रही है, ऐसे मौके बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि इसको सुनके जीवन के सारे आनन्द की प्राप्ति होती है व इसको सुनने बाद हम सबको सब कुछ छोड़कर ईश्वर का सदैव ध्यान करना चाहिये।
इस मौके पर महामहिम राज्यपाल महोदया ने विशेष तौर पर शिक्षा व स्वास्थ्य पर बल देते हुये कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम करने वाली संस्था भाई जी की है। उन्होंने गुजरात राज्य में शिक्षा के क्षेत्र किये गये प्रयासों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये बताया कि कम परीक्षाफल एवं शिक्षण स्तर में पिछड़े क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिये उन्हें निजी संस्थाओं के माध्यम से आगे बढ़ाने के प्रयास किये गये। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में श्री रमेश भाई ओझा जी की संस्था द्वारा आदिवासी क्षेत्र में स्थित एक ऐसे विद्यालय के कायाकल्प एवं शिक्षण व्यवस्था में सुधार का प्रयास किया गया, जो अविस्मरणीय है, जिस विद्यालय में पहले छात्र-छात्राएं जाना नही पसन्द करते थे, वहां की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था एवं बेहतर अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता होने के कारण 600 से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।
महामहिम राज्यपाल महोदया ने कहा कि उ0प्र0 में उनके 04 साल के कार्यकाल के दौरान उनकी प्राथमिकता शिक्षा एवं स्वास्थ्य की रही है। शिक्षण व्यवस्था में सुधार के लिये विश्वविद्यालयों के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों के विकास का कार्य कराने की महत्वाकांक्षी योजना गतिमान है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में अवस्थापना सुविधाओं में सुधार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर बच्चों को नियमित रूप से केन्द्रों पर उपस्थित होने हेतु बढ़ावा दिया जा रहा है।

## डायरेक्टर डॉ.अमृत दास ने एल.पी.एस.के सहयोग से करियर काउंसलिंग संपन्न कराई



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में इंस्टिट्यूट ऑफ़ करियर स्टडीज, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. अमृत दास ने एल.पी.एस.के सहयोग से करियर काउंसलिंग संपन्न कराई। काउंसलिंग का सेशन दो पार्ट में हुआ। कक्षा 11 और 12 के लिए पहला सेशन काउंसलर मिस अरीशा रियाज ने किया। उन्होंने 10 + 2 के बाद करियर की दिशा कैसे बनाएं एवं स्क्रीन फील्ड में कैसे जा सकते हैं, किन विषयों का चयन उचित रहेगा, आवेदन करने की संपूर्ण प्रक्रिया आदि की महत्वपूर्ण जानकारी से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इसके बाद दूसरे सेशन में कक्षा 9 और 10 के छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. मिली गांगुली ने करियर काउंसलिंग की। उन्होंने स्ट्रेस मैनेजमेंट व टाइम मैनेजमेंट के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। छात्र अपने अध्ययन को भविष्य में आने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए कैसे तैयार करें जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। दोनों काउंसलिंग में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त अभिभावकों ने भी भाग लिया। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने दोनों काउंसलरो द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए एवं विद्यालय के काउंसलर अनुराग मिश्रा सहित सभी को धन्यवाद दिया।




## ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई किसान गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** ब्लॉक सभागार मोहम्मदी में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया गोष्ठी का उद्देश्य पराली ना जलानेएवं कम कीमत में अधिक उपज को लेकर थी वहीं जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्यम सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की गोष्ठी का उद्देश्य सिर्फ किसानों को जैविक खाद की ओर ले जानाहै ताकि तमाम रोग जो फसलो में उत्पन्न हो रहे हैं उनसे बचे रहे और पराली ना जलाएं ताकि जो जीवाणु केंचुआ होते हैं वह आग की तपन से जल जाते हैं जिससे उपजाऊ भूमि पर फर्क पड़ता है जब पत्रकारों ने भट्टों आदि चिमनियों के बारे में पूछ लिया तो जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने गोलमोल जवाब देते हुआ प्लास्टिक मुक्त भारत पर आ गए दूसरे सवाल पर कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया कि कृषि विभाग से अनुदानित चीज अगर कृषक ले लेते हैं दोनों लोगो को फायदा होता है वहीं गेहूं की सब्सिडी पिछले वर्ष से अभी तक किसानों के खाते में नहीं पहुंची है कृषि रक्षा अधिकारी ने कहा कि सरकार के पास बजट उपलब्ध होते ही सभी किसानों के खाते में सब्सिडी पहुंच जाएगी भूमि संरक्षण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहाकि प्रत्येक गांव में चौपाल लगाकर मिट्टी की जांच की जाएगी और सभी को उसकी जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी , इस दौरान किसान मेला का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाई गई चीजों की बिक्री भी की गई जिसमें हल्दी मिर्चा धनिया काढ़ा आदि बेचा गया और पेस्टिसाइड की दवा भी बेची गई। इस मौके पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्यम सिंह भूमि संरक्षण अधिकारी सुभाष चंद्रा डायरेक्टर गन्ना शोध संस्थान डॉक्टर पी के कपिल वरिष्ठ वैज्ञानिक जमुनाबाद डॉक्टर पीके विश्शेन प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कान्त अवस्थी सहकारी समिति राजापुर बेनी के अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह लोक भारती के जिला संयोजक अतुल रस्तोगी गन्ना समिति मोहम्मदी के पूर्व अध्यक्ष पंकज कुमार मिश्रा गन्ना सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन रामप्रताप वर्मा सहित कृषि विभाग मोहम्मदी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गोस्वामी तुलसीदास की कर्मस्थली चन्द्रभागा नदी के किनारे साहित्यकारों का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



अवधी की लोक मंगल यात्रा रचना से आलोचना तक के अहम पड़ाव गोस्वामी तुलसीदास जी की कर्मस्थली चन्द्रभागा नदी के किनारे साहित्यकारों के सम्मान के साथ विराम लिया। यह स्थान जनपद सीतापुर के अंतिम छोर पर गांजर में सरयू नदी के समीप चंद्रभागा नदी के किनारे अवधी की विशाल सभ्यता को अपने आप में समेटे है, गोस्वामी तुलसीदास जी ने अपनी साहित्य साधना के क्रम में अयोध्या से नैमिष की यात्रा नाव द्वारा करते समय यहीं पर नाव से उतरकर अपना चातुर्मासा व्यतीत करते हुए रामचरितमानस के दो कांडों की रचना इसी रामपुर मथुरा की धरती पर की थी। इसी क्षेत्र के ग्राम शमशेर पुरवा में जन्मे गंगा प्रसाद शर्मा गुण शेखर जिन्होंने हिंदी की सेवा करते-करते छोटे गांव से निकलकर देश-विदेश तक की यात्रा की । लाल बहादुर शास्त्री आई ए एस प्रशिक्षण केन्द्र मंसूरी मे भाषा का प्रशिक्षण प्रदान कराने वाले डॉक्टर गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर ने इस अवसर पर अपनी लोकमंगल यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि लोकमंगल यात्रा का शुभारंभ मन्यौरा लखीमपुर खीरी पंडित वंशीधर शुक्ल की जन्मस्थली से हुआ जो जनपद सीतापुर के विभिन्न साहित्यकारों की जन्मस्थली और कर्म स्थली से होकर तथा जनपद गोंडा के सूकर खेत से होकर लखनऊ यूनिवर्सिटी के सभागार में हिंदी अवधी के नामचीन कवियों लेखकों के बीच समापन होगा। साहित्यकारों ने भी लोगों को अपनी रचनाओं से जोड़ते हुए तालियां खूब बटोरी। इस अवश्य पर गोविन्द प्रसाद शर्मा, छोटे लाल मिश्रा,दीपक शर्मा सार्थक, संकटा प्रसाद दीक्षित, मोहन प्रसाद निषाद प्रधान अटौरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, जगदम्बा प्रसाद तिवारी, , सत्येंद्र वाजपेयी, ओ पी वर्मा, राम शंकर तिवारी, देव बहादुर निषाद प्रधान कलुवापुर, रामजन्म मौर्य सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, अध्यापक, छात्र छात्राये उपस्थित थे।

# राजा महमूदाबाद मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान का इलाज के दौरान हुआ निधन

जन एक्सप्रेस । श्रीश रस्तोगी

**महमूदाबाद(सीतापुर)।** आजादी से पहले जन्मे राजा महमूदाबाद मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान का 80 वर्ष की अवस्था मे इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल से अपना इलाज कर रहे राजा महमूदाबाद ने लखनऊ के कैसरबाग स्थित अपनी कोठी महमूदाबाद हाउस में बुधवार की सुबह करीब तीन बजे अंतिम सांस ली। उनके पुत्र सपा नेता प्रोफ़ेसर अली खान ने उनके निधन की पुष्टि की। राजा महमूदाबाद दो बार महमूदाबाद से विधायक भी रहे। उनके निधन की सूचना के बाद से महमूदाबाद स्थित किले पर लोगों के जुटने के साथ सोशल मीडिया पर भी शोक संवेदनाओं का तांता लगा। मंगलवार को उनके बेटे प्रोफेसर अली खान ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से लोगों से उनकी स्थिति में सुधार के लिए प्रार्थना करने की अपील की थी। शत्रु संपत्ति विवादों के चलते वह लगातार सुर्खियों में रहे। करीब 50 हज़ार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को लेकर वह लगातार सरकार से भिड़ते रहे। राजा महमूदाबाद कांग्रेस के नेता थे। वह 1985 और 1989 में कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुँचें थे। राजा महमूदाबाद पत्नी रानी विजया खान के साथ दो बेटे प्रोफेसर अली खान और राजकुमार अमीर हसन खान हैं। उनका शव महमूदाबाद किला में बुधवार की सुबह नौ बजे अंतिम दर्शन के लिए लाया गया। उनका अंतिम संस्कार महमूदाबाद के अमीरगंज स्थित कर्बला में आज बुधवार को सायं चार किया गया।

### सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की

राजा महमूदाबाद मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान उर्फ सुलेमान मियां के निधन पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित कैसरबाग हाउस पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके अतिरिक्त सांसद राजेश वर्मा, विधायक आशा मौर्य, सपा के पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री डा. अम्मार रिजवी, पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया , सपा नेता दिग्विजय सिंह, सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आर.के. वाजपेयी, पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, नगर पंचायत पैंतेपुर चेयरमैन जैनब जहां, प्रतिनिधि उरूज आलम, बेलहरा चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज खान, जैन एजेंसीज के प्रबंधक पारस जैन, नदीम अहमद, अनवार हुसैन सहित बड़ी संख्या में राजनैतिक हस्तियों, समाजसेवियों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### अधिकांश व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी

राजा के निधन पर क्षेत्र के कई विद्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। सीता इण्टर कालेज, यूनाइटेड अवध इण्टर कालेज, जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक, मौलाना आजाद महाविद्यालय, फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय महाविद्यालय, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, काल्विन इण्टर कालेज, डान बॉस्को हाईस्कूल सहित कई अन्य विद्यालयों में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। राजा के निधन की सूचना के बाद नगर में सन्नाटा रहा। अधिकांश व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी।

# शुरू हुआ नदियों से बालू खनन, जिम्मेदार अधिकारियों ने चलाया चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



नदियों से बालू खनन का कार्य शुरू होते ही विभागीय अधिकारियों तथा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सतर्कता तेज कर दी गई है। एसडीएम केके सिंह ने सड़कों में बालू लगे वाहनों की रोक-रोक कर चेकिंग करने से ही अवैध खनन करने वाले लोगों में खलबली मच गई है।
गौरतलब है कि प्रशासनिक तथा विभागीय दिशा निर्देशन के अनुरूप नदियों से खनन का काम लगातार 3 महीने बंद रहा है। एक अक्टूबर से कालपी तहसील के बेतवा तथा यमुना नदी के खनन क्षेत्र से बालू खनन का कार्य शुरू हो गया है।दरअसल बाढ़ तथा कीचड़ के कारण सड़के व रास्ते खराब है। इस वजह से खदानों के ठेकेदार गाड़ियों को खनन क्षेत्र के घाटों तक पहुंचने के लिए रास्ता को सही करने में जुटे हुए हैं। रास्ता सही होने के बाद सुगमतापूर्वक खदानों तक आसानी से भारी वाहन पहुंचने लगेंगे। कई स्थानों में खनन का काम तथा परिवहन शुरू हो गया है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम केके सिंह, क्षेत्राधिकार डॉ. देवेंद्र कुमार व राजस्व तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों के द्वारा नदी के बालू खनन क्षेत्र का बुधवार को निरीक्षण किया गया। इसके पहले जोधपुर कदौरा मार्ग में बालू लगे वहानों को रोक-रोकर एसडीएम ने चेकिंग की। चेकिंग के दौरान खनिज रॉयल्टी प्रप्त्र तथा गाड़ियों में लदी मौरम का अवलोकन किया। प्रशासनिक तथा विभागीय अधिकारियों की चेकिंग को सुनकर अवैध कारोबारी तथा परिवहन करने वाले लोगों में खलबली मच गई है। उप जिलाधिकारी के मुताबिक बालू खनन की चेकिंग का कार्य निरंतर चलता रहेगा।

## हालत बिगड़ने से इकलौते पुत्र की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र के सन्दी में मंगलवार को युवक की अचानक हालत बिगड़ गई। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।
आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सन्दी निवासी विनोद तिवारी के एकलौते पुत्र अमित तिवारी 35 वर्ष को मंगलवार के दिन अचानक तेज बुखार आया और खून की पलटियां होने लगी। इकलौते पुत्र की हालत गंभीर देख परिजन घबरा गए और जिला अस्पताल ले गए। बताया गया कि युवक ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड दिया। इकलौते पुत्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। फिलहाल परिजनों ने पुलिस कार्यवाही किए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर अधेड़ ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिझौना में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अधेड़ ने बाग में पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिझौना निवासी रमेश जाटव 47 वर्ष मंगलवार की रात शराब के नशे में धुत होकर दुबे के बाग में पहुंच गया। वहां पर उसने बाग में खड़े आम के पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली।सुबह खेत पर जा रहे लोगों ने शव को पेड़ पर लटका देखा तो उनमें अफरातफरी मच गई। वहीं मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर घटना की जानकारी पुलिस व उसके परिजनों को दी। मामले की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजनों के अलावा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वहीं घटना की जानकारी होते ही पुलिस भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और फांसी के फंदे पर लटक रहे अधेड़ के शव को मौजूद लोगों की मदद से नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पूंछतांछ शुरू कर दी।
फिलहाल परिजन भी उसकी मौत के बारे में कुछ भी सही जानकारी नहीं दे सके। मामले में कोतवाल समीर कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता लग सकेगा। फिलहाल मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

## पांच लोगों के खिलाफ की गई गैंगस्टर की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

संगठित गिरोह बनाकर चोरी व अपराधी घटनाओं को अंजाम देकर समाज में भय का वातावरण पैदा करने वाले आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रशासन के सख्त कदम से अपराधियों में खलबली मची हुई है।
मामले में कालपी कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना आटा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में संगठित गरोह बनाकर 5 लोग चोरी व अपराधी घटनाओं को अंजाम देते थे। इसको लेकर आटा थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपी आमिर मंसूरी पुत्र जब्बार मंसूरी निवासी मोहल्ला कागजीपुरा कस्बा कालपी सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत दर्ज मुकदमे की विवेचना की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी आमिर मंसूरी के खिलाफ साक्ष्य संकलन कर गैंगस्टर मामले की चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी है। जबकि विक्रम निषाद पुत्र मैय्यादिन, ओम प्रकाश निषाद पुत्र रामशंकर, पवन निषाद पुत्र राम लखन निवासीगढ़ ग्राम अलमोड़ी डेरा थाना आटा, राजेश्वर पाल पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम पुनैहटा थाना आटा के खिलाफ पुलिस के द्वारा गिरोह बंद अधिनियम के अंतर्गत चार्ज शीट न्यायालय में प्रस्तुत कर दी गई है।उन्होंने बताया कि आरोपियों के द्वारा अपराध के बलबूते पर धन अर्जित करके जो भी संपदा विकसित की गई है। उसके खिलाफ भी कार्यवाही विधिक तरीके से अमल में लाई जाएगी।

## दो अलग-अलग मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** अलग-अलग थानों में दो मारपीट के मामले दर्ज हुए। जिसमें पहला मामला एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी मानसिंह पुत्र रामदीन प्रजापति ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सत्येंद्र कुमार यादव पुत्र कल्याण सिंह उर्फ कंजू यादव निवासी पिरौना ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरा मामला डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरका निवासी धर्मेंद्र राजपूत पुत्र गजराज सिंह ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि भूरा पुत्र अशोक महाराज और धर्मेंद्र पुत्र पंचम दोनों निवासी खरका ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों के आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## छात्रों की फीस के पैसे का किया गबन

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बंबी रोड गोपालगंज उरई हाल तैनाती शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक डीवीसी कॉलेज विद्या गुप्ता पत्नी दीपक गुप्ता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि शैलेंद्र कुमार पुत्र कैलाश निवासी तुलसी नगर ने फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर कॉलेज के छात्रों द्वारा जमा की गई फीस वह कॉलेज की फंड से 8,13,323 रुपए की धनराशि का गबन कर लिया है। जिसके चलते पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर अभियुक्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

### आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंप शिक्षक समस्याओं के निराकरण की मांग की

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल बीईओ से मिला

**जन एक्सप्रेस । उरई**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक व नगर इकाई जालौन का प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश कुमार रजक व नगर अध्यक्ष हिमांशु पुरवार के संयुक्त नेतृत्व में व प्रदेशीय मीडया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास से बीआरसी भिटारा में मिला व पुष्पगुच्छ सौंपकर उनका स्वागत किया। इसके बाद ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही समस्याओं के शीघ्र निराकरण की माँग की।
प्रमुख रूप से वेतन बहाली स्पष्टीकरणों को संस्तुति सहित अग्रसारित करने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण से आये अध्यापकों के वेतन व एरियर का भुगतान कराने, संकुल बैठकों में शिक्षकों के किसी उचित कारण से उपस्थित न हो पाने पर सहाभूतिपूर्वक विचार करने, अवकाश आवेदनों को समय से अग्रसारित या स्वीकृत करने, एरियर आवेदनों को समय से अग्रसारित करने, निरीक्षण के दौरान विशेष परिस्थिति के कारण देरी से विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने, मानव सम्पदा पोर्टल पर लीव बैलेंस संशोधित करने, ग्रीष्मावकाश व शीतावकाश में ड्यूटी पर बुलाये जाने के बदले उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमण्डल में अभिषेक पुरवार ब्लॉक महामंत्री, कल्पना बाजपेयी नगर महामंत्री, कृष्ण गोपाल सिंह कोषाध्यक्ष, कल्पना राजपूत, दशरथ सिंह, धीरेंद्र सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## नौ के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाल लोकेंद्र सिंह ने भोला उर्फ वरदानी पुत्र रामदास कुशवाह निवासी करबई थाना करबई महोबा समेत 9 लोगों के खिलाफ अभियुक्तगण द्वारा एक गैंग बनाकर अपने भौतिक एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए हत्या जैसे जघन्य अपराध किया और अवैध तरीके से धन की वसूली की और लोगों में भय पैदा किया। जिसके चलते उन्होंने सभी नौ लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## ऑनलाइन जुआ खिलाते हुए पकड़ा गया युवक

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ कोतवाली के उप निरीक्षक नन्हेंलाल ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा में छापा मार कर अभिषेक गुप्ता पुत्र महेश चंद्र निवासी मोहल्ला आजाद नगर को गिरफ्तार कर लिया। जब उन्होंने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से मोबाइल से ऑनलाइन घूम-घूम कर नाजायज जुआ खेलने मौके पर 2500 रुपये और जामा तलाशी 500 रुपये बरामद हुए पुलिस ने उसके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

# लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही पृथक बुंदेलखण्ड राज्य की मांग उठी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए बुंदेलखंड राज्य निर्माण संघर्ष समिति बांदा के संयोजक रमेश चंद्र दुबे कार्यकर्ताओं के साथ महोबा मुख्यालय पहुंचे और लोगों को अलग राज्य बनवाने के लिए जागरुक किया। संयोजक के नेतृत्व में शहर के आल्हा चैक पहुंची यात्रा ने अलग राज्य के लिए नारेबाजी की। संयोजक ने बताया कि वह जनपद बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और मध्य प्रदेश के भी जिलों में यात्रा निकालकर लोगों को अलग राज्य बनवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग दशकों से चली आ रही है। लेकिन राज्य और केंद्र सरकारों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। झारखंड, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ राज्यों का निर्माण किया जा चुका है। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की अपेक्षा की गई। बुंदेलखंड राज्य आज की आवश्यकता है। यहां का राजस्व दूसरे क्षेत्रों की खर्च किया जाता है। शिक्षित और श्रमिक वर्ग के लोगों को भूख मिटाने के लिए पलायन करना पड़ता है। राज्य निर्माण होने के बाद इस क्षेत्र के नागरिकों की संस्कृतिक पहचान बनी रहेगी। सरकार से आने वाली पीढ़ी के लिए पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग कर रहे हैं। संतोष धुरिया ने कहा कि राज्य बनने से यहां के नागरिकों को लाभ होगा और इस क्षेत्र का बेहतर विकास होगा, सभी लोग इस आंदोलन में सहभागिता दें।

## छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट से मची अफरा-तफरी

**जन एक्सप्रेस । कोंच**

नगर के मार्कंडेयश्वर तिराहे पर मंगलवार की शाम सड़क के बीचों-बीच छात्रों के दो गुट किसी बात को लेकर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। घटना देखकर वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान किसी राहगीर ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।
कोंच में बीते दिन मंगलवार की देर शाम नगर के मार्कंडेयश्वर तिराहे पर बीच सड़क पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब कई छात्र एक दूसरे पर लात घूसे और बैल्ट चलाने लगे। इसी दौरान मारपीट की घटना का वहां किसी ने वीडियो बना लिया जो अब सोशल साइट्स पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के बाद हरकत में आई पुलिस अब मारपीट में शामिल छात्रों की पहचान करने में लग गयी है।
फिलहाल एक पक्ष पुलिस को तहरीर देने के लिए कोतवाली पहुंचा है। पुलिस ने क्या कार्रवाई की इस बात की जानकारी पुलिस ने नहीं दी। बताया जा रहा है कि छात्र ग्रामीण क्षेत्र के हैं और नगर में संचालित एक कोचिंग सेंटर के छात्र हैं। किसी बात को लेकर छात्रों के बीच मारपीट हो गई। जिसने बड़ा रूप ले लिया और स्थानीय लोगों ने मारपीट का वीडियो मोबाइल से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## वर्मा तालाब का ओवरफ्लो पानी निकाले जाने को लेकर जिलाधिकारी को कृषकों ने लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



जिले के कस्बा कबरई स्थित वर्मा तालाब ओवर फ्लो नाला बंद होने से कृषको की बोयी गयी खरीफ फसल नष्ट हो गयी है, तथा ओवर फ्लो नाले के जमीदोज हो जाने से रवी की फसल की बुबाई होने मे कृषको को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।
ओवर फ्लो नाले को खोले जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियो द्वारा जिलाधिकारी को पत्र सौपा गया है।
भारतीय किसान यूनियन द्वारा जिलाधिकारी को लिखे गये पत्र मे कहा है कि किसानो की जमीन वर्मा तालाब से लगी हुई है। वर्मा तालाब मे पिछले वर्ष मिट्टी की खुदाई किये जाने के दौरान तालाब का ओवर फ्लो नाला जमीदोज हो गया था जिस कारण तालाब का ओवर फ्लो पानी न निकल पाने से कृषको के खेत डूब मे आ गये है। तालाब के पानी निकाले जाने तथा खराब हुई खरीफ फसल का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। पत्र मे कृषको द्वारा जिला प्रशासन को धमकी दी गयी है कि 10 दिन के अंदर वर्मा तालाब का ओवर फ्लो पानी नही निकाला गया तो कृषको धरना प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होगे जिसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में सभी लोग बढ़ चढ़कर करें अपना योगदान: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत देश भक्तों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को हृदय में सजोने और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने, युवाओं को उनके बलिदान एवं देश भक्ति के बारे में बताने, हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के प्रति कृति संकल्पित करने के लिए पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
इसीक्रम में आज जनपद महोबा के कबरई ब्लॉक में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चैधरी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पूरे देश में यह कार्यक्रम हो रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य है कि जो हमारे युवा शक्ति व नारी शक्ति है उन सभी लोगों को हम जोड़ पाए। यह सभी लोग आने वाले समय में देश का भविष्य है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का सपना है कि 2047 तक हम अपने देश को एक विकसित देश बनाएं और सभी देशवासियों को इस कार्यक्रम से जोड़ पाए। इस कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम पंचायतों से मिट्टी ली जाएगी, आपका जो संघर्ष है जो आपका दर्द है सब मिलकर सम्मिलित होगा यह मिट्टी कलश में भरकर लखनऊ भेजी जाएगी, जो हमारे देश के जवान शहीद हुए है हम सभी लोग इस कार्यक्रम के तहत उन लोगों को भी श्रद्धांजलि दे पाएंगे। जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक परिसर में गांव से आए हुए ग्रामवासियों व कर्मचारीगणों को पंचप्रण की शपथ दिलाई तथा सभी जनपदवासियों को संदेश देते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में सभी लोग बढ़ चढ़कर अपना योगदान दें।
इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी कबरई सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# फर्जी पुत्र बनकर किसान की हड़पी करोड़ों की भूमि

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

सम्पत्ति अर्जित करने के लिए लोग कितने कौतक करते है दूसरो को अपना बाप बनाकर सम्पत्ति हड़पे जाने का कुचक्र कैसे रचा जाता है ऐसे कृत्य करने मे लज्जित होने की जगह लोग गौरावित होते है। ऐसे व्यक्तियो के अंदर सामाजिक भय तथा ईश्वरी भय की भी कोई परवाह नही है। बेशर्मी की हद तो तब हो गयी जब सम्पत्ति के लालच मे पिता को ही बदल डाला, और एक दूसरी जाति के व्यक्ति को अपना पिता बताकर करोड़ो रूपये की जमीन चकबंदी अधिकारियो से सांठ गांठ कर हड़पे जाने का मामला शहर मे चर्चा का विषय बना हुआ है।
रामप्रकाश शिवहरे पुत्र स्व0 रामप्रकाश निवासी ग्राम सिजहरी द्वारा जिलाधिकारी महोबा को दिये गये प्रार्थना पत्र मे जालसाजो का पर्दाफाश करते हुए मामले की गहनता से जांच कराये जाने और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसके पिता की जमीन एक सोनी परिवार द्वारा हड़प लिये जाने वाले लोगो के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।
रामप्रकाश पुत्र रामदास निवासी ग्राम सिजहरी तहसील व जनपद महोबा द्वारा जिलाधिकारी को लिखे पत्र मे उल्लेख किया है कि मेरे गांव सिजहरी निवासी प्रेमसोनी व लखन सोनी पुत्रगण माधव प्रसाद द्वारा अवैध तरीके से धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चकबंदी के दौरान फर्जी समझौता दिखाकर अपने उसके पिता की भूमि करा ली है। उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौपा है। रामप्रसाद द्वारा जिलाधिकारी को लिखे पत्र मे कहा है कि ग्राम सिजहरी स्थित भूमिचक क्रमांक सं0 600 मे रामप्रकाश पुत्र रामदास व भूमि क्रमांक 6.2 मे मृतक चेतराम पुत्र काशीप्रसाद के वारिस हरिश्चन्द्र आदि पुत्र चेतराम वरासतन दर्ज है। जिसमे चकबंदी दौरान लखनलाल सोनी पुत्र माधव प्रसाद व प्रेमचन्द्र सोनी पुत्र माधव प्रसाद ने फर्जी समझौता तैयार चक दिखाकर गाटा संख्या 1012, 1013 व 1014 की मालीयत उड़ान चक प्रेमचन्द्र पुत्र माधव प्रसाद महोबा दर्ज है एवं 1014.1015 1039, 1043 इसकी मालीयत लखन पुत्र खसरा 01171 पर माधव प्रसाद ने अपने नाम हासिल की है एवं 1041 गाटा व 982, 983 संतोष पुत्र लखन के नाम चक संख्या 601 मे दर्ज है। चकबंदी दौरान लखन आदि ने चकबंदी कर्मचारियो से सांठगाठ करके अवैध तरीके से चेतराम का लड़का बनकर लखनलाल ने धोखाधड़ी की है। रामप्रसाद के प्रार्थना पत्र को जिलाधिकारी से गम्भीरता से लेते हुए मामले की सम्बंधित अधिकारियो को जांच पड़ताल करने तथा दोषियो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के आदेश जारी किये है।

## शक्ति दीदी माड्यूल के सफल संचालन हेतु महिला पुलिस अधिकारियों को क्षेत्राधिकारी ने दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




उत्तर प्रदेश पुलिस एवं उ0प्र0 शासन के संयुक्त प्रयास से महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में शक्ति दीदी प्रशिक्षण पुस्तक का अनावरण किया गया एवं शक्ति दीदी माड्यूल के सफल संचालन हेतु जनपद महोबा के प्रत्येक थाने में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता सुश्री गंगवार द्वारा शक्ति दीदी प्रोजेक्ट एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जनपदीय महिला पुलिस अधिकारियों व महिला बीट पुलिस अधिकारियों की टीमों के कार्यदायित्वों की समीक्षा की गई तथा सभी को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें बताया गया कि बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले प्रमुख कस्बों, बाजारों, स्कूल, कालेजों, कोचिंग संस्थानों व बैंकों के आस-पास निरन्तर भ्रमणशील रहें, महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास कर उनका निस्तारण करें साथ ही उनकी सुरक्षा व सहायता हेतु चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 दृमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक संतोष दुबे, थानाध्यक्ष महिला श्रीमति सुषमा, प्रभारी महिला रिपोर्टिंग चैकी चरखारी सहित जनपद के समस्त थानों में आयी हुई 05-05 महिला आरक्षीगण, शक्तिदीदी, महिला बीट पुलिस अधिकारी मौजूद रहीं।

### पहले फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी और अब

# स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर लटक रही बर्खास्तगी की तलवार

## 28 वर्ष से सीएचसी मिल्कीपुर पर नियुक्त है फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में 28 वर्ष से एक ही स्थान पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर रहे डीपी यादव के फर्जीवाड़े की फेहरिस्त लगातार बढ़ती ही जा रही है। पहले फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी और अब महानिदेशक की ओर से कराई गई जांच में फर्जी नियुक्ति की रिपोर्ट आने के बाद डीपी यादव पर संकट के बदले गहराते ही जा रहे हैं।




बताते चलें कि उसकी नियुक्ति को लेकर अयोध्या जनपद के विकास खण्ड अमानीगंज निवासी विपिन कुमार शुक्ला ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। जिसमें महानिदेशक परिवार कल्याण को भी पार्टी बनाया गया है। न्यायालय ने महानिदेशक से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी यादव की नियुक्ति के बारे में जानकारी मांगी थी। जानकारी प्राप्त करने के लिए महानिदेशक ने अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल को जांच कराकर रिपोर्ट देने के लिए कहा था। सीएमओ की ओर से गठित की गई तीन सदस्य टीम ने जांच रिपोर्ट में लीपा पोती कर महानिदेशक के यहां रिपोर्ट भेज दी। जिससे महानिदेशक संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने प्रथम नियुक्ति बताए जाने वाले जनपद हमीरपुर के सीएमओ से जांच रिपोर्ट तलब की ।सीएमओ हमीरपुर ने स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी यादव के द्वारा बताए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरीला, जहां नियुक्ति बताई जा रही है, पर जांच कराई तो उनको वहां पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति से संबंधित सेवा अभिलेख या व्यक्तिगत पत्रावली नहीं प्राप्त हुई। हालांकि वहां पर एक अप्रैल 1993 से एक दिसंबर 1994 तक वेतन लेने की बात जरूर सामने आई है। किंतु डीपी यादव की सेवा पुस्तिका में उसकी नियुक्ति 1990 में बताए जाने का कोई प्रमाण पत्र नहीं मिला है।

यदि उसकी 1990 में नियुक्ति हुई थी तो उसे वेतन 1993 से कैसे जारी होना प्रारंभ हुआ। यह सवाल अब तक अनुत्तरित हैं। फिलहाल सीएमओ हमीरपुर ने महानिदेशक को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। जिसमें यह कहा है कि डीपी यादव की नियुक्ति से संबंधित सेवा अभिलेख व व्यक्तिगत पत्रावली इस जनपद में उपलब्ध नहीं है।

ऐसे में एक बात फिर डीपी यादव की ओर से की गई जालसाजी से पर्दा उठता नजर आ रहा है। अब महानिदेशक को ही फैसला करना है कि न्यायालय को क्या जवाब दिया जाएगा। डीपी यादव के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर बर्खास्तगी की तलवार लटकती नजर आ रही है। सीएमओ अयोध्या डा संजय जैन का कहना है कि निर्णय महानिदेशक वह उच्च न्यायालय को करना है।हम इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कह सकते।

---

## घर का ताला तोड़कर परिजनों के सोते समय हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के हृदयीपुर गांव में फैजाबाद से इलाहाबादी जाने वाले प्रमुख मार्ग के किनारे अपना जीवन यापन कर रहे एक गरीब परिवार के घर का ताला तोड़कर परिजनों के सोते समय चोर चोरी करने में सफल रहा जिसकी शिकायत कोतवाली में करने पर कोतवाली के उप निरीक्षक राम अवतार हमराही के साथ मौका देखकर आश्वासन दिया कि इसकी गहनता से जांच की जाएगी लेकिन जिस ताला को तोड़कर चोरों का अंदर जाना बताया जाता है वह ताला घर में रखी हुई चाबी से बंद हो रहा है और खुल रहा है जिससे चोरी में संदेह भी पैदा की जा रही है पीड़ित केश कुमारी पत्नी अमरनाथ कोरी निवासी हृदयीपुर ने बताया कि एक पाउजेब, दो जोड़ी पायल, मटर माला, कान का झाला सोने का और पांच हजार रुपये नगद टूटे-फूटे पुराने झूले में एक कोने पर टांग के रखी थी जिसमें रखे उक्त सामान को चोर चोरी करने में सफल होना बताया है।

---

# नशेड़ी भाई ही निकला भाई का कातिल

**✱ भयंकर शराब के नशे में डंडों से पीट पीट कर की थी भाई की निर्मम हत्या,भेजा गया जेल**



**जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर-अयोध्या**

इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर पूरे प्रकाश गांव निवासी 38 वर्षीय अखिलेश सिंह पुत्र हरिहर सिंह सिंह की निर्मम हत्या का खुलासा इनायत नगर पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने सगे भाई की हत्या करने वाले भयंकर शराब के नशेड़ी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए हत्यारे भाई के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा और बल्ली भी बरामद कर लिया है। बताते चलें कि पूरे प्रकाश गांव में बीते मंगलवार की दोपहर करीब 12:30 बजे 38 वर्षीय अखिलेश सिंह का लहू लुहान शव घर में ही चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ पाया गया था।

मृतक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान भी बने हुए थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने घटनाक्रम की बारीकियों से निरीक्षण किया था और हुए घटना में प्रयुक्त लाठी व बल्ली को अपने कब्जे में लेते हुए मृतक अखिलेश के शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। पुलिस ने प्रथम प्रथम दृष्टया मृतक के छोटे नशेड़ी भाई दिनेश सिंह को तत्काल मौके से ही हिरासत में ले लिया था और कड़ी पूछताछ में जुट गई थी।

घटना की जानकारी के बाद मायके से अपने घर पहुंची मृतक अखिलेश सिंह की मां मालती सिंह ने अपने सगे मंझले बेटे दिनेश सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने हेतु पुलिस को तहरीर दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए नशेड़ी युवक से पूछताछ कि जहां युवक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए घटना की सारी कड़ियां एक-एक कर बयां कर दी। दिनेश सिंह से पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी दिनेश सिंह ने बताया कि हम दोनों भाईयों ने शराब पी थी और शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज होने लगी थी। मुझे गुस्सा आ गया तभी मैंने अपने भाई अखिलेश सिंह को लाठी व लकड़ी की बल्ली से मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस अपने सगे भाई को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी दिनेश सिंह को थाना क्षेत्र स्थित सिद्ध नाथन मंदिर के पास से गिरफ्तार किए जाने का दावा कर रही है। मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक अखिलेश सिंह की मां की तहरीर पर सगे भाई दिनेश सिंह पर गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय पेश कर दिया गया जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

---

## वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में प्रतियोगिता से हमें अपनी कमियों का पता चलता है: लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




सांसद मेधा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड मिल्कीपुर में आयोजित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्र- छात्राओं को सांसद लल्लू सिंह व आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया।बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता हमें सफलता के पथ पर अग्रसर करती है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में प्रतियोगिता से हमें अपनी कमियों का पता चलता है। जिसे दूर कर हम अपने व्यक्तित्व विकास में निखार ला सकते है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से मन में आत्मविश्वास बढ़ता है। आत्मविश्वास ही व्यक्तित्व विकास की सीढ़ी है।

इस दौरान अयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला प्रतियोगिता में अनुभव कुमार मिश्र प्रथम, हर्षवर्धन द्वितीय तथा सदापरवीन तीसरे स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में पुष्पांजलि पाण्डेय प्रथम, रामानंद मिश्र द्वितीय, रौनक तृतीय कविता प्रतियोगिता में स्वास्तिक दुबे प्रथम सुनेहा द्वितीय व अमन तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में अनुभव कुमार मिश्र व स्वास्तिक दुबे पू.मा.वि. टिकरा प्रथम पू.मा.वि. कहुआ द्वितीय तथा प्रा. वि. सिरसिर तीसरे सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मिल्कीपुर प्रथम कम्पोजिट विद्यालय किनौली द्वितीय तथा कम्पोजिट विद्यालय सिरसिर तीसरे स्थान पर रहा है।इस दौरान ब्लाक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के कर्मचारी व अधिकारी सहित संचालन समिति के सदस्य, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

# सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं हाईवे पर मौजूद आवारा पशु

**✱ क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को मांग पत्र भी भेजा गया**

**जन एक्सप्रेस । बीकापुर- अयोध्या**



आवारा छुट्टा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के लिए तमाम दिक्कतें पैदा कर रहे हैं। कभी-कभी सड़क दुर्घटना का कारण भी बनते हैं और जानलेवा साबित होते हैं। बीकापुर के आसपास प्रयागराज हाईवे पर आवारा पशुओं का झुंड अक्सर लोगों के लिए सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं। हाइवे पर आवारा पशु झुंड में अपना डेरा जमाए रहते हैं। ऐसा ही एक नजारा बुधवार को बीकापुर के समीप व्यस्ततम इलाका जलालपुर तिराहा प्रयागराज हाईवे पर देखने को मिला। प्रयागराज हाईवे आवारा पशुओं की शरणास्थली बना हुआ है। बुधवार को जलालपुर माफी में आवारा गोवंश पशुओं का झुंड काफी समय तक हाईवे पर मौजूद रहा लोगों को आवा गमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

तथा अवरोध बना रहा। प्रयागराज हाईवे पर आए दिन कई पशु भारी वाहनों की टक्कर से घायल होते रहते हैं। जिसको लेकर जिम्मेदार मौन रहते हैं। विद्यालय आने जाने वाले छात्र- छात्राओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बीकापुर कस्बा में स्थित मिलिट्री ग्राउंड, तहसील परिसर, कोतवाली परिसर में भी आवारा पशु मौजूद रहते हैं। जिनसे लोगों को हमेशा खतरा बना रहता है। पिछले दिनों आवारा पशुओं की समस्या और ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे और पातुपुर गांव के ग्रामीणों द्वारा तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करके उच्च अधिकारियों को मांग पत्र भी भेजा गया था। लेकिन अभी तक कोई पल नहीं हुई है। क्षेत्र के जागरूक लोगों कहना है कि आवारा पशुओं को गौशाला भेजे जाने की शासन की योजना पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है धरातल पर कोई काम नहीं होता है।

---

## निशुल्क शिविर आयोजित

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के पातुपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर बुधवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर में ग्रामीणों ने अपनी आंखों का परीक्षण करवाया। और चिकित्सीय सलाह लिया। शिविर का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद ने किया। कैंप में करीब 46 नेत्र पीड़ितों का परीक्षण किया गया। जिसमें करीब 10 ग्रामीण मोतियाबिंद की बीमारी से पीड़ित पाए गए। उनका निशुल्क ऑपरेशन करवाने का परामर्श दिया गया। शिविर का आयोजन अयोध्या फेको स्वास्थ्य आई केंद्र द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में नेत्र सहायक डॉक्टर हर्षित तिवारी, कैंप ऑर्गेनाइजर अरुण कुमार सिंह ने आने वाले मरीजों को परीक्षण के दौरान आवश्यक परामर्श व दवाई वितरित की। उन्होंने यह भी बताया कि जिन मरीजों का मोतियाबिंद हो जाने के कारण ऑपरेशन किया जाना है उनका ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया जाएगा। इसके अलावा आयुष्मान शिविर में सूची में शामिल 42 ग्रामीणों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए आवेदन कराया

---

# संजय सिंह के आवास पर ईडी के छापे के विरोध में आप का प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

आप सांसद व यू पी प्रभारी संजय सिंह के दिल्ली आवास पर ई डी ने छापा मारा ,इस बात की जानकारी जैसे ही आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को हुई।इसके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिलों में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया ।इसी कड़ी में अयोध्या के गाँधी पार्क में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि मोदी सरकार केंद्र की एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है।पहले सांसद संजय सिंह को राज्यसभा से सस्पेंड किया और अब अनायास छापे डालकर परेशान कर रही है। पार्टी के किसी भी नेता के यहाँ से कुछ भी नही मिलता है इसके बावजूद सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस तरीके के छापो से कतई डरने वाले नही है। प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या शुभम श्रीवास्तव महाराणा प्रताप वार्ड के पार्षद सुफियान महासचिव सुनील मौर्य खेलकूद प्रकोष्ठ के महासचिव रितेश सिंह छात्र सभा के प्रदेश सचिव मोहित यूके द्विवेदी महाराज गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश मौर्य गायत्री मिश्रा हर्षवर्धन कोरी सूरज प्रधान इंद्रजीत यादव बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अरविंद सेन शारजाह मास्टर नीलेश चतुर्वेदी हरिशंकर तिवारी आदि साथी प्रदर्शन में मौजूद थे।

---

# भाजपा द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई/ बलरामपुर**




भाजपा द्वारा चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन बुधवार को ब्लॉक के ग्राम पंचायत से ब्लॉक मुख्यालय पर संग्रहीत की गई। माटी कलशो को शहीद स्मारक पर रखकर श्रद्धा पूर्वक नमन कर दिया गया। साथ ही शहीदों को नमन कर कलश यात्रा रैली निकाली गई। जिसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने एसएसबी जवान, स्कूली बच्चों ग्राम प्रधानों के साथ भ्रमण करके संकलन किया गया।विकासखंड अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को कार्यक्रम में बुक देकर सम्मानित किया। तुलसीपुर ब्लॉक के कौवापुर में को सभी प्रधान कलश में संग्रहित की गई। वहां से गाजे बाजे के साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की व बीडीओ राजीव मोहन त्रिपाठी एसएसबी जवानों के नेतृत्व में रैली निकालकर देश के महान विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि हमें अपनी मिट्टी का सम्मान करना होगा। हमको अपने समृद्धि विरासत पर गर्व है। देश की रक्षा करने वालों का सम्मान सभी को करना होगा। देश की मिट्टी हमारे भारत माता है।

जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद भारत को विश्व की महाशक्ति के रूप में देखा जा रहा है। तुलसीपुर बीडीओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि मिट्टी मेरी देवी की तरह है। वहां आशीर्वाद देती है और हमारी रक्षा करती है। देश की मिट्टी का पूजा करें। पूजा करने का मतलब पेड़ लगाए। उसमें केमिकल का प्रयोग व प्रदूषित न करें। ब्लॉक के सभी गांव के मिट्टी को अमृत कलश में ले जाकर नई दिल्ली मे शहीदों की याद में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में एसएस बी जवानो ने भी स्कूली बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम समापन पर ग्राम पंचायत के सभी ग्राम प्रधानों को माला पहने का स्वागत करते हुए कलश को संकलित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जगदंबा प्रसाद मिश्र गणेश प्रसाद सोनी नंदकुमार वर्मा हाजी अकबाल चौधरी चरण वर्मा कलाम मुकेश यादव सच्चिदानंद सिंह मोहम्मद उमर शब्बीर अखिलेश्वर वर्मा समीउल्ला देवनारायण वर्मा विनय मिश्रा केसरी सिंह शहीद तमाम ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

---

## न्याय पंचायत सरवा में आज संचालित होगा संतृप्तिकरण अभियान

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर 05 अक्टूबर 2023 को ब्लाक हूजूरपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत सरवा की ग्रा.पं. ऐलिहा, पिपरिहा, महिपालसिंह, सदियाबाद, सरखना, सरवा, चाकूजोत, रानीपुर, ताजपुर, गोबरहा, गौरिया व कारीडीहा में विभागीय अधिकारियों के भ्रमण एवं निरीक्षण के माध्यम से उ.प्रा. विद्यालय बैकुण्ठा में आयोजित शिविर में पात्र असंतृप्त अभ्यर्थियों को आच्छादित किया जायेगा। डीएम ने न्याय पंचायत के सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का भरपूर लाभ उठाएं।

---

# एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के छात्रों ने एकत्रित किए दुर्लभ प्रजाति के पौधे

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज मे वनस्पति विज्ञान विभाग के एमएससी द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओ ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान दुर्लभ प्रजापत के पौधों का संकलन किया है। जानकारी के अनुसार एमएलकेपीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय के निर्देशन तथा डॉ मोहम्मद अकमल की अगुवाई में किया गया। शैक्षिक भ्रमण में छात्र छात्राओ ने पांच दिवसीय शैक्षिक पर्यटन व दुर्लभ वनस्पतियों के अध्ययन के लिए दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) का दौरा किया । इस दौरान छात्रों ने दुर्लभ वनस्पतियों का एक-एक नमूना भी एकत्र किया जिसमें लाइकोपोडियम, सिलाजीनेला, जिंगो बाईलोबा, इक्विटीसिस्टम, लुनुलेरिया, प्लाजियोकाज्मा तथा डिप्लॉटरीडियम प्रमुख है। छात्रों ने लायड बोटैनिकल गार्डन का भी भ्रमण कर विभिन्न वनस्पतियों के बारे में जानकारी हासिल की तथा एक अत्यंत दुर्लभ पौधा जिंगो बाईलोबा जिसको जीवित जीवाश्म भी कहा जाता है महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए तथा महाविद्यालय प्रांगण में लगाने के लिए प्राप्त किया । इस पौधे का उपयोग होम्योपैथी तथा आयुर्वेद में दवा के रूप में किया जाता है । एकत्रित किए गए पौधों के नमूनों को डॉ मोहम्मद अकमल ने विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन को सौंप दिया । विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने कहा कि निश्चित रूप से यह नमूने छात्राओं की प्रयोगिक कक्षाओं में पौधों के अध्ययन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । इस अवसर पर विभाग में मौजूद अन्य शिक्षकों जिनमें अजय कुमार, विपिन कुमार, सौम्या शुक्ला व राशि सिंह से भी यह जानकारी साझा की।

---

# 01 से जिले में शुरू हो जाएगी धान की खरीद

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत 01 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाले धान खरीद कार्य को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व पंजीकृत कृषकों के सत्यापन कार्य को हर हाल में पूर्ण कर लिया जाय। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदारों को से कहा है कि फसल अवशेषों को खेतों में जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए कृषि विभाग के सहयोग से गांव-गांव में मुनादी करा दी जाय तथा किसानों को पराली के बेहतर प्रबन्धन हेतु प्रेरित किया जाय। किसानों को बताया जाय कि पराली से कम्पोस्ट तैयार करना एक बेहतर विकल्प है, इससे पर्यावरण संरणण के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है। डीएम ने कहा कि किसानों को इस बात के लिए जागरूक करें कि वह अपने अतिरिक्त फसल अवशेष को गौआश्रय स्थल को दान कर पुण्य के भागी बने। डीएम ने सभी क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिया कि धान खरीद हेतु शासन द्वारा भुगतान के सम्बन्ध में जारी 48 घण्टे की गाइडलाइन का कड़ाई के साथ अनुपालन करेंगे तथा धान खरीद हेतु कृषकों एवं उनके पशुओं के लिए छाव, पानी व बैठने इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त के साथ शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार बैनर, रेट लिस्ट, प्रभाणित बांट व तराजू, बोरों सहित अन्य उपकरणों की व्यवस्था रखी जायेगी। डीएम मोनिका रानी ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी क्रय केन्द्र पर किसानों का शोषण जैसी शिकायत के संज्ञान में आने पर क्रय केन्द्र प्रभारी के साथ-साथ जनपद के प्रभारी अधिकारी भी कार्रवाई की ज़द में आयेंगे।

---

# जिला शांति समिति की अध्यक्ष ने उठाई सड़कों के मरम्मत की मांग

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

शहर की जर्जर सड़कों के खिलाफ जिला शांति समिति की सदस्य निशा शर्मा ने आवाज उठाई है। उन्होंने जिलाधिकारी मोनिका रानी को पत्र लिखकर शहर की जर्जर सड़कों को अविलंब दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में निशा शर्मा ने कहा है कि शहर के अग्रसेन चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग, रेलवे स्टेशन से ओवर ब्रिज जाने वाले मार्ग, ओवर ब्रिज के नीचे का मार्ग तथा दरगाह पूर्वी गेट के सामने का मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इस मार्ग पर आवागमन बहुत मुश्किल से हो पा रहा है। आए दिन सड़क हादसों का खतरा बना रहता है वाहनों की संख्या बढ़ जाने से सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। श्रीमती शर्मा ने कहा है कि इस सड़क का जीर्णोद्धार गणेश प्रतिमा विसर्जन से पूर्व ही हो जाना था, लेकिन अपरिहार्य कर्म से नहीं हो पाया है। अब इस सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाए, जिससे दुर्गा पूजा दशहरा तथा दीपावली जैसे त्योहारों पर लोगों को असुविधाओं का सामना न करना पड़े। दूसरी तरफ राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के प्रवक्ता रमेश चंद्र त्रिपाठी तथा भाजपा नेता अरुण कुमार मिश्रा ने बक्शीपुर नई बस्ती में जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि गोंडा रोड रेलवे क्रॉसिंग से मोहल्ला बक्शीपुर नई बस्ती डीजल पावर हाउस के सामने से



होकर जाने वाला रास्ता जो पहाड़ पक्कड़ होते हुए आसाम रोड को मिलता है, काफी जर्जर हो चुका है। इस मार्ग के अविलंब मरम्मत कराए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि इस मार्ग पर अधिकारियों के वाहनों के साथ-साथ अन्य वाहनों का आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में सड़क हादसों का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के दोनों और अतिक्रमण अधिक होने के कारण सड़क के किनारे पटरी नहीं है। सड़क भी काफी संकरी है यदि इसका विस्तारीकरण कर दिया जाए और सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कर दिया जाए तो किस मार्ग पर भी आवागमन सुलभ हो जाएगा और अन्य मार्गों पर वाहनों का दबाव भी काम हो जाएगा।

# पड़ताल : औसतन 15-20 प्रतिशत पीड़िताएं ही करातीं मेडिकल परीक्षण

- जनपद में महिला चिकित्सक को भी पीड़िताएं नहीं दे रहीं मेडिकल की सहमति
- कंसेंट न देने को रिफ्यूजल की तरह किया गया पेश
- डॉ. कमला मिश्रा को 160, तो डा. उजमा अख्तर को 60 पीड़िताओं ने नहीं दी सहमति

जन एक्सप्रेस | प्रशांत शर्मा




पीलीभीत। एक ओर जहां जनपद में यौन उत्पीड़न व दुष्कर्म के मामलों में मेडिकोलीगल केस न होने का मुद्दा गरमाया हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर पीड़िताओं द्वारा मेडिकल परीक्षण के लिए सहमति न देने का मुद्दा चिंतनीय है। रिपोर्टों की मानें तो बीते तीन माह में 79 में से 70 यौन उत्पीड़न के मामलों में पीड़िता द्वारा मेडिकोलीगल कराने से मना किया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इसको कंसेंट नॉट गिवेन बाइ द विक्टिम बता रहा है, तो वहीं दूसरा वर्ग रिफ्यूजल बाइ द विक्टिम की संज्ञा दे रहा है। कंसेंट और रिफ्यूजल में उलझे विवाद के बीच आंकड़ों की पड़ताल की गई। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि महिला चिकित्सक की मौजूदगी के बावजूद कई पीड़िताओं ने अपना मेडिकोलीगल नहीं कराया। बीते दिनों उठाए गए मुद्दे में महिला अस्पताल की सेवानिवृत्त महिला चिकित्सक डा. कमला मिश्रा के 31 मई 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद का आंकड़ा सामने लाया गया। आंकड़ों के अनुसार 1 जून 2023 से 30 सितंबर 2023 तक यौन शोषण व दुष्कर्म के वादों में पुलिस 79 महिलाओं को लेकर अस्पताल पहुंची जिसमें 9 महिलाओं ने अपना मेडिकल कराने की सहमति दी। शेष 70 महिलाओं ने मेडिकोलीगल कराने पर अपनी सहमति नहीं दी। एक वर्ग द्वारा इस असहमति को महिला अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पुरुष होना बताया गया और विक्टिम की असहमति को रिफ्यूजल की संज्ञा दे दी गई, जबकि वैधानिक भाषा में इसकी व्याख्या कंसेंट नाट गिवेन बाइ द विक्टिम है। मामले की पड़ताल की गई तो पाया कि 1 जनवरी 2023 से 30 सितंबर 2023 तक महिला अस्पताल में मेडिकोलीगल के लिए कुल 308 मामले आए जिसमें से 251 पीड़िताओं ने अपना चिकित्सकीय परीक्षण कराने की सहमति नहीं दी। 57 मामलों में चिकित्सकीय परीक्षण किया गया, जबकि दो मामले रेफर व एक मामले में मृत्यु दर्ज की गई। यह आंकड़ा तब है जबकि 1 जनवरी 2023 से 31 मई 2023 तक महिला चिकित्सक डा. कमला मिश्रा अस्पताल में मौजूद रहीं। इस दौरान डा. कमला मिश्रा की मौजूदगी में पुलिस 199 मामलों में पीड़िता का मेडिकोलीगल कराने पहुंची जिसमें 160 मामलों में पीड़िता ने परीक्षण की सहमति नहीं दी। कमोबेश यही हाल अन्य महिला चिकित्सकों द्वारा भी बताया गया। सीएमओ द्वारा महिला अस्पताल में भेजी गईं महिला चिकित्सक डा.अख्तर उज़्मा ने सितंबर 2022 से दिसंबर 2022 तक ड्यूटी की। दो माह में 60 पीड़िताओं ने महिला चिकित्सक को चिकित्सकीय परीक्षण करने के लिए अपना कंसेंट नहीं दिया। ऐसे में औसतन 15-20 फीसद पीड़िताओं द्वारा ही चिकित्सकीय परीक्षण की सहमति दी जा रही है, फिर चाहे परीक्षण करने के दौरान चिकित्सक पुरुष हो अथवा महिला, उससे आंकड़ों में कोई खास अंतर देखने को नहीं मिला है।



"किसी भी पीड़ित के मेडिकल को लेकर विभाग पूरी संवेदनशीलता बरतता है। उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए सभी संभव सरकारी अस्पतालों में मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। किसी भी पीड़िता का मेडिकल होना अथवा न होना उसकी निजी सहमति पर निर्भर करता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमों के अनुरूप कार्य करते हुए मेडिकोलीगल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पॉक्सो के मामलों में मेडिकल के लिए जनपद में चार महिला चिकित्सक मौजूद हैं। पुलिस विभाग के सहयोग से थानेवार सभी की जिम्मेदारी तय की गई है। पॉक्सो के मामलों में महिला चिकित्सक के पास केस रेफर करने के आदेश दिए हैं।
– डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

### पॉक्सो के मामलों में महिला चिकित्सक को रेफर हो केस

उच्च न्यायालय के सीनियर एडवोकेट कुलदीप जौहरी ने बताया कि पॉक्सो एक्ट की धारा 27(2) के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए केवल महिला चिकित्सक ही हकदार है। उनके मुताबिक यौन हिंसा की शिकार किसी भी महिला की मेडिकल जांच तभी की जाती है जब वह महिला सहमति देती है। सीआरपीसी की धारा 164ए(7) अदालत और पुलिस को पीड़िता की सहमति के बिना उसकी मेडिकल जांच करने से रोकती है। सहमति पीड़िता या उसकी ओर से सहमति देने में सक्षम व्यक्ति द्वारा दी जा सकती है।

### चार महिला चिकित्सक कर रहीं मेडिकोलीगल

महिला चिकित्सक की मौजूदगी न होने के मामले में प्रदेश की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणपति आर से वार्ता हुई तो उन्होंने बताया कि शासन की ओर से हाल ही में तीन महिला चिकित्सकों को पीलीभीत में तैनाती दी गई है जिसमें से दो महिला सर्जन हैं। सीएमओ डा. आलोक कुमार ने बताया कि आम धारणा है कि स्त्री एवं प्रसूति रोग का चिकित्सक महिला ही होगी लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है। जनपद में उपलब्ध महिला चिकित्सकों को थानेवार पीड़िताओं का मेडिकल करने की जिम्मेदारी दी गई है। सीएमओ के मुताबिक मार्च 2023 से लागू व्यवस्था में डा. मनीषा चौरसिया को बरखेड़ा, न्यूरिया, अमरिया, ललौरीखेड़ा व मझोला, डा.उजमा अख्तर को बीसलपुर, बिलसंडा, दियोरिया कलां व गजरौला, डा.रश्मि श्रीवास्तव को पूरनपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेडिकल कालेज में डा. केके भट्ट व हाल ही में तैनात डा. रतिका अग्रवाल को शहर कोतवाली एवं थाना सुनगढ़ी के मामलों में पीड़िताओं का मेडिकोलीगल करने के दिशानिर्देश दिए गए हैं। व्यवस्था के बाबत पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराया गया है।

### प्राइवेट प्रैक्टिशनर भी कर सकता मेडिकोलीगल

कानूनी तौर पर किसी भी पंजीकृत एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा मेडिकोलीगल परीक्षण किया जा सकता है, व रिपोर्ट पुलिस के माध्यम से न्यायालय को भेजी जा सकती है। चिकित्सकीय परीक्षण के लिए केवल सरकारी अस्पताल में जाने की बाध्यता नहीं है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्रवाई में फर्जी शिक्षक हुआ बर्खास्त

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। शिक्षा विभाग में फर्जी अध्यापकों पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरख नाथ पटेल का शिकंजा कसता जा रहा है। रामनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय परमलपट्टी में तैनात अध्यापक श्री श्याम नारायण राम को फर्जी अभिलेख के सहारे नौकरी करने के आरोप में विधिवत जांच करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बुधवार को बर्खास्त कर दिया गया। फर्जी शिक्षक को बर्खास्त करने के साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बर्खास्त शिक्षक पर एफआईआर दर्ज कराने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर को निर्देशित किया गया। शिक्षा क्षेत्र रामनगर के प्राथमिक विद्यालय परमल पट्टी में सहायक अध्यापक श्री श्याम नारायण राम 2018 में उर्दू शिक्षक भर्ती के तहत फर्जी अभिलेखों के आधार पर नौकरी हथियाने में सफल रहे थे। अभिलेखों के सत्यापन में शिक्षक पात्रता प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। जिस पर बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिकी दर्ज करने के कार्यवाही शुरू करने के साथ ही संबंधित शिक्षक की सेवा समाप्त कर दी गई।

### बाइक सवार ने वृद्ध को मारी टक्कर, हुई मौत

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। बैंक से अपना कार्य निपटाकर घर लौट रहे वृद्ध को बाईक सवार ने टक्कर मार दी। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के राजापुर पकड़ी गांव निवासी लुदुर यादव 75 वर्ष बुधवार दोपहर नगर के मडियाहू तिराहा पर स्थित बैंक आफ बड़ौदा में अपने किसी बैंक कार्य से आए हुए थे। वह बैंक का कार्य निपटाकर बैंक से बाहर निकल अभी कुछ दूर पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे बाईक सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाईक सवार भी गिर पड़ा और बाईक छोड़ मौके से फरार हो गया। घटना पर पहुंची पुलिस ने अगल बगल के लोगो ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें मछलीशहर सी एच सी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने उनके मौत की पुष्टि कर दी। घटना की जानकारी पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक यजुवेंद्र सिंह ने बताया वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के दोनो पुत्र राम आसरे व राम अकबाल भी कोतवाली पहुंच अज्ञात बाईक सवार के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

### विद्यालय में जलभराव से विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य प्रभावित

जन एक्सप्रेस/तरुणमित्र/ जौनपुर। महराजगंज का एक ऐसा विद्यालय जहां बरसात के दिनो के अलावा भी हल्की बारिस मे तालाब जैसी स्थिति बनी रहती है। जहां नन्हे मुन्ने सैकडो बच्चो के पठन पाठन मे भारी कठिनाई उठानी पड़ती है ! महराजगंज क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय ढेगहां जो इंग्लिश मिडियम के नाम से जाना जाता है वहां करीब डेढ़ सौ से अधिक बच्चो का नामांकन व पठन पाठन पांच अध्यापको द्वारा किया जाता है।ढेंगहां की दलित व ब्राह्मण बस्ती के बीच बना प्राथमिक विद्यालय परिसर की हल्की बारिस होते ही परिसर झील मे तब्दील हो जाता है। जहां प्रधानाध्यापक अजीत कुमार पाल व उनकी पत्नी समेत सभी पांच अध्यापक की तैनाती है। विद्यालय के प्रवेश गेट से लेकर समूचे परिसर तक पानी का जमाव बरकरार है सहायक अध्यापक नागेन्द्र प्रताप मिश्र ने बताया कि विद्यालय में इण्टरलाकिंग होने के कारण पानी बाहर निकल नही पाता। बच्चो के अभिभावक चन्द्रेज गौतम ,आल्हा ,शिवजीत गौतम का कहना है कि इंटरलाकिंग पर पानी जमा होने व काई पड़ने से किसी भी समय नन्हे बच्चो के साथ दुर्घटना घट सकती है। साथ ही साथ अभिभावकों को संक्रामक बीमारी का डर भी सता रहा है शिक्षा विभाग को चाहिए कि वे विद्यालय परिसर मे बलुई मिट्टी डालकर समुचित व्यवस्था करे। इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जल निकास की जल्द व्यवस्था पंचायत विभाग से कराई जायेगी!

### शास्त्रीनगर के उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो दिनों से नहीं मिल रहा बच्चों क़ो मिड डे मील

जन एक्सप्रेस/हजारा(पूरनपुर)। शास्त्री नगर के उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो दिन से छात्र-छात्राओं को मध्यहान भोजन नहीं मिल रहा है जिसके चलते छात्रों को भूखें ही रहना पड़ रहा है। विकासखंड पूरनपुर के अंतर्गत ग्राम शास्त्री नगर में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरकार द्वारा छात्रों को दिया जाने वाला दोपहर का भोजन नहीं बन रहा है जिसके चलते छात्र छात्राओं को भूखें ही रहना पड़ रहा है।इतना ही नहीं छात्र छात्राओं को दिया जाने वाला दूध भी कई महीनों से नहीं मिल पा रहा है।विद्यालय मे तैनात अध्यापक ने बताया कि मंगलवार को खाना बनाने के दौरान गैस खत्म हो गया था जिसके कारण केवल दाल ही बन पाई थी और दूसरे दिन बुधवार क़ो चूल्हे का वर्नल खराब हो जाने ने के कारण भोजन नहीं बन पाया है छात्र छात्राओं ने बताया की विद्यालय द्वारा दिया जाने वाला दूध भी काफी दिनों से नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि इसके पहले भी एक माह तक मिड डे मिल नहीं बनाया गया था।ग्रामीणों ने बताया ट्रांस शारदा क्षेत्र के विद्यालयों में अधिकारी भी जांच पड़ताल करने नहीं आते हैं जिसके चलते यहां के विद्यालयों में मनमानी होता रहता है।

## किसी बाबू ने मांगी मिठाई, तो जाएगी नौकरी : डॉ. राजागणपति

- निदेशक (प्रशासन) ने सभी सीएमओ दिए निर्देश
- डॉक्टरों को परेशान किया, तो कार्रवाई के लिए रहें तैयार

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत



निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश डा. राजागणपति आर ने परामर्शी के पद पर अनुबंधित कर प्रदेश भर में भेजे गए चिकित्सकों को बेवजह परेशान न करने के सख्त आदेश दिए हैं। निदेशक (प्रशासन) ने बाबूओं को किसी प्रकार की मिठाई न लेने की सख्त हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनके पास किसी बाबू की मिठाई लेने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो सीधे उस बाबू की नौकरी जाएगी। निदेशक (प्रशासन) डा. राजागणपति आर ने प्रदेश भर में सीएमओ को चिकित्सकों की ज्वाइनिंग, ट्रांसफर व पोस्टिंग अपने स्तर से कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल बाबूओं पर न छोड़ा जाए। बाबू मिठाई मांगकर परेशान करते हैं। यह हम सब जानते हैं कि किस प्रकार की मिठाई मांगी जाती है।

बुधवार को निदेशक (प्रशासन) डा. राजागणपति आर ने प्रदेश में हाल ही में भर्ती किए गए 356 विशेषज्ञ समेत 749 चिकित्सकों के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के कार्यभार ग्रहण करने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर थी जिसे 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। सभी सीएमओ प्रयास करते हुए अधिक से अधिक चिकित्सकों को कार्यभार ग्रहण कराएं।

निदेशक ने स्पष्ट किया कि पोस्टिंग के दौरान महिला चिकित्सकों का ध्यान रखा जाए। साथ ही जिला अस्पतालों में आवश्यक के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जाएं। निदेशक (प्रशासन) ने कहा कि सभी चिकित्सकों का मानव संपदा पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण करते हुए निर्धारित मानदेय दिया जाए।

कार्य के संबंध में निदेशक (प्रशासन) ने कहा कि चिकित्सकों से नियमित चिकित्सक की भांति कार्य कराया जाए, लेकिन कार्य का अत्यधिक भार भी न डाला जाए। मौजूद समस्त स्टाफ के साथ समन्वय बनाते हुए कार्य विभाजन किया जाए। नवनियुक्त चिकित्सकों को कोई प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। इमरजेंसी ड्यूटी व मेडिकोलीगल कराने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन इसमें भी नियमित सरकारी चिकित्सक को प्राथमिकता दी जाएगी।

## कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों ने शाखा प्रबंधक पर कराया केस दर्ज

जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

बीसलपुर। माउंट साफ्ट बेनीफिट इंडिया के शाखा प्रबंधक काफी समय से ग्राहकों द्वारा आईडी जमा किये जाने के मामले में धोखाधड़ी कर रहे हैं। पीड़ितों ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। माउंट साफ्ट के शाखा प्रबंधक बंजरिया निवासी मुनेन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह द्वारा पीलीभीत रोड पर बैंक का संचालन किया गया है। जिसमें ग्राहकों के साथ लगातार धोखाधड़ी व जालसाजी की जा रही है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव पैनिया हिम्मत निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र कालीचरन कोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी निवासी लवकुश, बिलसण्डा थाना क्षेत्र के गांव केचुआ निवासी आशाराम पुत्र मिर्ढ़ईलाल ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर शाखा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाये जाने की गुहार लगायी। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज किये जाने के निर्देश दिये। जिस पर पुलिस ने तीनों पीड़ितों की ओर से शाखा प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

## लक्ष्य से 310 प्रतिशत अधिक बनाए गए बी-पैक्स सदस्य



जन एक्सप्रेस | पीलीभीत

सहकारिता विभाग की ओर से चलाए गए बी-पैक्स सदस्यता अभियान के सफल समापन पर प्रेस वार्ता का आयोजन कर जानकारी दी गई। जिला सहकारी बैंक की मुख्य शाखा में आयोजित प्रेस वार्ता में सभापति सत्यपाल गंगवार ने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक बी-पैक्स सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में जनपद को 21280 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष 66015 सदस्य बनाए गए जोकि 301 फीसद है। शाहजहांपुर के बाद पीलीभीत प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक डा. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पहली बार सहकारिता अभियान किसानों से आगे बढ़कर मजदूर व अकृषक वर्ग तक पहुंचा है। सहकारिता ने कृषि विविधीकरण अपना लिया है। सबसे कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बकरी, मत्स्य पालन आदि के लिए लोन की सुविधा दी जा रही है। जनपद में 76 सहकारी समितियां संचालित हो रही हैं जिन्हें बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सोसायटी से जोड़ा गया है। 52 सोसायटी पर जन सुविधा केंद्र व 14 पर जन औषधि केंद्र संचालित करने की योजना है। बैंक के सचिव/सीईओ आलोक गुप्ता ने बताया कि सहकारिता के अंतर्गत मल्टीस्टोर संचालित किए जाएंगे। अमरिया रोड पर सहकारी ग्रीन रेस्टोरेंट आसपुर अंडरायन समिति द्वारा संचालित हो रहा है। शहर में टनकपुर रोड स्थित सहकारी समिति पर गेस्ट हाउस बनाया गया है। दो बारात घर जमुनिया सोसायटी व बिठौरा में खमरिया पुल के पास बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि बी-पैक्स सदस्यता अभियान में भगवांतापुर प्रथम, जहानाबाद दूसरे व बिठौरा कलां तीसरे स्थान पर रहे। इस दौरान शाखा प्रबंधक सौरभ गंगवार मौजूद रहे।

### पराली प्रबंधन को लेकर किसानों की गोष्ठी हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस/अमरिया। जनपद पीलीभीत के अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के गुरु तेग बहादुर इण्टर कॉलेज के गुरुद्वारे में पराली एवम पताई नहीं बल्कि उसको सड़ाकर खाद बनाए को लेकर हुई मीटिंग एस डी ओ कृषि विभाग कौशल किशोर ने किसानों को बताया पराली न जलाएं पराली जलाने से खेत में जो कीटाणु पैदा होते है वो नष्ट हो जाते हैं पराली न जलाने से पराल को खेत में ही सड़ाया जाए तो हमारे आपके खेतों में बहुत ताक़त जानदारी मिलती है। एस डी ओ कौशल किशोर ने किसानों को बताया पराली को खरीदने के लिए बदायूं प्लांट लगाकर पराली व गोबर से बायोगैस बना रहे हैं। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार यादव, एसडीओ कौशल किशोर, एपीओ तेज बहादुर जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद अंसारी,गंगवार, चेतराम, मुकेश कुमार, मो असद मलिक, विनोद कुमार, प्रकाश सिंह, मंजीत सिंह, गुरसेवक सिंह, गुरतेज सिंह आदि मौजूद रहे।

## जौनपुर के चौकीधरसन गांव में शुरू हुई बड़की दीदी फ़िल्म की शूटिंग

- बी फोर यू प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस महिला प्रधान भोजपुरी फ़िल्म की शूटिंग देखने के लिए गांव में उमड़ी रही भीड़




जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चौकीधरसन गांव में भोजपुरी फिल्म बड़की दीदी की शूटिंग शुरू हो गयी है। बुधवार को पूरे धार्मिक विधि विधान से फ़िल्म का मुहूर्त हुआ। इस दौरान फ़िल्म के प्रड्यूसर नीलाभ तिवारी, अंजनी तिवारी व डायरेक्टर संजीव भोरपे ने गणेश पूजा कर नारियल फोड़कर मुहूर्त कर फ़िल्म की शूटिंग शुरू की। फ़िल्म के प्रड्यूसर नीलाभ तिवारी ने बताया कि इस फ़िल्म में भोजपुरी फिल्मों की एक्ट्रेस अंजना सिंह व बेहतरीन रोल में प्रेम सिंह, विनोद मिश्रा के साथ- साथ कई एक्टर एक्ट्रेस काम कर रहे हैं। डायरेक्टर संजीव भोरपे ने बताया कि यह एक बेहद साफ सुथरी और परिवार के साथ बैठकर देखने वाली फिल्म बनेगा। जिसकी पूरी शूटिंग चौकी धरसन गांव में होगी। इस दौरान शुटिंग की सेट पर फ़िल्म के प्रड्यूसर नीलाभ तिवारी, अंजनी तिवारी, डायरेक्टर संजीव भोरपे, एक्ट्रेस अंजना सिंह, सत्येंद्र सिंह, भास्कर तिवारी, हृदय यादव, कैमरामेन विजय मंडल यूनिट से शूटिंग देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही।

## श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने साप्ताहिक बंदी न करने वाले दुकानदारों को दी कड़ी चेतावनी

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



चंदवक बाजार में बुधवार को निर्धारित साप्ताहिक बंदी के दिन दुकानदारों द्वारा दुकान न बंद करने की व्यापार मंडल की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंची श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव बंदी का पालन न करने वाले लगभग डेढ़ दर्जन दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी कहा कि आगे बंदी का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएंगी। चंदवक बाजार में श्रम विभाग व व्यापारियों में पूर्व में बनी सहमति के आधार पर बुधवार को साप्ताहिक बंदी निर्धारित की गई थी।जिसका पालन अधिकांश दुकानदार नहीं कर रहे है। जिसकी शिकायत व्यापार मंडल द्वारा उपजिलाधिकारी से की गई थी। जिसके निरीक्षण के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी पहुंची तो जानकारी होते ही दुकानें धड़ाधड़ बंद होने लगीं।उन्होंने ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो दुकानदार बंदी पालन न करते हुए पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।

## स्कूली बच्चों से सवार बस खेत में पलटी मची चीख पुकार बाल बाल बचे बच्चे

- क्षेत्रीय विधायक ने लोगों के साथ बच्चों को बस से निकालने में किया मदद

जन एक्सप्रेस | जौनपुर



स्कूल से घर छोड़ने जा रही बस खेत में पलटने से दर्जनों बच्चे बाल बाल बच गए बस पलटते ही रोने बिलखने की आवाज सुन ग्रामीण मदद के लिए पहुंच गये और बच्चो को सकुशल बस से निकलवाया बताया जाता है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीरी हाजीपुर मंगलनगर सुल्तानपुर की बस सरपतहा थाना क्षेत्र के मयारी गांव में बच्चों को छोड़ने घर जा रही थी कि रास्ते में अचानक बस खेत में पलट गई मौजूद लोग पहुंच कर बस से दर्जनों बच्चों निकाला इसी बीच क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह भी मौके पर पहुंच गए और लोगों के साथ मदद कर बच्चों को बस से निकलवाया और दूसरी बस की ब्वस्था कर बच्चों को घर तक पहुंचवाया। और बच्चो का ढांढस बंधाया। तब जाकर वहां से अपने गंतव्य के लिए निकले

## जिलाधिकारी ने दुर्गा पूजा शुरू होने से पहले सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का दिया निर्देश


जन एक्सप्रेस | जौनपुर




जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ऐतिहासिक दुर्गा पूजनोत्सव मनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक संपन्न हुई। विभिन्न दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों द्वारा मुख्य मार्गो यथा पॉलिटेक्निक चौराहे से सिटी स्टेशन, पॉलिटेक्निक चौराहे से ओलनगंज रोड, सिपाह से मानिक चौक, भंडारी रेलवे स्टेशन से रसूलाबाद सहित कुल 11 मुख्य मार्गों पर क्षतिग्रस्त मार्गो को रिकवर करने, गड्ढों को पाटने इत्यादि समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि इन मार्गों पर किसी भी प्रकार का कोई नया प्रोजेक्ट त्योहार समाप्त होने तक शुरू न करे। पुराने प्रोजेक्ट के तहत जहां कहीं भी गड्ढे है उसे पाट दे, सड़के मोटरेबल होनी चाहिए जिससे पूजनोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ईओ को निर्देशित किया कि प्रस्तावित सभी मुख्य मार्गों पर चूना छिड़काव करे, खराब स्ट्रीट लाइट्स को सही कराएं , साफ सफाई, पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था करें। एसीएमओ को निर्देशित किया कि मेडिकल एड, एंबुलेंस की व्यवस्था करें, कंट्रोल रूम का नंबर जारी करे, तथा सीएचसी सेंटरों को अलर्ट मोड पर रखे तथा एंबुलेंस में मौजूद सभी उपकरण सक्रिय अवस्था में होने चाहिए, इसके साथ ही उन्होंने विसर्जन घाट पर भी एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि इन मार्गों पर व पूजा पंडाल के आस पास पुलिसकर्मी निरंतर भ्रमणशील रहे, संवेदनशील पूजा स्थलों पर पीएससी फोर्स लगाया जाए, महिलाओं की सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाए। एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा पंडाल एवं पूजा स्थल पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे तथा लूज कंडक्टर, लटकते तार आदि की भी चेकिंग करे।दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि मूर्तियों की लंबाई मानक के अनुसार रखें, बिजली सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ले, वॉलिंटियर्स तथा प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स को भी पूजास्थल पर तैनात रखे जिस स्वरुप में विगत कई वर्षों से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है इस वर्ष भी उसी स्वरूप में मनाया जाए इसमें किसी भी प्रकार का कोई विस्तार न किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नगर पालिका में कंट्रोल रूम बनाया जाए जिससे सभी संबंधित विभागों के अधिकारी जुड़े रहे तथा स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग आदि के अधिकारी मौजूद रहे जिससे किसी अप्रिय दुर्घटना को रोका जा सके। कंट्रोल रूम समय से संचालित करें व्हाट्सएप ग्रुप पर भी सभी अधिकारी जुड़े रहे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0 राम अक्षयबर चौहान, एसपी सिटी बृजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने रिटायर्ड केडीए कर्मी समेत दो को रौंदा, मौत

- बीती देर रात लखनऊ कानपुर हाइवे पर दही थाना अंतर्गत हुआ हादसा
- लखनऊ में बन रहे घर के लिए टाइल्स देखने गए थे कानपुर
- टाइल्स ठेकेदार के साथ बाइक से लौटते समय हुआ हादसा



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

कानपुर-लखनऊ हाईवे पर दही थाना अंतर्गत अन्नपूर्णा मंदिर के पास बीती रात तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे के बाद भाग रहे डंपर को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों में एक रिटायर्ड केडीए कर्मी है। कानपुर नगर के जरौली फेज वन निवासी रमाशंकर त्रिपाठी (65) सेवानिवृत्ति केडीए कर्मी थे। वह मौजूदा समय में लखनऊ के विज्ञानखंड में अपना मकान बनवा रहे हैं। उसी के टाइल्स देखने के लिए वह ठेकेदार संदीप मिश्रा (45) निवासी खेदुपुर थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के साथ बाइक से बुधवार को कानपुर थे। देर रात वापस लौटते समय उनकी बाइक कानपुर लखनऊ के दही थाना अंतर्गत अन्नपूर्णा मंदिर के पास पहुंची इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार गिट्टी लदे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। उसकी चपेट में आने से दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी। रात में परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। सुबह पुलिस ने मृतक केडीए कर्मी के बेटे विकास की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराया। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि हादसे के बाद भाग रहे डंपर को दही चौकी चौराहे पर पकड़ लिया गया। घाटमपुर निवासी डंपर चालक अमित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक सेवा निवृत्त केडीए कर्मी रमाशंकर त्रिपाठी दो बेटे और दो बेटियां हैं। उनका एक बेटा बांटमाप विभाग में अधिकारी है। बेटियों की बेटियों की ससुराल लखनऊ में है इसीलिए कानपुर का मकान बेंच कर लखनऊ में मकान बनवा रहे थे। पति की मौत ऊषा रो रोकर बेहाल है। वहीं हादसे का दूसरा मृतक संदीप टाइल्स का काम करता था। उसकी मौत पर पत्नी अर्चना मिश्रा, मां प्रभावती समेत परिजनों बेहाल है। हादसे ने उसके दो बच्चों रचना (10) व जयदीप (5) के सिर से पिता का साया छीन लिया।

### हादसे की जद में आकर एक कार भी हुई क्षतिग्रस्त

बीती रात डंपर की टक्कर से हुई बाइक सवारों की मौत वाले हादसे में एक कार भी डंपर की जद में आकर क्षतिग्रस्त हो गयी। पहले तो चर्चा यह रही कि डंपर की टक्कर से बाइक सवार कार की चपेट में आ गए। हलांकि जांच पड़ताल में कार वाले की गलती न मिलने पर पुलिस ने उन्हें जाने दिया।

## ससुराल में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

- दो डॉक्टरों के पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, हैंगिंग से मौत की हुई पुष्टि

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अतरधनी गांव में दिव्यांग विवाहिता की संदिग्ध हालातों में मौत के बाद मायके वालों ने दहेज के हत्या का अरोप लगाया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दो डॉक्टरों के पैनल से हुए पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अतरधनी निवासी गौसिया उर्फ मोनी (28) पत्नी मोहत्सिम पुत्र हामिद अली का शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी पर पहुंचे मृतका के भाई सफीपुर के मोहल्ला शेख जादगान निवासी इरफान अहमद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बइन की शादी 22 दिसंबर 2018 थी। गौसिया श्रवण बाधित थी। शादी के कुछ समय बात से ही ससुराल वाले बहन को दहेज के प्रताड़ित करने लगे। मंगलवार को बहन ने फोन कर मारपीट की बात बताई थी। देर शाम उसकी मौत की सूचना मिली। जब बहन के ससुराल पहुंचा तो गौसिया के गले में खरोच के निशान थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिला अस्पताल के डॉ. अमित श्रीवास्त व डॉ. विनीत कुमार वर्मा के पैनल से शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।

## किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव



अजगैन कोतवाली के गांव चमरौली में एक किसान पुलिया के नीचे गिरने से गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन जानकारी पर उसे सीएचसी ले गये। जहां गंभीर हालत के चलते लखनऊ लेकर जाने के दौरान रास्ते मे उसकी मौत हो गई। विकास खण्ड के गांव चमरौली निवासी कललू 50 पुत्र जगदेव मंगलवार की रात को अपने खेतो की रखवाली करने गया था। सुबह गांव के लोगो ने गांव के बाहर बन शराब के ठेके के पास उसको देखा। जब दोपहर तक वह घर नही पंहुचा तो घर के लोग उसकी तलाश करने लगे तो वह ठेके के पास ही एक पुलिया के नीचे पड़ा मिला। परिजन उसे लेकर नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र लाये। जहां से गंभीर हालत में लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक परिवार में अकेला कमाने वाला था। पत्नी बिट्टी और लड़के शिवम व पवन एवं बेटी शिवानी व शिवान्सी का रो-रो कर बुरा हाल था। इस संबध में कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया की मामले की जानकारी नही है।





## निजी शैक्षिक संस्थानों के खिलाफ एबीवीपी ने खोला मोर्चा

- प्रदर्शन के बाद एसडीएम को सौंपा 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अभिवावकों की जेब पर डाका डाल रहे क्षेत्र में संचालित मानक विहीन विद्यालयों और कोचिंग सेंटरो के खिलाफ एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सफीपुर को ज्ञापन सौंपा। के एबीवीपी लवकुश नगर इकाई के जिले के कार्यकर्ताओं सफीपुर में अवैध व मानक विहीन शैक्षिक संस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं एवं अवैध रूप से संचालित कोचिंग संस्थान को लेकर 12 सूत्रीय डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सफीपुर को सौंपा। जिसमे मुख्य रूप से दुर्गा मंदिर रोड पर अवैध रूप से संचालित सभी कोचिंग संस्थान पर लगाम लगाने, महात्मा गांधी कालिंद्री बालिका इंटर कॉलेज में अध्यापन कार्य हेतु महिला शिक्षिकाओं की नियुक्ति करने, सफीपुर नगर में संचालित सनडीसन पब्लिक इंटर कॉलेज में हिंदू छात्रों का रक्षा सूत्र हटा दिए जाने का संज्ञान लेने, ठेके पर संचालित सेठ आसाराम पब्लिक स्कूल में चलने वाले एलपीजी गैस वाहनों पर कार्रवाई करने, बिना मान्यता संचालित मानक विहीन कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई करने जैसी मांगे शामिल रही। इस दौरान जिला सह प्रमुख आशीष श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री अंशू मिश्रा, जिला सह संयोजक अनुराग सिंह, प्रिंस मिश्रा, हर्ष गुप्ता, विकाश यादव, अंकित शर्मा, आशीष कुमार, कासिब मिर्जा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तबादलों का क्रम जारी, छह दारोगा इधर से उधर

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। बीती रात फिर एसपी ने सूची जारी कर छह उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। जिनमें चार चौकियों पर नए प्रभारी तैनात किए गए हैं। गौरतलब हो कि इन दिनों पुलिस विभाग के लोकसभा चुनावों के चलते तबादलों का क्रम चल रहा है। बीती रात भी एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने छह दरोगाओं की तैनाती में फेर बदल किया है। सदर कोतवाली की कांशीराम चौकी प्रभारी रहे सुभाष चंद्र को माखी थाना की पावा चौकी का प्रभार सौंपा गया है। औरास थाने में तैनात रहे दारोगा राजीव कुमार त्रिपाठी को कांशीराम चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अजगैन कोतवाली की राजबाग चौकी के प्रभारी नरेंद्र प्रताप को मौरावां थाने की गुलरिहा चौकी भेजा गया है। अजगैन थाने से दारोगा रामेश्वर सिंह को राजाबाग चौकी की जिम्मेदारी दी गयी है। दारोगा दृगपाल सिंह को पुलिस लाइन से अचलगंज थाने भेजा गया है। बारासगवर थाने की बक्सरघाट चौकी प्रभारी स्वदेश कुमार को न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया गया है।

### हत्या के दोषी पिता पुत्रों को सुनाया गया आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। हत्या के मामले में अदालत ने पिता पुत्रों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 30-30 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि वर्ष 2018 में अजगैन कोतवाली क्षेत्र में हुए हत्या का प्रकरण एडीजे तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन था। अदालत ने दोनों पक्षों गवाहों और सबूतों को देखने बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। जिसमें रजनीश उर्फ उमेश पुत्र शिवशंकर व उसके पिता शिवशंकर पुत्र स्व.सुखराम निवासी केवाना थाना अजगैन को मामले में दोषी करार दिया गया। अदालत ने दोनों को आजीवन कारावार के साथ साथ 30-30 हजार के अर्थदंड की भी सजा सुनाई है। इस निर्णीत मामले में अभियोजन पक्ष के एडीजीसी विनय शंकर दीक्षित व विवेचक निरीक्षक वीरपाल सिंह और पैरोकार मुख्य आरक्षी शिवाकांत का विशेष योगदान रहा।

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला महिला का शव

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में बीती रात एक महिला का शव संदिग्ध हालातों में घर के लिंटर में पड़े छल्ले में साड़ी के फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के हरदासपुर गांव में सावित्री (30) पत्नी दिनेश का शव बीती रात घर में लिंटर में पड़े छल्ले में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पति दिनेश के मुताबिक सावित्री मंगलवार को बांगरमऊ खरीददारी करने गयी थी। शाम को वापस आने बाद खाना खाने के बाद सो गयी थी। भोर पहर तीन बजे जागने पर सावित्री बिस्तर पर नहीं दिखी। इधर उधर देखने पर उसका शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। मृतका का विवाह करीब चौदह वर्ष पूर्व हुआ था। सावित्री की मौत से परिजनों का रो रोकर बेहाल हैं। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सकें हैं।

### टूटे नाले की कराई गई टेपिंग

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, अवर अभियंता घनश्याम मार्या के साथ मिश्रा कॉलोनी से सीताराम कॉलोनी की ओर जाने वाला बड़ा नाला रेलवे और पुराने यातायात पुल के बीच टूट गया था। उसका निरीक्षण किया। जिसके बाद पालिका कर्मियों और जेसीबी को बुलाकर नाले को बंद कराया। इसके साथ ही मातहतों को नाले की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये हैं। जिससे नाले का पानी गंगा में न जा सके। ईओ ने बताया कि टूटे नाले के कारण पानी गंगा की ओर जा रहा था। फिलहाल पानी रूकवाकर टेपिंग करा दी गई है। नाले की मरम्मत के निर्देश दिये गये हैं। जिससे जल्द नाले की मरम्मत का कार्य शुरू होगा।

### 18 पौवा अवैध देशी शराब के साथ शातिर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि दरोगा इन्द्रेश कुमार वर्मा हमराहियों के साथ गश्त पर थे, तभी गोताखोर तिराहे के पास पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से 18 पौवा अवैध देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चंपापुरवा निवासी हरीशंकर पुत्र नैकानी बताया। उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

### जेसीबी मंगवाई और समतलीकरण का कार्य कराया

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। नमामि गंगे घाट के सामने गंगा की निकली उपधारा गंगा का जलस्तर घटने के बाद पानी कम हो गया। जिससे पुल के नीचे दूसरी धारा में कम पानी भरा हुआ है। उसी पानी में नाले का पानी गिरने से पानी काला और स्याह हो गया था। इधर नित्य गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु गंदे पानी से होकर आ जा रहे थे। घाट के पंडों ने इसकी जानकारी पालिका प्रशासन को दी। इसके बावजूद पालिका ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस पर गंगा भक्तों ने श्रद्धालुओं की समस्या को देखते हुये बुधवार को जेसीबी मंगवाई और समतलीकरण का कार्य कराया। इसके साथ ही भरे गंदे पानी में बालू डलवाकर रास्ता बनवाई। जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सकेगी।



### सूचना

मैने अपने पुत्र अंकित यादव एवं पुत्रवधू कोमल यादव से संबंध विच्छेद करके इन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ती**
श्रीमती प्रीति यादव
पत्नी स्व. शिवपाल सिंह यादव
निवासिनी - 126 मंगला विहार - द्वितीय, रामादेवी, थाना चकेरी, कानपुर नगर।

### पति और ससुरालीजनों के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। थाना फतेहपुर 84 के मझेरिया खुर्द निवासी लालता प्रसाद ने बताया कि उसकी बेटी सुधा की शादी 2018 में उद्दा खेड़ा निवासी रामसागर पुत्र जयसिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन उसे मारते पीटते थे। कई बार समझाया गया इसके बावजूद 30 सितंबर को मारपीट कर भगा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रामसागर, जय सिंह, माधुरी, सरोजनी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है।

## शिवराजपुर बीआरसी में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण मिले

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह





**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर बीआरसी में समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत 6से 14 वर्ष के दिब्यांग बच्चों हेतु एल्मिको उपस्कर एवं उपकरणों के निशुल्क वितरण हेतु बुधवार को बीआरसी शिवराजपुर में कैंप का आयोजन हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, विशिष्ट अतिथि शुभम बाजपेई ब्लॉक प्रमुख शिवराजपुर,वरिष्ठ अतिथि माननीय कैलाश नारायण कटियार चेयरमैन प्रतिनिधि, श्रीमती उषा दिवाकर डीसी समेकित शिक्षा, कृपाशंकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी, आनंद पटेल तथा कमलेश गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी चौबेपुर तथा ककवन ने दिब्यांग बच्चों को उपस्कर एवं उपकरण वितरित किए और अपने आशीर्वचनों से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उच्च प्राथमिक विद्यालय दिलीपनगर की छात्रा रिया शुक्ला को जिले में स्पेल बी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरुष्कृत किया गया। मंच संचालन मीडिया प्रभारी डा प्रगति रघु सक्सेना ने किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से सुबोध शुक्ला, अरविंद शुक्ला,जितेंद्र गौर, डा.विवेक वर्मा,राजीव मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, अल्का गौर, नीरजशुक्ला, सत्यप्रकाश, प्रदीप, विजय, दिनेश, पुष्पेंद्र, ब्रजेश, सीमा, पद्मा, नलिनी, रूपांजलि, जूलिएट, अनिल पांडेय, संजय पांडे, एआरपी गिरीश दीक्षित, ब्रजेश शुक्ला, दिलीप यादव,वरुण प्रजापति आदि का विशेष सहयोग रहा।



## कानपुर में अब मंदिर भी नहीं सुरक्षित ,गोपेश्वर महादेव शिव मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के लाख प्रयासों के बावजूद भी शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मसवानपुर पक्का तालाब के पास स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए दान पत्र में रखें लगभग 1 से डेढ़ लाख पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। सूत्रों के मुताबिक श्री बांके बिहारी मंदिर, पक्का तालाब मसवानपुर के गोपेश्वर महादेव (शिव मंदिर) से कल रात ताला तोड कर दानपात्र में रखे रूपयों को चोरों ने पार कर दिया। इस मंदिर का जीर्णोद्धार सनातन मंदिर चेतना सोसायटी ने 2017 में कराया था तब से यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। सुबह शाम काफी श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं। परंतु असामाजिक तत्वों को यह पसंद नहीं था क्योंकि मंदिर के पुनः सामाजिक आस्था का केंद्र बन जाने से उनकी असामाजिक गतिविधियां नहीं हो पा रही थी। बुधवार की सुबह 4:30 बजे रोज की तरह जब आस पड़ोस की महिलाएं मंदिर में पूजा करने पहुंची तो मुख्य द्वार व दान पत्र का ताला टूटा हुआ प्रकार महिलाओं ने मंदिर के केयरटेकर रमाकांत अवस्थी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद रमाकांत अवस्थी ने सनातन मंदिर चेतना समिति के सचिव अजय मिश्रा को फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी। जैसे ही घटना की जानकारी रावतपुर पुलिस को कोई वैसे ही पुलिस में घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सनातन मंदिर चेतना समिति के सचिव अजय मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि लगातार यहां पर आराधिका तत्व आते ही रहते हैं। एक दिन पूर्व ही पक्का तालाब में मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की पक्का तालाब में डूबकर दर्दनाक मौत हुई थी। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कल शाम को घटनास्थल पर पुलिस आई थी और वहां से लोगों को हटा दिया था जिसकी वजह से चोरों ने सन्नाटे का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस को चोरी की घटना का प्रार्थना पत्र दे दिया है।



## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात सिपाही के पिता हुए लापता

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के कुरसौली गांव निवासी धीरेंद्र गौतम पुलिस में कांस्टेबल है और वर्तमान समय में वह उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री की सुरक्षा का हिस्सा हैं। धीरेन्द्र के पिता रमेशचंद गौतम उम्र 58 वर्ष मंगलवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में घायल गुजैनी ए ब्लाक रामलीला ग्राउंड निवासी अपने बहनोई धर्मेंद्र गौतम को देखने सवारी से गए थे?। साथ में कुछ रुपये भी ले गए थे। रमेश चन्द्र के भाई राकेश ने बताया कि जब वह शाम करीब 6 बजे रमेश चन्द्र गुजैनी से घर के लिए वापस निकले थे लेकिन घर नहीं पहुंचे। और जब उनका मोबाइल ट्राई किया गया तो उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने काफी प्रयास किया लेकिन कुछ पता न चला इस पर उन्होंने दबौली और गुजैनी थाने में मौखिक सूचना और रमेशचंद्र की फोटो दी है। इसके बाद दबौली और गुजैनी पुलिस लगातार रमेश चंद्र की तलाश में जुटी हुई है लेकिन अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। रमेश चंद्र के परिजनों को डर है कि रमेश चंद्र के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो गई हो।

## 33 करोड़ गोबर के दियों से मनाई जाएगी राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली, गणेश-लक्ष्मी भी होंगे गोबर निर्मित



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बिछिया।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में नंबर एक पर होने के बावजूद प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता के मामले में हम आधे पर हैं राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद ने इस साल पूरे देश की दीवाली को गौ-माता के रंग में रंगने का निर्णय किया है इसके तहत इस साल दीपावली पर गाय के गोबर से निर्मित दीयों को जलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद का लक्ष्य है कि देश के 11 करोड़ परिवारों के माध्यम से इस वर्ष 33 करोड़ गोबर के दीपक जलाए जाएं इसके लिए लाखों परिवारों के माध्यम से गाय के गोबर से दीपकों का निर्माण किया जा रहा है इसके पहले संस्था ने गोमय गणेश अभियान की शुरुआत की थी जो काफी सफल रही थी इसी को देखते हुए संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली मनाने की योजना बनाई है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बुधवार को इस अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गायों से जुड़े उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें बेचने को प्रोत्साहन देने के लिए संस्था लगातार काम कर रही है। इससे देश के गौपालकों के जीवन में भारी परिवर्तन लाया जा सकता है उन्होंने कहा कि भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में नंबर एक पर होने के बावजूद प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता के मामले में हम आधे पर हैं उन्होंने कहा कि गाय हमारे किसानों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है बदले समय में बैलों की उपयोगिता कम हो जाने के कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन अगर गौ-उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें उपयोग में लाया जाए तो इससे न सिर्फ वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी।

## कन्नौज से चलकर शौर्य जागरण यात्रा बिल्हौर ककवन होते हुए रसूलाबाद से कानपुर पहुंचेगी





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में कन्नौज से शौर्य जागरण यात्रा का शुभांरभ होकर बिल्हौर क्षेत्र के गंगुवापुर जय श्री बालाजी कोल्ड स्टोरेज में पहुंची थी जहां दीप प्रज्वलित कर शौर्य जागरण यात्रा का दोबारा सुभारंभ किया गया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा निकालकर बिल्हौर होते हुए ककवन ,रसूलाबाद, चौबेपुर से होते हुए कानपुरनगर पहुंचेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म के प्रति जागरूक कर नवयुवकों को जागरूक करना है यात्रा में हिंदू संगठन के कई पदाधिकारी शामिल रहे है। विहिप के कार्यकारिणी जिलाअध्यक्ष अनुभव शंकर कटियार के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ हुआ था जिसमे शौर्य जागरण यात्रा में प्रांतीय संगठन के पदाधिकारियों का साथ में मौजूद रहे थे। विहिप के कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष अनुभव शंकर कटियार ने बताया की यह यात्रा राष्ट्र के प्रति निकाली जा रही है जिसमे बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे है।

# नेपाल में दूसरे दिन भी विभिन्न इलाकों में जारी रहा कर्फ्यू

- भारत नेपाल सीमावर्ती इलाकों में फंसे नागरिकों को सुरक्षित पहुंचा रहे सुरक्षाकर्मी
- बहराइच के डीएम और एसपी ने एसएसबी कमांडेंट के साथ लिया सीमा सुरक्षा का जायजा

जन एक्सप्रेस। अशोक उपाध्याय/ नबी अहमद







**भारत नेपाल सीमा, बहराइच।** भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बांके जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को भड़की हिंसा के बाद प्रशासन की ओर से कर्फ्यू लगा दिया गया था। नेपालगंज के विभिन्न इलाकों में कर्फ्यू का आदेश आज दूसरे दिन भी जारी रहा। सेना के जवान गस्त करते दिखे। भारत और नेपाल के सरहदी इलाकों में फंसे दोनों देशों के नागरिकों को पहचान पत्र देखकर आज आने-जाने दिया गया। नेपाल के सुरक्षाकर्मी भी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाते दिखाई पड़े। भारतीय क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं से लड़ी खड़ी मालवाहक ट्रकों को भी नेपाल के सुरक्षा कर्मियों ने अपनी निगरानी में गंतव्य तक पहुंचाया। इस बीच नेपाल में बढ़े सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए भारत नेपाल सीमा का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा बुधवार को भारत नेपाल सीमा पर पहुंचे। उन्होंने एसएसबी और पुलिस के जवानों से सीमा क्षेत्र की स्थिति जानी और अधिकारियों से वार्ता की और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसएसबी के कमांडेंट ने दल बल के के साथ सीमा क्षेत्र में पैदल मार्च किया लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। मंगलवार को नेपाल में एक समुदाय ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बंद की घोषणा की थी। इसके बाद बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में बैठक की और वहां से जुलूस के शक्ल में सैकड़ो की तादाद में लोग सड़कों पर झंडा लेकर उत्तर पड़े। इस बीच को शरारती तत्वों ने घर की छतों और गलियों से छुपकर पत्थरबाजी की और कांच की बोतल फेंकी थी। जिसको लेकर प्रदर्शनकारी भड़क गए। दोनों समुदाय के बीच हिंसा का माहौल बन गया। जिस पर काबू पाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया था। लेकिन स्थिति बेकाबू होने के बाद बांके जिला प्रशासन ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा की थी। तत्काल प्रभाव से सेना बुला ली गई और कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्रों में सेना के जवान गस्त करने लगे। अचानक कर्फ्यू लगाने की घोषणा के बाद नेपाल में अफरा तफरी का माहौल बन गया था। नेपाल में फंसे लोग भारतीय इलाकों तो भारतीय क्षेत्र फंसे लोग अपने वतन नेपाल लौटने लगे। लेकिन इस बीच काफी लोग दोनों देशों में फंस गए थे। हर की कर्फ्यू के बाद नेपाल प्रशासन ने हिंसा पर काफी हद तक काबू पा लिया था। लेकिन नेपाल में हुई हिंसा और तनाव को देखते हुए भारतीय क्षेत्र के सुरक्षा कर्मियों को भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भारतीय क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने गलत बढ़ा दी थी। जिससे कि दोनों देशों की खुली सीमा के जरिए अराजक तत्व भारतीय सीमा में प्रवेश न कर सके। नेपाल में कर्फ्यू की घटना के बाद काफी संख्या में आवश्यक वस्तुओं से लेते माल वाहक ट्रक भारतीय क्षेत्र में ही फंसे रह गए। जिससे नेपाल में आवश्यक वस्तुओं का संकट उत्पन्न होने की संभावना बढ़ गई थी। लेकिन बुधवार को नेपाल के सुरक्षाकर्मियों ने भारतीय क्षेत्र में फंसे इन मालवाहक ट्रकों को अपनी निगरानी में गंतव्य तक पहुंचने का कार्य शुरू कर दिया है।

### स्थिति पर नियंत्रण के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक

नेपालगंज के वर्तमान हालात को सामान्य बनाने के सर्वदलीय बैठक डीएम कार्यालय बांके में हो रही है। बांके जिलाधिकारी विपिन कुमार आचार्य के संयोजन में इस बैठक में लुम्बिनी प्रदेश के डीआईजी उमेशराज जोशी, सांसद ध्वल शमशेर राणा, विधायक कृष्णा केसी नमूना, नेपालगंज के मेयर प्रशान्त विष्ट, उपमेयर कमरूद्दीन राई, बांके के एसपी सुशील सिंह राठौर, सशस्त्र के एसपी व अन्य सुरक्षाकर्मी प्रमुख, विभिन्न धर्म के धर्म गुरू मौजूद रहे। बैठक में स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण करने के उपाय पर चर्चा की गई। नागरिकों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना की अपील की गई।

### डीएम व एसपी ने सीमा क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, एसडीम नानपारा अजीत परेश, पुलिस उपाधीक्षक नानपारा राहुल पांडे, प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह, 42 वी वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के साथ रुपईडीहा थाने में बैठक की। सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी के नेतृत्व में सभी अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र और कस्बे का पैदल भ्रमण कर लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### स्थिति तनावपूर्ण परंतु नियंत्रण में कर्फ्यू जारी

पड़ोसी नेपाली जिला बांके के मुख्यालय नेपालगंज में स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। कर्फ्यू यथावत जारी है। बांके जिला प्रशासन कार्यालय के अधिकारी विष्णु साहनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि मंगलवार को कर्फ्यू आदेश के दौरान हुई झड़प में 5 सुरक्षा कर्मी व 17 साधारण लोगो को मिलाकर 22 लोग घायल हुए हैं। उनमें 21 लोगो का प्राथमिक उपचार किया गया है। सभी लोग घर लौट गए हैं। 1 घायल का इलाज नेपालगंज के भेरी अस्पताल में चल रहा है। बांके जिला प्रशासन अपील है कि शांति व व्यवस्था बनाएं रखने के लिए किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया पर न डालें। बांके जिले के एसपी संतोष सिंह राठौर ने एक अपील जारी करते हुए लोगो से शांति बनाए रखने का आग्रह किया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नेपालगंज धार्मिक सहिष्णुता व सद्भाव का शहर है।

### सामान्य हो रही स्थिति

सीमा से लगे नेपाल की जमुना चौकी पुलिस प्रभारी एम एस विष्ठा ने बताया कि स्थिति सामान्य हो रही है। लोगों को पहचान पत्र देखकर मुख्य मार्ग से आने जाने दिया जा रहा है। नेपाल बस पार्क और एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। भारतीय सीमा में खड़े आवश्यक वस्तुओं से लदे मालवाहक ट्रकों को सुरक्षित नेपाल पहुंचा जा रहा है। जिससे कि आवश्यक वस्तुओं का संकट उत्पन्न न हो। दोनों देशों में फंसे नागरिकों को भी पहचान पत्र देखने के बाद आने–जाने दिया जा रहा है।

# आबकारी केस में संजय सिंह के घर ईडी का छापा

- 1000 छापों में कुछ नहीं मिला, लोकसभा चुनाव से पहले और बढ़ेगी छापेमारी : केजरीवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के घर बुधवार सुबह 7 बजे ईडी की टीम पहुंची। यह छापेमारी संजय सिंह के दिल्ली वाले घर में हो रही है। बताया जा रहा है, करीब 7-8 अधिकारी आबकारी नीति केस के सिलसिले में छानबीन कर रहे हैं। आबकारी नीति केस की चार्जशीट में संजय सिंह का भी नाम है। ईडी की कार्रवाई को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा - इस केस में 1000 रेड पड़ चुकी हैं। संजय सिंह के घर पर कुछ नहीं मिलेगा। 2024 के चुनाव आ रहे हैं और वे जानते हैं कि वे हारेंगे। ये उनकी हताशा भरी कोशिशें हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा, ईडी, सीबीआई और जैसी सभी एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी। दिल्ली में बीजेपी ने आप पार्टी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा के कार्यकर्ता अब तो ये स्पष्ट है, केजरीवाल भ्रष्ट है, वाले पोस्टर लेकर सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारियों की मांग है केजरीवाल को सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### विभाग अपना काम कर रहा, हम सहयोग करेंगे

आप सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर उनके पिता का कहना है, विभाग अपना काम कर रहा है, हम उनका सहयोग करेंगे। मैं उस समय का इंतजार करूंगा जब उनको क्लियरेंस मिल जाएगी। इससे पहले 24 मई को इसी केस में संजय सिंह के करीबियों के यहां ईडी ने छापा मारा था। तब संजय सिंह ने कहा था- मैंने ईडी की फर्जी जांच को पूरे देश के सामने उजागर किया। आज मेरे सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घर ईडी ने छापा मारा है। सर्वेश के पिता कैंसर से पीड़ित हैं।

## ईडी की कार्रवाई पर किसने-क्या कहा

### यह एक काल्पनिक घोटाला है : सौरभ भारद्वाज

- दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, यह एक काल्पनिक घोटाला है जिसमें पिछले 15 महीने से छान–बीन चल रही है। कम से कम 1 हजार जगहों पर ईडी और सीबीआई छापेमारी कर चुकी है लेकिन कहीं से भी 1 रुपया बरामद नहीं हुआ।

### अडाणी का मुद्दा उठाया इसलिए छापेमारी, आप

- संजय सिंह के घर ईडी की छापेमारी को लेकर आम आदमी पार्टी ने कहा – संजय सिंह अडानी के मुद्दे पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं और इसी वजह से उनके आवास पर छापेमारी की जा रही है। केंद्रीय एजेंसियों को पहले भी कुछ नहीं मिला और आज भी कुछ नहीं मिलेगा।

### यह तानाशाही की हद है : संजय राउत सांसद

- शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, संजय सिंह सांसद हैं और निर्भय पत्रकार रहे हैं। उनके घर में छापेमारी हो रही है। हमारे ऊपर छापेमारी होती है, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड में होती है लेकिन गुजरात, मध्य प्रदेश, असम और अन्य जहां उनकी (भाजपा) सरकार है उधर छापेमारी क्यों नहीं होती?

### बीजेपी भय–आतंक का माहौल बना रही : प्रमोद, कांग्रेस नेता

- कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, यह सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर जोर–जबरदस्ती, दमन, भय और आतंक का माहौल पत्रकारों के खिलाफ और उन नेताओं के खिलाफ कायम करना चाहती है जो विरोधी दल के है, विशेषकर जो इंडिया गठबंधन से जुड़े हैं। जिस तरह संजय सिंह के यहां छापेमारी हो रही है वह निंदनीय है।

### जनवरी में ईडी की चार्जशीट में जुड़ा था संजय सिंह का नाम

इसी साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। इसको लेकर संजय सिंह ने काफी हंगामा मचाया था। दरअसल मई में संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। जिस पर ईडी ने जवाब दिया कि, हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। जिसके बाद ईडी ने संजय सिंह को मीडिया में बयानबाजी न करने की सलाह दी थी, क्योंकि मामला कोर्ट में लंबित है।

### संजय सिंह पर क्या है आरोप

ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र है। इसको लेकर ही ईडी बुधवार को उनके घर पहुंची और उनसे पूछताछ कर रही है। दिल्ली शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 2 मई को जारी की गई थी। जिसमें में आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा का भी नाम सामने आया था। हालांकि, उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है।

# ईडी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार बदला लेने की नीयत न रखें, आपसे निष्पक्षता की उम्मीद, कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में दो अरेस्ट कैंसिल कीं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को फटकार लगाते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के दो मामलों में अरेस्ट को कैंसिल कर दिया। जस्टिस ए एस बोपन्ना और संजय कुमार की बेंच ने कहा कि जांच एजेंसी को पूरी निष्पक्षता के साथ काम करना चाहिए और बदला लेने की प्रवृत्ति रखने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने ये बात मंगलवार को गुरुग्राम के एक रियल्टी ग्रुप रूछरू के डायरेक्टर्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। कोर्ट ने कहा कि उम्मीद की जाती है कि ईडी का हर एक्शन पारदर्शी, ईमानदार और कार्रवाई के सबसे ऊंचे और पुराने स्तर के मुताबिक होगा। हालांकि इस केस में तथ्य बताते हैं कि एजेंसी अपनी जिम्मेदारी निभाने और अपनी शक्ति का सही इस्तेमाल करने में नाकाम रही है। जिस केस में बसंत और पंकज बंसल को गिरफ्तार किया गया, वह हरियाणा पुलिस के एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से दाखिल की गई एफआईआर से जुड़ा था। हरियाणा पुलिस ने अप्रैल में ईडी और सीबीआई के मामलों की सुनवाई करने वाले पूर्व स्पेशल जज सुधीर परमार (जो तब पंचकुला में पोस्टेड थे), उनके भतीजे और एम3एम ग्रुप के तीसरे डायरेक्टर रूप कुमार बंसल के खिलाफ ये एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर के मुताबिक, ईडी ने लिखा कि हमें भरोसमंद जानकारी मिली है कि परमार ने कथित रूप से ईडी और सीबीआई केस के आरोपी रूप कुमार बंसल, उसके भाई बसंत बंसल और रियल एस्टेट फर्म इस्रो के मालिक ललित गोयल को फायदा पहुंचाया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से केस दर्ज होने के बाद पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने परमार को सस्पेंड कर दिया था।

### ईडी ने एक केस में पूछताछ की, दूसरे में गिरफ्तार किया

कोर्ट के आदेश की कॉपी बुधवार को जारी की गई। इसके मुताबिक, कोर्ट ने टिप्पणी की कि बसंत और पंकज बंसल को 14 जून को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया गया था, जबकि ईडी की तरफ से रजिस्टर किए गए किसी और केस में दोनों को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। बसंत और पंकज बंसल ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके अपने अरेस्ट को चुनौती दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दोनों ने 20 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 11 सितंबर को सुनवाई पूरी करके आदेश सुरक्षित रख लिया। आरोपी अगर जवाब न दे पाए, तो ये गिरफ्तार करने के लिए काफी नहीं है आरोपियों से जो सवाल पूछे गए, अगर वे उनका जवाब नहीं दे पाते हैं, तो ये उन्हें गिरफ्तार करने के लिए काफी नहीं है। जिस व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया गया है, उससे ये उम्मीद रखना कि वह गुनाह कबूल लेगा, इसका ईडी को कोई अधिकार नहीं है।

## न्यूजक्लिक फाउंडर और एचआर हेड सात दिन की रिमांड में

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर की रात न्यूजक्लिक वेबसाइट के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। 4 अक्टूबर की सुबह उन्हें 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस ने सुबह 30 से ज्यादा लोकेशंस पर छापे मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि मामले में 46 संदिग्धों से पूछताछ की गई, इनमें 37 पुरुष और 9 महिलाओं शामिल हैं। पुरुषों से दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के दफ्तर और महिलाओं से उनके आवास पर पूछताछ की गई। जिन लोगों से पूछताछ की गई उनमें पत्रकार उर्मिलेश, औनिंद्यो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा के साथ-साथ इतिहासकार सोहेल हाशमी भी शामिल हैं।

## रेलमंत्री ने वंदे–भारत स्लीपर वर्जन कॉन्सेप्ट की तस्वीरें शेयर कीं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में वंदे भारत ट्रेन का स्लीपर वर्जन अगले साल मार्च तक पटरियों पर दौड़ता नजर आ सकता है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 3 अक्टूबर की रात 9:44 पर सोशल मीडिया पर इस ट्रेन के कॉन्सेप्ट की 7 तस्वीरें शेयर कीं। साथ ही कैप्शन में लिखा- वंदे भारत का स्लीपर वर्जन जल्द ही आ रहा है... 2024 की शुरुआत में। वर्ल्ड क्लास फीचर वाले एसी-टू और एसी-थ्री टियर कोच में रूफ लाइटिंग और बर्थ में चढ़ने के लिए 5 स्टेप वाली सीढ़ी भी होगी। संभावना है कि अगले साल 10 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलेंगी। देश में अभी चेयरकार सुविधा वाली वंदे भारत चल रही है। रेलवे की योजना अब राजधानी एक्सप्रेस के रूट पर वंदे भारत ट्रेन को चलाने की है। ऐसे में यात्रियों को रात में आराम देने के लिए स्लीपर कोच देना जरूरी है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के जनरल मैनेजर बीजी माल्या ने शनिवार 16 सितंबर को बताया था कि इसी फाइनेंशियल ईयर यानी 2023-24 के दौरान वंदे का स्लीपर वर्जन लॉन्च किया जाएगा। साथ ही वंदे मेट्रो भी इसी फाइनेंशियल ईयर में लॉन्च की जा सकती है। माल्या ने बताया कि अभी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन को बनाया जा रहा है और इसे मार्च 2024 में लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही वंदे मेट्रो का भी प्रोडक्शन चल रहा है।

### अक्टूबर में वंदे भारत नॉन एसी ट्रेन लॉन्च होगी

माल्या ने बताया कि वंदे भारत का एक नॉन एसी ट्रेन वर्जन भी लॉन्च करने की योजना है। इस साल 31 अक्टूबर से पहले इसे लॉन्च किया जाएगा। यह एक नॉन–एसी पुश–पुल ट्रेन होगी, जिसमें 22 कोच और इसके दोनों तरफ एक–एक लोकोमोटिव यानी इंजन होगा।

## लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू–राबड़ी और तेजस्वी को जमानत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट से मामले में लालू, तेजस्वी, राबड़ी देवी को जमानत मिल गई है। 50 हजार के मुचलके पर सभी को नियमित जमानत दी गई है। अब 16 अक्टूबर को इस मामले में सुनवाई होगी। इस दिन से मामले में सुनवाई शुरू की जाएगी। सीबीआई ने जमानत का विरोध कर हुए कहा था कि सभी आरोपी बड़े पद पर हैं। ये केस को प्रभावित कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि हमें ऐसा कुछ नहीं लगता। लालू, राबड़ी और तेजस्वी के साथ मीसा भारती भी कोर्ट पहुंची थीं। इधर, दिल्ली पहुंचने पर लालू यादव ने कहा था कि सुनवाई होती रहती हैं...हमने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिससे हमें डरना पड़े। तेजस्वी यादव का भी बयान सामने आया है उन्होंने कहा कि मोदी जी के राज में जो सच बोलेगा उसके ऊपर तो कार्रवाई होती ही है...ये एजेंसियों और पुलिस का दुरुपयोग कर रहे हैं। दरअसल, 22 सितंबर को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव समेत 17 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया था। सभी को 4 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने को कहा था। लैंड फॉर जॉब्स केस में कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर चार्जशीट भी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। उनके खिलाफ भी केस चलेगा। सीबीआई ने पहली बार बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि ये कोई पहला और आखिरी मामला नहीं है। ये सब चलता रहेगा। हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। इन सब मामलों में कोई दम नहीं है। सुशील मोदी ने कहा है कि लैंड फॉर जॉब्स केस में कोई बच नहीं पाएगा।

# अरुणाचल, अक्साई चिन कानूनन हमारा हिस्सा : चीन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपने नक्शे में दिखाने वाला चीन अब अपनी हरकत को जायज भी ठहरा रहा है। उसने इसे सामान्य बात बताया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने बुधवार 30 अगस्त को कहा कि चीन के नक्शे का 2023 एडिशन जारी करना सामान्य प्रक्रिया है। यह नक्शा चीन की संप्रुभता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। यह हिस्सा कानूनन हमारा है। उनके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष (भारत) इस मुद्दे पर शांत रहेगा और इस पर ज्यादा बात करने से बचेगा। चीन ने 28 अगस्त को अपना ऑफिशियल मैप जारी किया था। इसमें भारत के अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चीन, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को अपने क्षेत्र में दिखाया था। चीन के सरकारी न्यूज पेपर ने एक्स एप पर दोपहर 3ः47 बजे नया मैप पोस्ट किया था। इस पर भारत के विदेश मंत्री ने कहा था कि चीन की यह पुरानी आदत है। उनके दावों से कुछ नहीं होता।

### विदेश मंत्री ने कहा था– चीन पहले भी ऐसे दावे करता रहा है

विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के इलाकों को अपना बताने के चीन के दावे को सिरे से खारिज कर दिया था। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था– चीन ने नक्शे में जिन इलाकों को अपना बताया है, वो उनके नहीं हैं। ऐसा करना चीन की पुरानी आदत है। उन्होंने कहा– अक्साई चिन और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है। पहले भी चीन भारत के हिस्सों के लेकर नक्शे निकालता रहा है। उसके दावों से कुछ नहीं होता। हमारी सरकार का रुख साफ है। बेकार के दावों से ऐसा नहीं हो जाता कि किसी और के इलाके आपके हो जाएंगे।

### कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, चीन का दावा बेतुका

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी चीन के दावे को बेतुका बताया था। तिवारी ने कहा था– चीनी मैप मानक मानचित्र नहीं हैं। ये चीन–भारत सीमा विवाद के इतिहास से मेल नहीं खाते। ऐसे में चीन का दावा बेतुका है। आज असली मुद्दा यह है चीनियों ने थिएटर स्तर पर कई बिंदुओं पर वास्तविक नियंत्रण रेखा का उल्लंघन किया है। तिवारी ने कहा था– सितंबर में होने वाले जी 20 मीटिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग आ रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में सरकार को गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करना चाहिए कि क्या जिनपिंग की मेजबानी करना भारत के स्वाभिमान के अनुरूप होगा। चीन ने एलएसी के साथ 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे खाली करने की जरूरत है। संक्षेप में कहें तो, चीनी मानचित्र बेतुके हैं।

### चीन ने अप्रैल में अरुणाचल के 11 जगहों के नाम बदले थे

इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था– हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)